रांची, रविवार | 05 अक्टूबर 2025 | वर्ष-26, अंक-241, पृष्ठ-12 | आश्विन शुक्ल पक्ष 13, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

मूल्य 2 रु.

रवींद्र जडेजा बने 'प्लेयर ऑफ द मैच'

अहमदाबाद टेस्ट

## शतक के बाद रवींद्र जडेजा का 'चौका'

# भारत ने वेस्टइंडीज को पारी और 140 रनों से हराया



**अहमदाबाद (आईएएनएस)।** भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद टेस्ट मैच के तीसरे ही दिन शनिवार को जीत दर्ज कर ली। भारत ने इस मैच को पारी और 140 रन से अपने नाम किया। इसी के साथ मेजबान टीम ने दो मुकाबलों की सीरीज में 1-0 से लीड बना ली है। इस मुकाबले के 'नायक' रवींद्र जडेजा को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। भारत और वेस्टइंडीज के बीच 2 टेस्ट मैचों की सीरीज का अंतिम मैच 10 अक्टूबर से दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा।

अगला टेस्ट मैच 10 से दिल्ली में

## जुरेल ने 125 व राहुल ने 100 रन बनाए

टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम अपनी पहली पारी में सिर्फ 162 रन ही बना सकी। मेहमान टीम के लिए जस्टिन ग्रीव्स ने 48 गेंदों में 32 रन की पारी खेली। भारत की ओर से मोहम्मद सिराज ने 4, जबकि जसप्रीत बुमराह ने 3 विकेट हासिल किए। इसके जवाब में भारत ने अपनी पहली पारी 448/5 के स्कोर पर घोषित की। मेजबान टीम के लिए सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने 100 रन की पारी खेली। इनके अलावा, ध्रुव जुरेल ने 125, जबकि रवींद्र जडेजा ने नाबाद 104 रन बनाए। कप्तान शुभमन गिल ने भारत के खाते में 50 रन का योगदान दिया। वेस्टइंडीज के लिए इस पारी में कप्तान रोस्टन चेज ने 2 विकेट झटके, जबकि जायडेन सील्स, जोमेल वारिकन और खारी पियरे ने एक-एक विकेट लिया। वेस्टइंडीज ने अपनी दूसरी पारी में भी पिछली गलतियों से कोई सबक नहीं लिया। यह टीम महज 146 रन पर ऑलआउट हो गई। इस पारी में एक बार फिर वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद निराशाजनक रही। टीम ने 12 रन पर टैगेनारिन चंद्रपॉल (8) का विकेट गंवा दिया। यहां से विकेटों का पतझड़ लग गया।

शेष पेज 11 पर

## रांची में 30 नवंबर को होगा भारत-द. अफ्रीका वनडे मैच



**रांची।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम (जेएससीए स्टेडियम) में आगामी 30 नवंबर को खेला जाएगा। अक्टूबर 2022 के बाद यह पहला मौका है, जब अंतरराष्ट्रीय वनडे क्रिकेट मैच रांची में खेला जा रहा है। 30 नवंबर 2025 को जेएससीए स्टेडियम में खेला जाने वाला वनडे

शेष पेज 11 पर

### एक नजर

### छत्तीसगढ़ में आईईडी विस्फोट, एक महिला माओवादी घायल

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के मद्देड़ थाना क्षेत्र के बंदेपारा जंगल में माओवादियों द्वारा लगाए गया आईईडी ब्लास्ट हो गया, जिसमें एक महिला माओवादी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल माओवादी का नाम गुज्जा सोढ़ी है, जो पिछले 6-7 वर्षों से मद्देड़ एरिया कमेटी में सक्रिय थी और 12 बोर हथियार की धारक थी। घटना के समय उसके सभी साथी उसके हथियार लेकर उसी वहां छोड़कर जंगल में भाग गए। स्थानीय ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। घायल माओवादी को ग्रामीणों की मदद से प्राथमिक उपचार दिया गया, इसके बाद उसे जिला अस्पताल बीजापुर ले जाया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

### बिहार में कौशल विवि के पहले कुलपति होंगे दीपक आनंद

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बिहार में युवाओं के कौशल विकास को नई दिशा प्रदान करने के लिए राज्य के पहले कौशल विश्वविद्यालय 'जननायक कपूर्री ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय' का उद्घाटन किया। नई दिल्ली के विज्ञान भवन से आयोजित युवा संवाद और कौशल दीक्षांत समारोह को ऑनलाइन संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने इस पहल को बिहार के युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय राज्य के युवाओं को कौशल प्रदान कर उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ाएगा। बिहार सरकार ने इस विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए आवश्यक अधिसूचना जारी कर दी है। श्रम संसाधन विभाग के सचिव दीपक आनंद को विश्वविद्यालय का पहला कुलपति नियुक्त किया गया है।

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत

समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।

संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

## राज्य सरकार के मार्गदर्शन में रांची प्रशासन ने दुर्गा पूजा आयोजन को व्यवस्थित रखा, कहा

# दुर्गापूजा का आयोजन हमारी एकता और समर्पण का प्रतीक

### कहा, भविष्य में भी सामूहिक प्रयासों से उत्सवों को और बेहतर बनाएंगे

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** राज्य सरकार के मार्गदर्शन में रांची जिला प्रशासन ने दुगार्पूजा 2025 के आयोजन को भव्य, व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए अपनी सक्रियता और समर्पण के साथ काम किया। इस पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था, सुरक्षा और जनसुविधाओं के लिए व्यापक इंतजाम किए गए थे। इसके परिणामस्वरूप यह आयोजन न केवल भक्तिमय रहा, बल्कि पूरी तरह से सुरक्षित और सुव्यवस्थित भी रहा। रांची जिला प्रशासन ने इस आयोजन की सफलता का श्रेय सभी पूजा आयोजन समितियों, सर्वधर्म केंद्रीय शांति समिति, मीडिया और समाज के प्रबुद्ध व्यक्तियों को दिया है। प्रशासन ने कहा कि उनके सक्रिय सहयोग और समन्वय के बिना इतना भव्य और सुव्यवस्थित आयोजन संभव नहीं था। प्रशासन ने सभी लोगों को हार्दिक बधाई और आभार व्यक्त किया है।

रांची जिला प्रशासन ने कहा, दुगार्पूजा 2025 का आयोजन हमारी एकता, समर्पण और सामुदायिक भावना का प्रतीक है। हम सभी के सहयोग से इस पर्व को न केवल भक्तिमय, बल्कि सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने में सफल रहे। भविष्य में भी हम इसी तरह के सामूहिक प्रयासों के साथ उत्सवों को और बेहतर बनाएंगे। जिला प्रशासन ने कहा कि वह भविष्य में भी सभी धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों को इसी तरह की उत्कृष्ट व्यवस्था के साथ संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

### प्रशासन ने सभी सहयोगियों को हार्दिक बधाई और आभार व्यक्त किया



### दुर्गा पूजा के दौरान जिला प्रशासन की व्यवस्था

1. **विधि-व्यवस्था और सुरक्षा :** जिला प्रशासन ने पूजा पंडालों और प्रमुख स्थानों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और मजिस्ट्रेट तैनात किए। सीसीटीवी मॉनीटरिंग के माध्यम से निरंतर निगरानी सुनिश्चित की गई, जिससे किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सका।
2. **पंडालों में सुविधाएं :** रांची के सभी पूजा पंडालों में बिजली, पानी, और साफ-सफाई की उत्तम व्यवस्था की गई। भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष उपाय किए गए, जिससे श्रद्धालुओं को दर्शन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।
3. **प्रभावी ट्रैफिक व्यवस्था :** त्योहार के दौरान सड़कों पर यातायात को सुचारु रखने के लिए रांची में प्रभावी ट्रैफिक प्रबंधन किया गया। इससे श्रद्धालुओं और आम जनता को आवागमन में सहूलियत हुई।
4. **मूर्ति विसर्जन :** मूर्ति विसर्जन के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल और मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी। विसर्जन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया गया।
5. **स्वच्छता :** जिला प्रशासन द्वारा पूजा स्थलों और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए विशेष सफाई अभियान चलाए गए थे। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए भी कई कदम उठाए गए।

### धार्मिक आयोजनों में जनसुविधाओं का ध्यान रखती है हेमंत सरकार



हेमंत सोरेन सरकार सभी धर्मों के प्रति एक भाव से रखती है और सभी धर्मों का आदर करती है। साथ ही, सरकार से स्पष्ट निर्देश है कि धार्मिक आयोजनों के दौरान सुरक्षा और जनसुविधाओं का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्वयं धर्मिक कार्यक्रमों में उत्साह से भाग लेते हैं।

शेष पेज 11 पर

## भारत को नीचा दिखाने के लिए नकवी को स्वर्ण पदक मिलेगा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** एशिया कप क्रिकेट में फाइनल में जीत के बाद भारत को मिलने वाली ट्रॉफी अपने साथ ले जाने वाले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख और एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी को पाकिस्तान सम्मानित करने जा रहा है। मोहसिन नकवी को शहीद जुल्फिकार अली भुट्टो उत्कृष्टता स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा। ज्ञात हो कि मोहसिन नकवी पाकिस्तान सरकार में मंत्री भी हैं। वे एशिया कप फाइनल के बाद के समारोह के दौरान सुर्खियों में आए थे, जब भारतीय खिलाड़ियों ने उनसे ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। आयोजकों ने एशिया कप फाइनल के दौरान ट्रॉफी सौंपने को लेकर हुए विवाद में उनके सैद्धांतिक और साहसी रुख को इस सम्मान का आधार बताया है। द इंडिपेंडेंट की एक रिपोर्ट के अनुसार, सिंध और कराची बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट गुलाम अब्बास जमाल ने यह घोषणा की है। जमाल ने कहा कि भारत के साथ बढ़ते राजनीतिक और खेल तनाव के समय नकवी के स्टैंड से देश का गौरव बहाल हुआ है।

## गिरिडीह में जमीन विवाद में दो पक्षों में हुई हिंसक झड़प

- आधा दर्जन से अधिक घायल, दोनों पक्षों ने थाने में दिया आवेदन

नवीन मेल डेस्क

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के देवरी थाना क्षेत्र के भोजपुरो गांव में जमीन विवाद में शनिवार को दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से ईंट-पत्थर और लाठी-डंडे चलने लगे। इस घटना में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों को तुरंत स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, घटना के संबंध में माला देवी ने देवरी थाने में राजेश यादव सहित आठ लोगों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए आवेदन दिया है। वहीं, दूसरे पक्ष से राजेश यादव ने भी थाने में शिकायत दर्ज कराई है। सूचना मिलते ही देवरी थाने के थाना प्रभारी सोनू कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। थाना प्रभारी के अनुसार, यह मारपीट जमीन विवाद के कारण हुई थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराया और दोनों पक्षों से आवेदन लिया है। पुलिस आवेदनों के आधार पर जांच-पड़ताल कर रही है। फिलहाल गांव में स्थिति सामान्य है। फिर भी पुलिस किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए लगातार निगरानी बनाए हुए है।

## राजधानी में साउथ एशियन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 24 अक्टूबर से

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** राजधानी रांची के बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में 24 से 26 अक्टूबर 2025 तक साउथ एशियन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। इसमें भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान और मालदीव के एथलीट भाग लेंगे। पाकिस्तान की भागीदारी पर स्थिति अभी स्पष्ट नहीं है। ज्ञात हो कि आयोजन की तारीख पहले अप्रैल-मई तय की गई थी। लेकिन, कतिपय कारणों से इसे अब अक्टूबर में कराने का निर्णय लिया गया है। एएफआई की वित्त कमेटी के अध्यक्ष मधुकांत पाठक के अनुसार, पाकिस्तान को लेकर अंतिम निर्णय उसी देश की सहमति पर निर्भर करेगा। बाकी सभी देशों से सहमति मिल चुकी है। विदेश मंत्रालय ने भी पाकिस्तान टीम की संभावित भागीदारी पर हरी झंडी दे दी है। यह आयोजन वर्ल्ड एथलेटिक्स की 'डी' कैटेगरी मीट में शामिल है, जो खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग और योग्यता सुधारने का बड़ा मंच बनेगा। विशेषज्ञों के अनुसार, इस प्रतियोगिता से न केवल झारखंड, बल्कि पूरे भारत को लाभ होगा। इससे घरेलू मैदान पर ही भारतीय खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव मिलेगा।



तीन दिवसीय चैंपियनशिप में भाग लेंगे छह देशों के खिलाड़ी

अंतरराष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता से झारखंड के खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा और उन्हें विश्वस्तरीय खिलाड़ियों से सीखने का मौका मिलेगा। ज्ञात हो कि रांची पहले ईस्ट जोन जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप और 64वीं नेशनल ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी कर चुका है।

### 'नवरंग' फेम अभिनेत्री संध्या शांताराम का निधन

**मुंबई ।** बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री और वी. शांताराम की तीसरी पत्नी संध्या शांताराम का निधन हो गया है। उन्होंने 87 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। वह अभिनय के साथ ही अपने डांस के लिए भी जानी जाती थी। उन्हें 'झनक झनक पायल बाजे', 'दो आंखें बारह हाथ', 'नवरंग', 'पिंजरा' और 'अमर भूपाली' जैसी फिल्मों के लिए आज भी याद किया जाता है। बताया जा रहा है कि संध्या शांताराम का अंतिम संस्कार शनिवार को शिवाजी पार्क स्थित वैकुंठ धाम में किया गया।



## गोमिया की पलीहारी गुरुडीह पंचायत की महिला मुखिया दो दिनों से लापता

नवीन मेल डेस्क

**रांची/बोकारो।** बोकारो के गोमिया प्रखंड से सबसे कम उम्र में पंचायत की मुखिया बनकर जिले में चर्चा में आईं सपना कुमारी पिछले दो दिनों से लापता हैं। पलीहारी गुरुडीह पंचायत की मुखिया सपना दो अक्टूबर की दोपहर से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई हैं। विजयादशमी के दौरान मुखिया के अचानक लापता होने की खबर से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। इधर, पुलिस ने मामला दर्ज कर लापता मुखिया की तलाश शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार, वे किसी निजी कार्य से घर से निकली थीं, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटीं। देर रात तक खोजबीन और रिश्तेदारों से पूछताछ के बावजूद कोई जानकारी नहीं मिलने पर उनके पति ने गोमिया थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। सपना कुमारी वर्ष 2022 के पंचायत चुनाव में पहली बार राजनीति में उतरीं और रिकॉर्ड मतों से जीतकर प्रखंड की सबसे कम उम्र की मुखिया बनीं। उन्होंने अपने शुरुआती कार्यकाल में विकास योजनाओं और पंचायत की सक्रिय भागीदारी से लोगों का विश्वास जीता, लेकिन समय बीतने के साथ उनकी राजनीतिक सक्रियता में गिरावट दिखाई पड़ी। फिर भी वह गांव की चर्चित हस्ती रहीं। गोमिया थाना प्रभारी रवि कुमार के अनुसार, मुखिया के परिजनों ने इस संबंध में आवेदन दिया है। आवेदन में कहा गया है कि 2 अक्टूबर 2025 को बिना कुछ बताए घर से सपना देवी गई हैं। हम लोगों ने काफी खोजबीन भी की, लेकिन वे नहीं मिलीं। उनका मोबाइल भी स्विच ऑफ आ रहा है। पुलिस का कहना है आसपास के क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।



पुलिस ने दर्ज किया मामला मुखिया सपना कुमारी की तलाश जारी

इंडिया

## दशहरा मरण उत्सव नहीं और रावण की जाति का वध नहीं, वृति का वध होता है

महापुरुषों की तरह राजनीति और सोशल मीडिया ने त्योहारों को भी बांटना शुरू कर दिया है जिसके अनुसार दशहरा मरणोत्सव है। यदि यह मरण का उत्सव है तो प्रश्न है कि इसे बुराई पर अच्छाई की विजय के उल्लास के रूप में मनाने की परंपरा हमारे पूर्वज क्यों स्थापित कर गए? रावण के पुतले का दहन एक रूढ़ि नहीं है, सोच है, वृति है,वह चिंतन है, जो छल, छद्म, पाखंड, अपारदर्शिता, अहंकार, अमर्ष और अनुदारता, वैमनस्य, ईर्ष्या, कलुष और विभेद के ऊपर विजय का प्रतीक है। आश्विन शुक्ल दशमी को तारा उदय होने के समय 'विजय' नामक मुहूर्त होता है तथा इस मुहूर्त में चूंकि सभी कार्यों की सिद्धि होती है, इसलिए इसे विजयदशमी कहते हैं।यह शक्ति की आराधना का भी पर्व है। आदि शक्ति की इस दिन पूरे भाव के साथ आराधना होती है तथा इस आस्था के मूर्तिरूप को सदैव जीवंत बने रहने के लिए विसर्जित किया जाता है। नए कार्य आरंभ किए जाते हैं, शस्त्र पूजा की जाती है। कहा जाता है कि इस दिन शिवाजी महाराज ने औरंगजेब पर विजय के लिए प्रस्थान किया था। यह राजाओं द्वारा युद्ध के लिए प्रस्थान करने का आदर्श दिन माना जाता था।प्रायः समूचे भारत में संध्या के समय रावण दहन होता है और शमी वृक्ष के पत्ते सोने के रूप में तथा ज्वार की पत्तियां चांदी के रूप में रावण दहन के पश्चात लाई जाती हैं तथा भगवान के समक्ष रखने के बाद उनका एक-दूसरे के बीच आदान-प्रदान किया जाता है। दशहरा, पारंपरिक रूप से मनाई जाने वाली रामलीला का महत्वपूर्ण अंग है, जिसकी जड़ें प्राचीन भारतीय महाकाव्य रामायण में हैं, जिसे महर्षि वाल्मीकि ने लगभग 500 ईसा पूर्व रचा था। रामायण की कथा, वाचिक परंपरा में निरंतर रही तथा मध्यकाल में उसका नाटकीय रूप विकसित हुआ। सोलहवीं सदी में जब गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस की रचना की, तब रामलीला की परंपरा प्रचलित हुई । वर्ष 2008 में यूनेस्को ने रामलीला को 'मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर' घोषित किया है।हिमाचल प्रदेश का कुल्लू के दशहरे में 100 से अधिक देवी-देवता अपने मुख्य देवता रघुनाथजी का पूजन करते हैं। मैसूर में दशहरा पर्व मनाने की शुरुआत 15वीं सदी में विजयनगर साम्राज्य के शासकों ने की थी। सजे-धजे हाथियों का जुलूस देखने विश्व भर से पर्यटक आते हैं। कुल्लू की तरह बस्तर का दशहरा भी बहुत प्रसिद्ध है। यहां इसे राम की रावण पर विजय के रूप में नहीं मनाते। यह मां दंतेश्वरी को समर्पित पर्व है, जो 75 दिन चलता है। पहला दिन 'काछिन गादी' कहलाता है। यह पर्व 15वीं सदी से आरंभ हुआ था।उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में यह पर्व पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जाता है। राजस्थान में भी शस्त्र पूजन कर विजयोत्सव मनाया जाता है। गुजरात में गरबा और दुर्गा आराधना के साथ यह पर्व जुड़ा हुआ है। महाराष्ट्र में 'सिलंगण' के रूप में इसे सामाजिक महोत्सव के रूप में मनाते हैं। बंगाल, असम और ओडिशा में भी इसे दुर्गा पूजा के रूप में मनाते हैं। पंजाब में नए कार्यों को आरंभ करने और फसल कटाई के रूप में भी दशहरे को मनाया जाता है, तमिलनाडु में गोलू और देवी आराधना के रूप में यह पर्व मनाया जाता है। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में दशहरे के समय बथुकम्मा नामक फूलों का त्योहार भी मनाते हैं। ऐतिहासिक रूप से, 14वीं शताब्दी के विजयनगर साम्राज्य में इसे महानवमी के रूप में मनाया जाता था। केरल में शस्त्रों की पूजा और देवी आराधना तो अन्य प्रांतों की भांति होती ही है, लेकिन वहां दशहरे को विद्या आरंभ से जोड़ा जाता है। लोग अपने शस्त्रों के साथ-साथ पुस्तकों की भी पूजा करते हैं।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



एआई जेनरेटेड

## पूर्व महालेखाकार और कांग्रेस नेता बेंजामिन लकड़ा का निधन

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश ने जताया शोक

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** पूर्व महालेखाकार एवं प्रदेश कांग्रेस के वरीय नेता बेंजामिन लकड़ा का शनिवार के अहले सुबह निधन हो गया। उनका इलाज रांची के सेंटेविटा हॉस्पिटल में चल रहा था। उनके निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने कहा कि बेंजामिन लकड़ा के निधन से कांग्रेस परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है। ज्ञात हो कि कई प्रशासनिक पदों पर रहने के बाद महालेखाकार के पद से सेवानिवृत्त होने पर कांग्रेस की नीतियों को आम जनता के बीच ले जाने में उन्होंने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वे कोलेबिरा विधानसभा सीट से दो बार पार्टी के प्रत्याशी रहे थे। वे प्रदेश कांग्रेस में महासचिव के पद पर भी काफी समय तक रहे।



बेंजामिन लकड़ा दो बार कोलेबिरा विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी रहे

## जेईटी परीक्षा के आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई जाए : अभिषेक शुक्ला



**रांची।** अबुआ अधिकार मंच के रांची विवि संयोजक अभिषेक शुक्ला ने शनिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि जेपीएससी द्वारा आयोजित जेईटी (जेट) परीक्षा 2025 के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 6 अक्टूबर 2025 निर्धारित की गई है। किंतु, हजारों छात्र-छात्राओं को समय पर आवश्यक शैक्षणिक प्रमाणपत्र एवं दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने के कारण आवेदन भरने में कठिनाई हो रही है। अनेक विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में छात्रों को अभी तक मूल डिग्री या प्रोविजनल सर्टिफिकेट उपलब्ध नहीं कराया गया है। इसके चलते योग्य अभ्यर्थी आवेदन से वंचित हो सकते हैं। शुक्ला ने आगे कहा कि विगत कुछ दिनों पहले ही अबुआ अधिकार मंच के सदस्यों द्वारा जेपीएससी के अध्यक्ष एवं सदस्यों को छात्र-छात्राओं द्वारा फॉर्म भरने में आ रही परेशानी से अवगत करा दिया गया था और फॉर्म भरने तिथि बढ़ाने की भी मांग की गई थी। परंतु, जेपीएससी द्वारा इस पर अभी तक कोई निर्णय नहीं करना छात्र-छात्राओं के प्रति जेपीएससी की उदासीनता को साफ-साफ दर्शाता है। मंच के सदस्यों ने मांग की कि जेईटी परीक्षा आवेदन की अंतिम तिथि कम से कम 15 दिन बढ़ाई जाए।

### कृषि मंत्री ने 1 करोड़ 30 लाख से ज्यादा की योजना का किया शिलान्यास, कहा

# झारखंड की जनता सरकार की योजनाओं से जुड़कर विकास में भागीदार बने : तिर्की

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** मांडर विधानसभा की जनता के लिए शनिवार का दिन योजनाओं की सौगात के नाम रहा। मांडर विधानसभा क्षेत्र की स्थानीय विधायक सह राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने एक करोड़ 30 लाख से अधिक की योजना का शिलान्यास किया।

कृषि मंत्री ने मांडर प्रखंड में मंदरो से एकलव्य मॉडल स्कूल तक करीब 71 लाख 73 हजार रुपए की लागत से एक किमी लंबी एप्रोच सड़क, इटकी प्रखंड के मौसी बाड़ी में 11 लाख रुपए की लागत से आंगनबाड़ी केंद्र और इटकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में करीब 49 लाख 50 हजार रुपए की राशि से तैयार होने वाले लैब टेस्टिंग यूनिट का शिलान्यास किया गया।

शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राजय की जनता को सरकार की योजनाओं से जुड़कर विकास का भागीदार बनने की जरूरत है। जनता विकास विरोधी ताकतों के झांसे में आकर सरकार की योजनाओं से वंचित रह जाती है, जबकि जरूर योजनाओं के प्रति जागरूकता और उनका अधिक से अधिक लाभ लेने की है।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि विधानसभा की जनता को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करना मेरी प्राथमिकता में है। चाहे एकलव्य मॉडल स्कूल तक एप्रोच सड़क के निर्माण की बात हो या लैब टेस्टिंग यूनिट के निर्माण की, योजना के धरातल पर उतरने से बड़ी आबादी को इसका लाभ मिलेगा। आंगनबाड़ी केंद्र ग्रामीण इलाकों की रीढ़ है।

उन्होंने कहा कि अब इटकी वासियों को बीमारियों से संबंधित जांच के लिए शहर का रुख करने के बजाय लैब तक रास्ता तय कर बेहतर उपचार का लाभ मिलेगा। सरकारी योजनाओं के प्रति जनता की जागरूकता ही विकास का मूल आधार है। सरकारी विभाग में स्वास्थ्य सहिया जैसे कई और कर्मी हैं, जो नायक की भूमिका में हैं। उनके प्रति समाज के लोगों को कृतज्ञता जाहिर करना चाहिए, ताकि विपरीत हालात में भी वो आपके लिए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहें।

कृषि मंत्री ने इस दौरान मंदरो में निर्माणाधीन एकलव्य मॉडल स्कूल का निरीक्षण कर वहां कार्यरत कर्मियों की सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

इस मौके पर जिला परिषद सदस्य परमेश्वर भगत, मांडर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मंगा उरांव, उप प्रमुख मुद्दसिर हक, नसीम अंसारी, माधुरी, बंधु उरांव, बैजू उरांव, इटकी प्रखंड अध्यक्ष रमेश महली, अबुमाज, मंजर, अहमद,इबरार, डॉ. रूपम कुमारी, अंजुम जमाल, उरुज अंसारी, पप्पू हाशमी, शिशु गोप और अजय गोप मौजूद थे।

## कांग्रेस ने झारखंड राज्य में नए जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की

नवीन मेल संवाददाता



**नई दिल्ली/रांची।** संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से एक बड़े संगठनात्मक कदम के तहत, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) ने झारखंड में जिला कांग्रेस समितियों के लिए नए अध्यक्षों की नियुक्ति की घोषणा की।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा अनुमोदित इन नियुक्तियों को शनिवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से औपचारिक रूप दिया गया। यह फेरबदल पार्टी के महत्वाकांक्षी संगठन सृजन अभियान के तहत किया गया है, जो एक राष्ट्रव्यापी पहल है जिसका उद्देश्य कांग्रेस के ढांचे को ज़मीनी स्तर से पुनर्जीवित करना है। अभियान के तहत, एआईसीसी पर्यवेक्षकों ने क्षेत्र का व्यापक दौरा किया और स्थानीय कार्यकर्ताओं से चर्चा करने के बाद विस्तृत रिपोर्ट सौंपी। इन निष्कर्षों के आधार पर वरिष्ठ नेतृत्व के साथ एक-एक कर चर्चा की गई। इसके बाद, जिला-स्तरीय नियुक्तियों को अंतिम रूप दिया गया। कुल 25 जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की गई, जिनमें अनुभवी नेता और उभरते हुए नए चेहरे शामिल हैं।

महत्वपूर्ण नियुक्तियों में दुमका में स्टीफन मरांडी, रांची महानगर में संजय सिंह और जामताड़ा में दीपिका बेसरा का नाम शामिल हैं। दीपिका बेसरा उन कुछ महिलाओं में से एक हैं, जिन्हें जिला नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सूची में मुकुंद दास और संतोष कुमार सिंह का भी नाम है; दोनों को धनबाद के लिए नियुक्त किया गया है, जो प्रमुख शहरी केंद्रों में दोहरी नेतृत्व रणनीति का संकेत देता है।

अन्य नियुक्त सदस्यों में बोकारो के लिए जवाहर लाल मेहता, चतरा के लिए चंद्रदेव गोप, पूर्वी सिंहभूम के लिए परविंदर सिंह, गढ़वा के लिए ई ओबैदुल्लाह हक अंसारी, गिरिडीह के लिए सतीश केडिया, गोड्डा के लिए मोहम्मद याह्या सिद्दीकी, गुमला के लिए राजनील तिग्गा, हजारीबाग के लिए जेपी पटेल, खूंटी के लिए रमेश कुमार, कोडरमा के लिए प्रकाश राजक, लातेहार के लिए कामेश्वर यादव, लोहरदगा के लिए राकेश रोशन, पाकुड़ के लिए बाबूलाल, पलामू के लिए विजय कुमार पाठक, रामगढ़ के लिए राजेश गुप्ता, रांची के लिए अलोक दुबे, साहिबगंज के लिए नरेश कुमार, सरायकेला के लिए राकेश साहू, सिमडेगा के लिए राजू भगत, और पश्चिमी सिंहभूम के लिए सुशील कुमार सिंह शामिल हैं। सभी नव नियुक्त अध्यक्षों से पार्टी की उम्मीद है कि वे आगामी चुनाव चक्र से पहले पार्टी के आधार को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# बाबूलाल मरांडी ने सीआईडी की गतिविधियों पर खड़े किए सवाल, सीएम पर भी साधा निशाना

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपराध जांच विभाग (सीआईडी) की गतिविधियों पर एक बार फिर से सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से हवा हवाई बातें छोड़ कर जांच एजेंसी के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने की बात कही है। बाबूलाल ने सोशल मीडिया एक्स पर शनिवार को लिखा है कि पिछले एक साल में सीआईडी की ओर से की गई रंगदारी और भ्रष्टाचार की सभी गतिविधियों की सार्वजनिक जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके। उन्होंने कहा, हमने बार-बार आपको बताया है, चेतावनी भी दी है कि आपके प्रशासन में भ्रष्टाचार की जड़ें कितनी गहरी हो चुकी हैं? आपका सीआईडी विभाग क्या गुल खिला रहा है? इस विषय में भी कई बार आपको अवगत करा चुके हैं।

बाबूलाल ने कहा कि पिछले साल गुजरात पुलिस की सूचना के बाद धनबाद के बरवाअड्डा में पुलिस ने प्रतिबंधित कफ सिरप का जखीरा जब्त किया था। यह जानते हुए भी कि इसका इस्तेमाल नशे के लिए होता है, इसे धड़ल्ले से बेचा जा रहा था। सीआईडी ने मामले को टेकओवर किया, लेकिन 14 महीने बीत जाने के बाद भी किसी आरोपित की गिरफ्तारी नहीं की। क्या हम इतने लालची हो गए हैं कि बच्चों को भी नहीं छोड़ेंगे?

नेता प्रतिपक्ष ने अपने पोस्ट में लिखा, इस जानलेवा नशे को हमारी युवा पीढ़ी और बच्चों को बेचने की हिम्मत कैसे हुई? पैसों की अंधी भूख ने आपकी जबान पर जो ताला लगाया है, उसे खोलिए, क्योंकि हमारे बच्चों का भविष्य दांव पर लगा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री के साथ-साथ गृह मंत्रालय का दायित्व भी आपके पास है, लेकिन एसीबी तय समय के भीतर चार्जशीट दाखिल नहीं कर रही है। इसी तरह भ्रष्टाचार और आपराधिक मामलों की जांच पड़ताल में सीआईडी की कार्यशैली संदिग्ध रही है। मरांडी ने आगे लिखा है कि चाहे पेपर लीक प्रकरण के आरोपितों को बचाना हो, नशे के कारोबारियों को संरक्षण देना हो या जमीन घोटाला करना हो, सीआईडी सदैव इन गैरकानूनी गतिविधियों में संलिप्त पाई जाती रही है। यही वजह है कि आम जनता के साथ-साथ अब न्यायालय भी सीआईडी की कार्रवाई की विश्वसनीयता पर संदेह करता है।

### बाबूलाल की राजनीति केवल आरोप पत्र बनकर रह गई : झामुमो



**रांची।** झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने भाजपा पर भी झारखंड को कलंकित करने का आरोप लगाया। झामुमो प्रवक्ता विनोद पांडेय ने शनिवार को जारी प्रेस बयान में कहा कि मरांडी की राजनीति अब केवल आरोप पत्र तक सिमट गई है। वे झूठ, अफवाह और सांप्रदायिक तनाव फैलाकर राजनीति में प्रासंगिक बने रहना चाहते हैं, लेकिन झारखंड की जनता उन्हें पूरी तरह नकार चुकी है। पांडेय ने कहा कि भाजपा शासनकाल में झारखंड लूट-खसोट और घोटालों का अड्डा बन गया था, आज वही भाजपा लोकप्रिय हेमंत सरकार को नैतिकता और ईमानदारी का पाठ पढ़ा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि गुमला की घटना को भाजपा नेता जानबूझकर सांप्रदायिक रंग देना चाहते हैं। भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा आरोपी भाजपा है, जिसने कोयला से लेकर जमीन और फर्जी नियुक्तियां तक करके झारखंड को कलंकित किया।झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा ने अपने शासन में युवाओं को बेरोजगारी और पलायन दिया, जबकि हेमंत सरकार छात्रवृत्ति, रोजगार और शिक्षा-स्वास्थ्य पर ठोस पहल कर रही है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि बाबूलाल मरांडी की राजनीति अब सिर्फ नकारात्मकता और सत्ता के लालच तक सीमित है। जनता उन्हें नकार चुकी है और आने वाले दिनों में भाजपा को और भी कड़ा सबक सिखाएगी।

### केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री दो दिवसीय दौरे पर पंजाब में

# भारत सरकार की ओर से बाढ़ पीड़ित क्षेत्र का जायजा ले रहे हैं : संजय सेठ

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भारत सरकार के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ दो दिवसीय दौरे पर पंजाब के फिरोजपुर में है केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए फिरोजपुर जिले के दौरे पर हैं वहां के स्थानीय लोगों की समस्याएं उन्हें होने वाली असुविधा और उनके जरूरत की चीजे को मुहैया कराने के लिए एवं उनकी समस्याओं से अवगत होकर स्थानीय प्रशासन को इसकी उचित समाधान का दिशा निर्देश कर उनकी समस्याओं के समाधान में लगे हुए हैं। इसी के क्रम में आज फिरोजपुर जिले के निजाम दिन वाला, फतेहगढ़, मारू, गोटर बासाया गांव, नरवी गांव, तहसील जरा, सहित कई गांव का दौरा कर रहे हैं। पंजाब में प्राकृतिक विभीषिका के रूप में आई बाढ़ ने बहुत तबाही मचाई। अब जब बाढ़ का पानी उतर रहा है तो धीरे-धीरे जन-जीवन सामान्य हो रहा है। आज यहां कई परिवारों से मिला, उनकी समस्याओं को सुना। सेवा व राहत कार्यों का जायजा लिया। उन्हें यह विश्वास दिलाया कि हर जरूरत में मोदी सरकार उनके साथ खड़ी है। पीएम एक-एक परिवार की चिंता कर रहे हैं। बाढ़ के उपरांत पंजाब में भाजपा और सामाजिक संस्था द्वारा बड़े पैमाने पर सेव कर की जा रही है प्रवास के दौरान सेवा राहत कार्य पर चर्चा की फिरोजपुर के मारतू में स्थानीय नागरिकों की समस्याओं से अवगत हुए इस दौरान सेवा और राहत कार्य में जुटे सेना के अधिकारियों से भी बातचीत कर पूरी स्थिति का जायजा लिया बाढ के दौरान वहां के युवाओं से भी मुलाकात कर युवाओं को कैसे स्वरोजगार उपलब्ध हो इस पर भी चर्चा की मोदी सरकार युवाओं के लिए हर संभव मदद कर रही है। श्री सेठ ने सेना के अधिकारियों से भी सेवा एवं राहत कार्य की पूरी जानकारी ले रहे हैं।



### अमृतसर के स्वर्ण मंदिर पहुंचे संजय सेठ

अमृतसर प्रवास और बाढ़ क्षेत्र का दौरा करने के पहले स्वर्ण मंदिर में माता टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया पंजाब सहित देशवासियों के सुखद जीवन की प्रार्थना की साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं एवं प्रभावित नागरिक एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्वर्ण मंदिर कमेटी के लोगों से मुलाकात की इस अवसर पर जिला के अध्यक्ष सरबजीत सिंह बात डीपी चंदन पूर्व मंत्री मोहित ढल, धर्मेंद्र सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे।

## सीसीएल का नेशनल पीआर कॉन्क्लेव 8-9 अक्टूबर 2025 को




**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) रांची में आगामी 8 एवं 9 अक्टूबर 2025 (बुधवार-गुरुवार) को 'नेशनल पीआर कॉन्क्लेव 2025' का आयोजन करेगा। इसका आयोजन गंगोत्री सभागार, सीसीएल मुख्यालय, रांची में दिन में 10:00 बजे से किया जाएगा। सीसीएंडपीआर के एचओडी आलोक गुप्ता ने कहा कि सीसीएल सदैव सतत विकास और उत्कृष्ट कार्य संस्कृति के लिए प्रतिबद्ध रहा है। इसी क्रम में, 'नेशनल पीआर कॉन्क्लेव 2025' का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय सम्मेलन प्रेरणा, अनुभव-साझा करने और प्रभावी संवाद का बेहतरीन मंच है।

## मंत्री डॉ इरफान ने अख्तर के बच्चों को शिक्षा दिलाने का दिया आश्वासन



**रांची/जामताडा।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी शनिवार को नारायणपुर प्रखंड के बंदरचुआं गांव पहुंचे। यहां उन्होंने अख्तर अंसारी (45) के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बांधाया और हरसंभव सरकारी सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। मौके पर उन्होंने अख्तर के परिवार को आर्थिक सहयोग भी किया। मौके पर मंत्री ने अख्तर के बच्चों की पढ़ाई-लिखाई की जिम्मेदारी उठाने का आश्वासन दिया है। मौके पर स्थानीय निवासी शमशेर अंसारी ने मंत्री के प्रयासों की सराहना की। वहीं ग्राम प्रधान ने कहा कि उनके गांव में मंत्री का आगमन क्षेत्र के विकास के प्रति आशा जगाता है। ग्रामीणों ने कहा कि मंत्री डॉ इरफान अंसारी ही एक ऐसे नेता हैं जो हर दुख-सुख में लोगों के साथ खड़े रहते हैं।

## सीएनजी ऑटो चालक संघ की बैठक आज



**रांची।** परिचालन संबंधी समस्याओं को लेकर सीएनजी ऑटो चालक संघ की बैठक रविवार को होगी। बैठक में राजधानी रांची के धुर्वा और हटिया क्षेत्र में सीएनजी ऑटो चालकों के परिचालन संबंधी समस्याओं को लेकर चर्चा की जाएगी। ऑटो चालकों की बैठक धुर्वा गोलचक्कर मैदान में होगी। यह जानकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में संघ के ऑटो चालकों की वर्दी, आई कार्ड, यात्री पडाव और भाडा सूची को लेकर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

### कांग्रेस नेता राकेश सिन्हा ने किया सवाल

## ऑपरेशन सिंदूर में भारत को कितना हुआ नुकसान?



**रांची।** कांग्रेस नेता राकेश सिन्हा ने सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी के हालिया बयान पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बयान न केवल सेना का बल्कि पूरे देश के गर्व और स्वाभिमान को दर्शाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारतीय सेना की ताकत और पराक्रम पूरी दुनिया ने देखा है। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने मोदी सरकार पर जनता को गुमराह करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हमारी सेना ने पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकवादियों के ठिकानों को सफलतापूर्वक खत्म किया, यह पूरी दुनिया ने देखा है। यह भारतीय सेना की वीरता और साहस को दर्शाता है। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय सेना हमेशा से तारीफों के काबिल रही है और उसकी बहादुरी का कोई मुकाबला नहीं है। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि इस पूरे ऑपरेशन में भारत को कितना नुकसान हुआ। सिन्हा ने कहा कि जब युद्ध होता है तो नुकसान दोनों तरफ होता है, इसलिए हमें यह भी बताना चाहिए कि भारतीय सेना को इस कार्रवाई में कितना नुकसान हुआ।

## भाजपा ही एकमात्र ऐसा संगठन है, जहां कार्यकर्ताओं को मिलता है सम्मान : आदित्य

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची स्थित भाजपा के महानगर कार्यालय में शनिवार को नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान पार्टी कार्यकताओं ने ढोल–नगाड़ा बजाकर, पटाखे छोड़कर और मिठाईयां बांट कर खुशी का इजहार किया। अभिनंदन समारोह के दौरान भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि मुझ जैसा बूथ स्तर पर कार्य करने वाला एक कार्यकर्ता अगर कार्यकारी अध्यक्ष बन सकता है, तो वह भाजपा में ही संभव है। भाजपा ही एक मात्र संगठन है, जहां कार्यकर्ताओं को सम्मान मिलता है। राष्ट्रीय नेतृत्व ने मेरे जैसे कार्यकर्ता पर जो विश्वास जताया है, हम उस विश्वास पर खरा उतरेंगे। उन्होंने संगठन में संघर्ष को याद करते हुए भावुक होकर कहा कि ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करने वाला हर कार्यकर्ता भाजपा में आगे बढ़ सकता है। उन्होंने इस जिम्मेदारी के लिए राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार जताया। झारखंड सरकार पर हमला बोलते हुए आदित्य साहू ने कहा कि राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ हर कार्यकर्ता को सड़क पर उतरना होगा। अभिनंदन समारोह में मुख्य रूप से सीपी सिंह, वरुण साहू, राम कुमार पाहन, पूर्व सत्यनारायण सिंह, मनोज मिश्रा, के.के गुप्ता, बलराम सिंह और जितेंद्र वर्मा के अलावा सुबोध सिंह गुड्डू, लक्ष्मीचंद्र दीक्षित, कमाल खान, कृपा शंकर सिंह सहित सैकड़ों नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे।

**अवैध निर्माण** | भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन को लिखा पत्र

# रैयती जमीन से ताजिया को हटाने व दोषियों पर कार्रवाई की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने बड़ाइक मोहल्ला, गुमला में रूपेश कुमार सिंह की रैयती जमीन में पिछले 23 दिनों से विशेष समुदाय के द्वारा स्थापित ताजिया को हटाने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के संबंध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है।

**नेता प्रतिपक्ष ने अपने पत्र में लिखा है :** अपने पत्र में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विगत 9 सितंबर को मोहम्मद साजिद अख्तर द्वारा रूपेश कुमार सिंह को यह ज्ञात हुआ कि उनकी गुमला शहर के वार्ड नंबर 14 आजाद बस्ती, रजा कॉलोनी स्थित उनकी पैतृक जमीन प्लॉट संख्या 79 रकबा 0.71 एकड़ में खाली परती पड़ी जमीन पर अहमद लेन, आजाद बस्ती, गुमला शहर निवासी मो नसीम, मो तफ़रेज, मो सलीम, मो कादिर, मो नाजिर, मो सरवर आलम, मो जाहिद अंसारी, मो आरिफ अंसारी, मो सुहैल द्वारा लकड़ी, बांस से निर्मित मुहर्रम में घुमाए गए ताजिया को उनके उपर्युक्त जमीन पर ईंट का चबूतरा बनाकर स्थापित कर दिया गया है। इसमें एक नामजद आरोपी मो आरिफ अंसारी झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला गुमला का सचिव है। रूपेश कुमार सिंह ने गुमला थाना में एफआईआर भी दर्ज कराते हुए अवैध जमीन कब्जा और अवैध धार्मिक निर्माण की विधिवत सूचना दी।

दुर्भाग्यजनक स्थिति यह है कि रैयत को घटना की सूचना देने वाले मो साजिद को मुस्लिम समाज के चंद अगुवा लोगों के द्वारा जान से मारने तक की धमकी दी गई, शहर में खून खराबे की बात भी कही गई। अपने पत्र में बाबूलाल मरांडी ने आगे कहा कि स्थिति यह हो गई है कि 23 दिन बीत जाने के बाद भी रैयती जमीन से स्थापित ताजिया को हटाया नहीं गया है। प्रशासन भी मूकदर्शक बना हुआ है। शांति व्यवस्था भंग होने की बात कर ऐसे आराधिक मामलों को तरजीह देने में जुटा हुआ है।



इससे स्पष्ट है कि राज्य सरकार तुष्टीकरण और वोट बैंक के चश्मे से अपराध और अपराधियों को देखती है, कार्रवाई सुनिश्चित करती है। राज्य के विभिन्न स्थानों पर आए दिन घट रही ऐसी सांप्रदायिक तुष्टीकरण की वारदातें जिसका प्रकार भले अलग हो लेकिन भाव सभी का एक ही होता है में लगातार अप्रत्याशित वृद्धि हो रही। अब तो राज्य की बहुसंख्यक हिंदू समाज यह समझने लगा है कि राज्य की सरकार उनकी जमीन, इज्जत आबरू, बहन बेटियों को सुरक्षा प्रदान करने में विफल है।

आम जनता को अहसास हो रहा कि राज्य में बढ़ रही जेहादी मानसिकता जिसमे लव जिहाद, लैंड जिहाद, सभी शामिल हैं ने राज्य सरकार के संरक्षण में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण को बढ़ाया है, जिससे सांप्रदायिक तनाव भी तेजी से बढ़ रहे हैं। क्या राज्य सरकार की पुलिस इतने दबाव में है कि वो सच को सच नहीं कह सकती। अवैध कब्जे का अनुसंधान नहीं कर सकती? अवैध कब्जा करने वालों से पूछ ताछ भी नहीं कर सकती? आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर सकती? तो फिर वर्दी पहनकर उसे लज्जित करने का उसे न तो नैतिक अधिकार है, न संवैधानिक।

मरांडी ने कहा कि मैं राज्य सरकार की पुलिस से भी आग्रह कर रहा हूं कि वे अपनी वर्दी की ताकत को पहचाने, उसे कलंकित मत करें। और कानून को हाथ में लेने का अधिकार किसी को मत दें अन्यथा राज्य को अराजकता की स्थिति में जाने से फिर कोई नहीं रोक सकता। प्रदेश भाजपा ने बार बार राज्य सरकार को आगाह किया है। लेकिन ऐसा लगता है कि पुलिस प्रशासन राज्य सरकार का टूल्किट बन गया। जबकि पुलिस प्रशासन को निष्पक्ष और निर्भीक होना चाहिए। मैं चाहूंगा कि उपर्युक्त अवैध कब्जा की जांच कराकर अविलंब रैयती जमीन को कब्जा मुक्त कराते हुए दोषियों पर मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृति नहीं हो अन्यथा भाजपा पूरे प्रदेश में बड़े आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

## सरकार बेरोजगार युवाओं के साथ कर रही अन्याय : धर्मेंद्र

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** जनता दल (यूनाइटेड) के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र तिवारी ने झारखंड हाई स्कूल शिक्षक नियुक्ति परीक्षा 2016 को लेकर झारखंड सरकार के रवैये पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि झारखंड हाई कोर्ट ने इस परीक्षा में हुई अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का गठन स्वयं किया था, और इसी कमेटी के अध्यक्ष के रूप में सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति एसएन पाठक को नियुक्त किया गया था। धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि न्यायालय के आदेश के बावजूद, जेएसएससी और राज्य सरकार ने इस पूरे मामले में पारदर्शिता नहीं दिखाई। हाल ही में जब हाई कोर्ट ने बचे हुए पदों पर नियुक्ति करने का आदेश दिया, तो युवाओं में नई उम्मीद जगी थी, लेकिन राज्य सरकार द्वारा एलपीए दाखिल कर देना युवाओं की आकांक्षाओं पर गहरा प्रहार है। तिवारी ने कहा कि फैक्ट फाइंडिंग कमेटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति एसएन पाठक द्वारा अंतिम समय में जांच से इनकार करना जनता में निराशा उत्पन्न करता है। उन्होंने कहा कि चूंकि यह कमेटी स्वयं हाईकोर्ट द्वारा गठित की गई थी, इसलिए अब हाईकोर्ट किसी नए योग्य व्यक्ति या पैनल को जांच का कार्य सौंपे, ताकि सच्चाई सामने आ सके। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए था कि वह युवाओं को नौकरी देती और न्यायालय के आदेश का सम्मान करती, परंतु इस सरकार ने इसके विपरीत जाकर भ्रष्टाचारियों को बचाने का प्रयास किया है। यह स्पष्ट रूप से झारखंड के बेरोजगार युवाओं के साथ धोखा और अन्याय है।

### उपायुक्त ने समाहरणालय भवन का किया औचक निरीक्षण, कहा

# अपने दायित्व का निष्ठा के साथ करें निर्वहन : डीसी

- प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और कार्यकुशलता पर जोर
- समाहरणालय परिसर की स्वच्छता व सुविधाओं पर विशेष ध्यान का निर्देश



**नो पार्किंग में खड़े वाहनों का चालान काटा गया**

उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने निरीक्षण क्रम में समाहरणालय परिसर में नो पार्किंग में खड़े सैकड़ों वाहनों का तत्काल चालान काटने का निर्देश जिला परिवहन पदाधिकारी को दिया गया। तत्काल इन सभी वाहनों का चालान कर दिया गया।

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, रांची मंजूनाथ भजंत्री ने शनिवार को समाहरणालय भवन (ब्लॉक ए एवं ब्लॉक बी) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भवन में अवस्थित विभिन्न कार्यालयों, जैसे जिला आपूर्ति कार्यालय, जिला जन संपर्क कार्यालय, जिला समाज कल्याण विभाग, जिला कल्याण कार्यालय, विशिष्ट अनुभाजन कार्यालय, जिला कोषागार कार्यालय, और कार्यालय का निरीक्षण किया। बाकी कार्यालयों में जिला के वरीय पदाधिकारियों ने निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, अपर समाहर्ता रांची, रामनारायण सिंह, अपर जिला दंडाधिकारी विधि-व्यवस्था रांची, राजेश्वर नाथ आलोक एवं जिला के सभी संबंधित वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने सभी कार्यालयों के कर्मचारियों से व्यक्तिगत रूप से उनके उत्तरदायित्व के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी, बायोमेट्रिक रिकॉर्ड, और कार्यालयों में कर्मचारियों के टेबल पर नेम प्लेट (पद नाम सहित) की जांच की। उपायुक्त ने सभी कर्मचारियों को कार्यालय में समय पर उपस्थित होने और अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करने की सख्त हिदायत दी। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि समाहरणालय में आने वाले आम लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना जाए और उनके साथ शालीनता से पेश आया जाए। उन्होंने भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने की बात दोहराई और स्पष्ट किया कि यदि किसी कर्मचारी के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत प्राप्त होती है और जांच में आरोप सिद्ध होते हैं, तो उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन रांची को श्रेष्ठ जिला बनाने के लिए कटिबद्ध है। इसके लिए सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को अपनी सहभागिता निभानी होगी। उन्होंने सभी से कार्यकुशलता, पारदर्शिता और जनसेवा के प्रति समर्पण की अपेक्षा की। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने समाहरणालय भवन और इसके पूरे परिसर में का निरीक्षण करते हुए विशेष साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने परिसर में सुनियोजित पार्किंग व्यवस्था लागू करने, आगंतुकों के लिए बैठने की व्यवस्था, और पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिला प्रशासन, रांची जनता से अपील करते हुए कहा कि किसी भी समस्या या शिकायत के लिए समाहरणालय के संबंधित कार्यालयों से संपर्क करें।

# सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षक अपने अनुभव विभाग के साथ साझा करें : डीसी भजंत्री

- रांची जिले में सेवानिवृत्त हुए सात शिक्षक, मोमेंटो देकर व शाल ओढ़ाकर किया गया सम्मानित
- सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षकों को उनके सेवानिवृत्ति के दिन दिए गए सेवानिवृत्ति के सारे लाभ



**ये शिक्षक हुए सेवानिवृत्त**

1. राजू कुमार उपध्याय, सशि राउमवि गागी, कांके
2. सरोज लकड़ा, सशि रामवि सुकुरहुट्ट, कांके
3. अनिल कुमार, सशि रामवि टांगर, चान्हो
4. विनोद कुमार, सशि रामवि लुंदरी, चान्हो
5. अजय कुमार, सशि रामवि लालगुटुवा, नगड़ी
6. सुमन किस्पोट्टा, सशि संत जोसेफ मध्य विद्यालय हुलहुंडू, नामकुम7. जीवानी बागे, सशि गोस्नर मवि रांची-2

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित कांफ्रेंस कक्ष में शिक्षकों के सेवा निवृत्ति विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने सेवानिवृत्त हुए कुल 07 शिक्षकों को मोमेंटो देकर और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

ज्ञात हो कि इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त हो रहे जिले के शिक्षकों को उनके सेवानिवृत्ति के ही दिन सेवानिवृत्ति के सारे लाभ दे दिए गए।

उपायुक्त ने इस आयोजन में सभी सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षकों को ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज सेवानिवृत्ति के ही दिन रिटायरमेंट बेनिफिट का सारा लाभ दिया जा रहा है, यह बहुत बड़ी बात है। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों से विशेष रूप से कहा कि शिक्षक अपने आप को व्यस्त रखें। उन्होंने सेवानिवृत्त हो रहे सभी शिक्षकों से उनके अनुभव के बारे में एक-एक करके जाना। उन्होंने कहा कि भविष्य में आप शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े रहें। आप अपने अनुभव विभाग के साथ साझा करें, ताकि गुणात्मक सुधार किए जा सकें।

उपायुक्त ने इस कार्यक्रम आयोजन के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक को विशेष धन्यवाद दिया। साथ ही, सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए भगवान से प्रार्थना की और कहा, ईश्वर आपको लंबी उम्र और अच्छा स्वास्थ्य दे। आप सभी को जीवन के अगली कड़ी के लिए शुभकामनाएं। आप सभी नए नए कार्यों में उपलब्धि पाएं।

# डालसा का नालसा योजनाओं पर जागरूकता कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ओरमांझी प्रखंड के गगारी पंचायत भवन में नालसा के तहत डॉन, आशा, जागृति, संवाद और साथी योजनाओं पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन माननीय झालसा के निर्देश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रांची के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर सहायक एलएडीसी सुश्री शिवानी सिंह, पीएलवी शिला तिग्गा, किरण कुमारी, आशीष बैठा, संतोष कुमार, दीपक गंझू, जगमोहन मुंडा, पंचायत भवन के लोग एवं राजा वर्मा उपस्थित थे। सुश्री शिवानी सिंह ने नशा के सेवन, नशीले पदार्थों के दुरुपयोग और उनसे होने वाले खतरों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। साथी योजना पर उन्होंने कहा कि निराश्रित बच्चों की पहचान कर उन्हें मुख्यधारा में लाना उद्देश्य है। आशा अभियान के अंतर्गत ग्रामीणों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रांची की ओर से उपलब्ध सेवाओं की जानकारी दी गई। संवाद योजना के तहत आदिवासियों को उनके अधिकारों के बारे में बताया गया, जबकि जागृति योजना के माध्यम से लोगों को नशा और उससे होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया गया। डॉन योजना पर फोकस करते हुए बताया गया कि नशा न केवल स्वास्थ्य और धन की हानि करता है बल्कि घर-परिवार भी बर्बाद हो जाता है। पीएलवी किरण कुमारी ने अभिभावकों से बच्चों को नशे से दूर रखने की अपील की और कहा कि नशा सीधे मस्तिष्क पर असर डालता है और बच्चों तथा युवाओं को अपराध की ओर ले जाता है। एनडीपीएस एक्ट पर भी जानकारी दी गई। पीएलवी शिला तिग्गा ने बताया कि डालसा, रांची द्वारा समय-समय पर नशा उन्मूलन कार्यक्रम और नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया जाता है, ताकि युवा और बच्चे नशा मुक्त समाज की ओर बढ़ें।



उद्घाटन डॉ. रेणुका ठाकुर ने किया

# मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा का दीपोत्सव मेला शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा का दो दिवसीय दीपोत्सव मेला दिगम्बर जैन भवन, हरमू रोड में आयोजित किया गया। मेले का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. रेणुका ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर किया। मंच संचालन पूर्व अध्यक्ष मीनु अग्रवाल ने किया और डॉ. ठाकुर को मोमेंटो एवं डुपटा देकर सम्मानित किया। डॉ. ठाकुर ने महिलाओं के हुनर और उन्हें समर्थन देने की आवश्यकता पर जोर दिया और समर्पण शाखा की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था महिलाओं के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। अध्यक्ष पूजा अग्रवाल ने स्वागत उद्गार प्रस्तुत किया और सभी स्टालधारकों को शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि घर में हाथों से बनाई गई वस्तुएँ अब मेले में प्रदर्शित होने से महिलाओं को पहचान और आय का स्रोत मिल रहा है। संयोजिका कविता सोमानी ने बताया कि मेले से जो फंड आता है, उसका उपयोग सामाजिक कार्य और जरूरतमंदों की सेवा में किया जाता है। मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने बताया कि दिगम्बर जैन भवन के पहले और दूसरे फ्लोर में लगभग 70 स्टाल लगे हैं। मेले में दीपावली से संबंधित डिज़ाइनर दीये, कैंडल, कपड़े, ज्वैलरी, शादी के सामान, बेडशीट, अचार-पापड़, गिफ्ट आइटम, हैंडमेड समान और भगवान की पोशाक सहित विविध स्टाल लगे हैं। राँची के अलावा कोलकाता, टाटा और धनबाद से भी स्टालधारक आए हैं। शाखा सचिव शुभा अग्रवाल ने सभी राँचीवासियों से अपील की कि वे मेले में आएँ, घूमें, शॉपिंग करें और लजीज फूड का आनंद लें। मेले में फूड स्टॉल भी लगाए गए हैं। पहले ही दिन मेले में लोगों की भीड़ उमड़ी और डेकोरेटेड दीये, कैंडल और कपड़े की खूब खरीदारी हुई।

### राज्य स्तरीय समृद्धि प्रतियोगिता का आयोजन

# 24 जिलों के 48 शिक्षकों ने दिखाई प्रतिभा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में जेसीआरटी, रातू रांची में आज एकदिवसीय राज्य स्तरीय समृद्धि प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में राज्य के 24 जिलों के चयनित दो-दो शिक्षक, कुल 48 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षकों के पठन-पाठन प्रक्रिया में शिक्षण शास्त्र और कला आधारित समेकित विधियों का समावेश कर किसी भी कठिन विषय या सवाल को सरल और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करना था। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने विज्ञान, गणित, समाजशास्त्र, हिंदी, भूगोल सहित विभिन्न विषयों पर आकर्षक प्रस्तुतियां दी, जिनमें शिक्षा के सभी आयामों को दर्शाया गया और शिक्षकों की रचनात्मक और अभिनव प्रतिभा उजागर हुई।

इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के प्रासासी पदाधिकारी श्री सच्चिदानंद दिवेंदु तिग्गा, उपनिदेशक जेसीआरटी बांके बिहारी सिंह, राज्य कार्यक्रम अधिकारी श्री धीरसेन ए सोरेग और समन्वयक समृद्धि चंद्रदेव सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री तिग्गा ने शिक्षकों के समग्र विकास और शिक्षा के स्थायी सुधार के अपने अनुभव साझा किए। विशिष्ट अतिथि बांके बिहारी सिंह ने भी अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि समृद्धि कार्यक्रम शिक्षा क्षेत्र में स्थायी बदलाव लाने में अत्यंत उपयोगी और सराहनीय है। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी श्री धीरसेन ए सोरेग ने बताया कि यह कार्यक्रम पिछले वर्ष से प्रारंभ किया गया है और यह कला उत्सव का हिस्सा है। पिछले वर्ष के दो विजेता शिक्षक राष्ट्रीय स्तर पर भाग ले चुके हैं और इस वर्ष राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के विजेताओं को भी राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, खेलकूद एवं शारीरिक शिक्षा संघ के चंद्रदेव ने किया। निर्णायक मंडली में मोहम्मद सैफुल्लाह आमिर, मणिलाल सौ साव, मिथिलेश कुमार, चिरंजीत नाथ और मनीषा धवन ने निर्णायक भूमिका निभाई।



# विजयदशमी पर श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में शस्त्र पूजन का आयोजन

- नारी शक्ति को 151 तलवार का हुआ वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के तत्वावधान में संत शिरोमणि परमहंस डॉ. सदानंद जी महाराज द्वारा संचालित एम. आर. एस. श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर, पुंदाग रांची में विजय दशमी (दशहरा) के पावन अवसर पर एक भव्य एवं दिव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुजनों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत पुजारी अरविंद पांडे द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण एवं पूरे विधि-विधान के साथ शस्त्र पूजन से हुई, जिसमें परंपरागत अस्त्र-शस्त्रों की विशेष आराधना की गई। शास्त्रों के अनुसार, शस्त्र पूजन आत्मबल, धर्म रक्षा और विजय का प्रतीक माना गया है। इसके उपरांत सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा पाठ और भजन जागरण का आयोजन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

ट्रस्ट के भजन गायक सज्जन पाड़िया और उर्मिला पाड़िया ने प्रभु श्रीराम, हनुमान जी, श्रीकृष्ण एवं मां दुर्गा के भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शहर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. एच.पी. नारायण ने धर्म, सेवा और आत्मबल की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल के तहत 151 महिलाओं को आत्मरक्षा हेतु प्रतीकस्वरूप तलवारें वितरित की गईं। इस पहल को समाज में नारी शक्ति को सशक्त बनाने की दिशा में सराहनीय कदम बताया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल और कोषाध्यक्ष सज्जन पाड़िया ने अपने विचार व्यक्त करते हुए धर्म, सेवा और समाज के प्रति उत्तरदायित्व पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता संजय सर्राफ ने किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि समाज में एकजुटता, आध्यात्मिक जागरूकता और सांस्कृतिक मूल्यों को प्रोत्साहित करने वाला भी सिद्ध हुआ। ट्रस्ट का यह आयोजन आने वाले समय में समाज को धर्म, सेवा और सशक्तिकरण के पथ पर अग्रसर करने के लिए प्रेरित करेगा।

# श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में भव्य श्याम भंडारे का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री श्याम मित्र मंडल ने हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 173वें श्री श्याम भंडारे का भव्य आयोजन किया। भंडारे में 2500 से ज्यादा भक्तजनों ने प्रसाद प्राप्त किया।

श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका, महामंत्री गौरव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मनोज खेतान, उपाध्यक्ष अशोक लड़ियां, निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी, निवर्तमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्यामसुंदर शर्मा, डॉ हरि कृष्ण बुधिया, अरुण कुमार बुधिया, देवेंद्र कुमार बुधिया ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भोग का भजन गायन किया। उन्होंने ठाकुर जी से भोग स्वीकार करने का अनुरोध किया। खाटूनरेश, बजरंगबली, शिव परिवार, लड्डू गोपाल जी, शालिग्राम जी, गरुड़ जी, गुरुजनों का भोग लगाकर महाप्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित किया गया।

जड़िया देवी बुधिया ट्रस्ट के ट्रस्टीगण ने सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को भोग प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारे का समय होते-होते श्री श्याम मंदिर परिसर भक्तों से भर गया था। प्रथम देव श्री गणेश के जयकारों के बीच श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया। श्री श्याम मंदिर में निर्मित प्रसाद में आज के भंडारे में वेजिटेबल पुलाव, आलू, चना दाल, कद्दू लौकी मिक्स सब्जी, केसरिया जलेबी का प्रसाद वितरण किया गया। श्री श्याम भंडारे का प्रसाद मंदिर परिसर में निर्वतमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी की देखरेख में शुद्धता के साथ निर्मित किया गया था। श्री श्याम भंडारे में मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका, महामंत्री गौरव अग्रवाल, जड़िया देवी, बुधिया ट्रस्ट के अध्यक्ष हरि कृष्ण बुधिया, सचिव अरुण कुमार बुधिया, कोषाध्यक्ष देवेंद्र कुमार बुधिया, मंडल के उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, अशोक लड़ियां, कोषाध्यक्ष मनोज खेतान, निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी, निवर्तमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्यामसुंदर शर्मा, राजेश ढांढनीया, अनुज मोदी, कमलेश सावा, वेद भूषण जैन, अंकित कुमार, कृष्णा कुमार, संकेत चौधरी, मनोज खेतावत सहित 50 से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने सहयोग दिया।



2500 से ज्यादा भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया

**शरद पूर्णिमा उत्सव कल**

शरद पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन आगामी सोमवार (6 अक्टूबर) को किया जाएगा। खाटूनरेश को श्वेत बागा पोशाक, श्वेत पुष्पों का भव्य श्रृंगार, श्वेत प्रसाद, श्वेत आभूषण पहनाया जाएगा, जो कि वर्ष में मात्र इसी दिन किया जाता है। रात्रि 9:00 बजे से अखंड ज्योति एवं संगीतमय भजन का दिव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मंडल के सदस्य एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा भजन का कार्यक्रम किया जाएगा। खाटूधाम की परंपरा के अनुसार विशेष भोग अर्पित किए जाएंगे, जो की भक्तों के बीच रात्रि 12:15 बजे से वितरित किया जाएगा। मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका ने सभी श्याम प्रेमियों को इस विशेष दिवस पर मंदिर आने का निमंत्रण दिया है। ये सभी जानकारी मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने दी।



# दुर्गा पूजा उत्सव बहुत ही धूम धाम से मनाया गया

नवीन मेल संवाददाता

**तमाड़।** श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति रायडीह मोड के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा उत्सव बहुत ही धूम धाम से मनाया गया जिसमें भव्य पंडाल के साथ साथ, आकर्षक लाइटिंग , रावण दहन का कार्यक्रम किया गया,इस समिति के 26 वर्ष पूरे होने की खुशी में समिति के सभी पूर्व सदस्यों जिन्होंने इस समिति की नींव रखी थी उन्हें अंग वस्त्र दे कर सम्मानित किया गया साथ साथ जितने भी नवजवान सदस्य उन्हें भी सम्मानित किया गया और सभी के साथ मिल कर माता के विसर्जन के साथ इस साल के दुर्गा पूजा उत्सव का समापन किया गया।महावीर सोनी, सरवन भगत ,बीर सिंह मुंडा, शंकर सोनी्र, गोविंद मुंडा, लक्ष्मी नारायण साहू,भोला सिंह,विवेक गुप्ता ,रितेश गुप्ता, बंटी गुप्ता ,संजीव मुंडा,बुद्धेश्वर मुंडा, गणेश कुम्हार,हेमंत मुंडा, शिबू मुंडा, प्रकाश साहू ,सूर्य नारायण भगत, धनपति स्वासी ,विमल पातर, विष्णु कश्यप, प्रेम गुप्ता ,हिमांशु मुंडा हर्ष गुप्ता, गोलू गुप्ता, राजवीर गुप्ता प्रदीप मुंडा, सतनारायण मुंडा, भोला कुम्हाररवि कुम्हार,,विवेक सिंह ,अभिषेक सिंह, फोनू मुंडारितेश कुम्हार,गौरव मोदक , सौरभ मोदक,हीरा साहू जीवादन कुम्हार, दुर्गा मछुआ, रूपचंद मछुआ, काली कुम्हार, अमन सागर, अमन कुम्हार, अनिल मुंडा,सुखलाल मुंडा, मोहन कुमार, भोला कुम्हार, रामसिंह मुंडा, कार्तिक मुंडा, अजय मुखर्जी,दीपक गुप्ता, महावीर गुप्ता,कृष्ण रजक,राजू गुप्ता, अंकित कुमार गुप्ता शामिल थे।



# श्री राम लला पूजा समिति ने आयोजन की सफलता पर लोगों का आभार प्रकट किया

**रांची।** श्री राम लला पूजा समिति, रांची के सानिध्य में रांची जिला स्कूल में मैदान में श्री दुर्गा पूजा भव्य और विशाल आयोजन किया गया था समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी, सचिव कुणाल अजवानी प्रवक्ता प्रमोद सारस्वत ने बताया समिति द्वारा गुजरात के भुज स्थित स्वामीनारायण मंदिर के प्रारूप का दर्शन श्रद्धालुओ को कराया था। साथ ही माता के विशाल और भव्य स्वरूप का भी दर्शन कराया।

समिति ने झारखंड सहित पांच राज्यो उड़ीसा, छत्तीसगढ़, बिहार, एम पी और बंगाल के श्रद्धालु भक्तों का भी आभार प्रकट किया हैं जिन्होंने लगातार बारिश होने के उपरांत भी पूजा पंडाल में आकर माँ भवानी का दर्शन किया और आशीर्वाद प्राप्त किया । समिति ने भरपूर प्रयास किया कि अच्छे व सुलभ व्यवस्था के द्वारा ज्यादा से ज्यादा लोग पंडाल में आकर माता रानी का दर्शन कर सकें। कई समितियों ने पंडाल के प्रारूप की सराहना की । साथ ही सर्वश्रेस्ठ पुरस्कार सहित प्रथम पुरस्कार से समिति को सम्मानित भी किया। हम सभी धर्म प्रेमियों का माता के भक्तों का झारखंड वासियों का,झारखंड सरकार का, प्रशासनिक अधिकारियों का, ट्रैफिक प्रशासन, नगर निगम प्रशाशक , पारस हॉस्पिटल, जिला स्कूल प्रबंधन समिति सहित प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया कर्मियों का आभार प्रकट करते है। जिनके अथक प्रयास से दशहरा पूजा के कार्यक्रम को सफलता प्राप्त हुई है।

# खलारी में बंगाल के पुजारियों को सम्मानपूर्वक दी गई विदाई



**खलारी।** खलारी के प्रसिद्ध श्रीजानकी रमण मंदिर में मां दुर्गा का पूजन कराने आए पश्चिम बंगाल के पुजारियों को दुर्गा पूजा समिति द्वारा सम्मानपूर्वक विदा किया गया। विदाई समारोह से पूर्व समिति के सदस्यों ने ब्राह्मण परिवार के सभी महिला-पुरूष सदस्यों को वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। मुख्य पुजारी बिस्वरूप गोस्वामी और सपन गोस्वामी ने पांच दिवसीय मां दुर्गा पूजन कार्य को शांति एवं भक्ति भाव से संपन्न कराने के लिए पूजा समिति को साधुवाद दिया। उन्होंने समिति के सभी सदस्यों को आर्शीवाद देते हुए कहा कि पूजा पंडाल के साथ-साथ उनके रहने और अन्य व्यवस्थाओं का भी उत्तम इंतजाम किया गया। समिति के सदस्यों ने खलारी रेलवे स्टेशन पर जाकर ब्राह्मण परिवार एवं ढाक बाजा बजाने वालों को विदा किया। इस अवसर पर प्रियंवदा देवी, अवधेश यादव, बिट्टू सिंह, अजीत सिंह, धीरेन्द्र प्रसाद, दिनेश पांडेय उर्फ घंटू, सोनू सिंह, कन्हैया झा, नगेन्द्रप्रसाद सिन्हा, कुमुद सिंह, पवनराज सिंह बंटी, सूरज वर्मा, संजय कामत, संजय विश्वकर्मा, अजय वर्मा और अरुण यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

# मंदिर से मुकुट चोरी का मामला पुलिस ने सुलझाया चोर गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता




**तमाड़।** थाना क्षेत्र में हुए तीन चोरी के मामलों का खुलासा पुलिस ने कर लिया है. इस संबंध में पुलिस ने मछुवा टोली तमाड़ निवासी राजेन मछुवा के पुत्र कालीचरण मछुवा (19) को गिरफ्तार किया है. डीएसपी ओम प्रकाश ने बताया कि खूंटी रोड स्तिथ पारस मेडिकल दुकान का ताला तोड़ने का प्रयास, खूंटी रोड स्थित विष्णु मंदिर से दो चांदी के मुकुट चोरी करने तथा रवींद्र कुमार गुप्ता के घर से साइकिल चोरी करने का मामला दर्ज हुआ था. बुंडू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ओम प्रकाश के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया. जांच के क्रम में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की गयी. आरोपी को नोटिस के माध्यम से थाना बुला कर पूछताछ की गयी. जहां उसने चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की. उसकी निशानदेही पर दो चांदी के मुकुट, एक साइकिल और ताला तोड़नेवाला लोहे का रॉड बरामद किया गया. डीएसपी ने बताया कि आरोपी से आगे की पूछताछ की जा रही है, ताकि अन्य संभावित चोरी की घटनाओं का भी खुलासा किया जा सके. पुलिस टीम में थाना प्रभारी प्रवीण कुमार, पुअनि शम्भू पंडित, सअनि सुधीर कुमार यादव, सअनि सिरिल सांगा तथा तमाड़ थाना के सशस्त्र बल शामिल थे.

# आदिवासी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने लिया मुड़मा जतरा तैयारी का जायजा

नवीन मेल संवाददाता



**मांडर।** प्रखंड स्थित मुड़मा में आगामी 8 एवं 9 अक्टूबर को लगने वाली ऐतिहासिक मुड़मा जतरा की तैयारी का जायजा लेने शनिवार को मुडमा पहुंचे। आदिवासी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा इस दौरान उन्होंने समिति के लोगों से जतरा के सफल संचालन को लेकर विस्तृत जानकारी हासिल की। समिति द्वारा उन्हें सरकार की ओर से मिलने वाली राशि से उन्हें अवगत कराया गया और बताया की यह राशि इतने बड़े जतरा के संचालन को लेकर बहुत कम है। इस पर मंत्री ने कहा कि जतरा के सफल संचालन को लेकर जितना राशि की अवश्यकता होगी उसे मै अपने विभाग से दूंगा और अगर विभाग से नहीं हुआ तो मै अपने पॉकेट से दूंगा लेकिन जतरा की भव्यता में कोई कमी नहीं आने दूंगा। उन्होंने कहा की की इस जतरा का इतिहास काफ़ी पुराना रहा है, यहाँ साल में एक बार लोग अपने पारम्परिक प्रतीक चिन्हो के साथ जतरा खूंटा शक्ति स्थल पर पहुंचते है। शक्ति स्थल की परिक्रमा नाच गान करते है जिससे आदिवासी परम्परा और संस्कृति जीवंत होती है। आज हम अपनी परम्परा और संस्कृति को भूलते जा रहे है। इस परम्परा को क़ायम रखने के लिए हमें एक जुट होना होगा तभी हम अपनी परम्परा संस्कृति को बरकरार रख सकते है। आज मुडमा जतरा का स्वरूप काफ़ी बड़ा हो चूका है यहाँ देश, विदेश से भी लोग आ रहे है और जगह काफ़ी छोटा पड़ जा रहा है इसके लिए कम से 60 एकड भूमि की अवश्यकता है इसको लेने के लिए हम सबों को आगे आना होगा इसके लिए मै अपने विभाग से पैसा दूंगा इसके लिए समिति को पहल करने की अवश्यकता है। मौक़े पर धर्म गुरु बंधन तिग्गा, भाजपा नेता सन्नी टोप्पो,जगराम उराव, अनिल उराव, रंथू उराव, कमले उराव, वीरेंद्र उराव, विहारी उराव, बिरसा पाहन, बंधन उराव, लछु उराव, सुशीला उराव, सीमा उराव, रेनू उराव, बसन्ति उराव,मनोज उराव,लक्षमण खलखो, जतरू उराव, संगम उराव,अजय भगत, कार्तिक लोहरा, मानिलाल केरकेट्टा सहित चलिसो पड़हा के पहान, महतो, पंभरा,कोटवार उपस्थित थे।

# हुंकार महारैली में भारी संख्या में आदिवासियों के शामिल होने की बनी रणनीति : गीताश्री

**रांची।** कुड़मी-कुरमी जाति के अनुसूचित जनजाति एसटी बनने की मांग के विरोध में आगामी 17 अक्टूबर को आदिवासी हुंकार महारैली की तैयारी को लेकर राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे आदिवासी संगठन, सामाजिक कार्यकर्ता और समाज से जुडे.लोगों की बैठक रांची के सिरोमटोली में शनिवार को हुई। बैठक के बाद प्रेसवार्ता में पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव ने बताया कि इस महारैली में कुड़मी (कुरमी, महतो) जाति के लोगों की ओर से अनुचित तरीके से एसटी बनने की मांग और आंदोलन का जोरदार विरोध करने के लिए सभी जिलों में अभियान चलाकर आदिवासियों के भारी संख्या में शामिल होने की रणनीति बनाई गई।उन्होंने बताया कि कुड़मी (कुरमी-महतो) जाति के लोगों की मांग मूल आदिवासियों के संवैधानिक हक-अधिकारों राजनीतिक प्रतिनिधित्व, मूल आदिवासियों को हाशिए में धकेलने की साज़िश है।

# लापुंग प्रखंड के 22 विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाओं को दिया गया प्रशिक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय लेटे में संपर्क फाउंडेशन के तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर बच्चों की गुणवत्ता युक्त शिक्षा के लिए 22 चयनित मध्य विद्यालयों में संपर्क डिवाइस एवं एलईडी टीवी के माध्यम से विज्ञान सहित अन्य शिक्षकों को बच्चों को पढाऩे का प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर संपर्क फाउंडेशन के जिला समन्वयक अर्नव पराग एवं शांतनु झा ने शिक्षक शिक्षिकाओं को डिवाइस संचालित करने तथा बच्चों को एलईडी के माध्यम से विज्ञान अंग्रेजी एवं गणित सहित हिंदी की कक्षा लेने पढाऩे का तरीका बताया। उन्होंने कहा कि हम बच्चों को जो इनपुट देंगे आउटपुट भी वहीं मिलेगा। धड़ल्ले से अंग्रेजी पढ़ना, लिखना बोलना कठिन होता है लेकिन एलईडी टीवी एवं संपर्क डिवाइस के माध्यम से पढ़ना लिखना बोलना सभी आसान हो सकता है। इसके लिए शिक्षकों को अपना पाठ्यक्रम पूरा करना होगा। रूटीन के अनुसार पढाऩा और सभी शिक्षकों के द्वारा उसे विद्यालयों में क्रियान्वित करना जरूरी है। शांतनु झा ने भी शिक्षक शिक्षिकाओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता युक्त शिक्षा ही संपर्क फाउंडेशन का लक्ष्य है। इस मौके पर मौजूद संकुल साधन सेवियों क्रमशः चन्द्र मोहन ठाकुर, मनोज कुमार साहु, मंटु कुमार साहु तथा सुनील कुमार गुप्ता सहित लाल मिथिलेश कुमार सिंह ने भी संबोधित किया। इस मौके पर राजकीय मध्य विद्यालय लेटे के प्रधान शिक्षक यू.धनेश्वर राव, इग्नासियुस टोपवार, अशोक मंगल खलखो, सूरज प्रसाद सिंह, सुशील कुमार एक्का, रामवृक्ष बैठा, चमरू उरांव, भुवंजय साहु, सागेन होरो, जयश्री देवी, पुष्पा कुमारी, लुसिया केरकेट्टा, संगीता कुमारी, कांति देवी, दीपक केरकेट्टा, महेश्वर प्रजापति, रवि राज पन्ना, राजीव कुमार रंजन, अरविंद कच्छप सहित कई लोग मौके पर मौजूद थे।

# शरद पूर्णिमा एक सांस्कृतिक धार्मिक एवं वैज्ञानिक पर्व: संजय सर्राफ



**रांची।** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग व श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि हर वर्ष आश्विन मास की पूर्णिमा तिथि को शरद पूर्णिमा का त्यौहार मनाया जाता है। इस वर्ष 6 अक्टूबर दिन सोमवार को शरद पूर्णिमा का पर्व मनाया जा रहा है। हिन्दू पंचांग के अनुसार इसे अत्यंत पवित्र एवं फलदायक रात्रि माना जाता है।शरद पूर्णिमा को कोजागरी पूर्णिमा, रास पूर्णिमा तथा लक्ष्मी जयन्ती के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि इस रात्रि को देवी लक्ष्मी धरती पर भ्रमण करती हैं और जो व्यक्ति जागरण करता है व मां लक्ष्मी की आराधना करता है, उस पर मां की विशेष कृपा होती है।पौराणिक कथा के अनुसार, भगवान श्रीकृष्ण ने इसी रात्रि को वृंदावन में गोपियों के साथ महारास किया था, जो भक्ति, प्रेम और अध्यात्म की पराकाष्ठा मानी जाती है।यह तिथि देवी लक्ष्मी की पूजा हेतु विशेष मानी जाती है। इस दिन व्रत रखने, रात्रि जागरण करने एवं खीर का सेवन करने से सुख-समृद्धि प्राप्त होती है। लक्ष्मी पूजन करने से दरिद्रता दूर होती है।शरद पूर्णिमा की रात को चंद्रमा सोलह कलाओं से परिपूर्ण होता है और उसकी किरणों से औषधीय गुणों का संचार होता है। इसीलिए खीर को चांदनी में रखने की परंपरा है।

**परेशानी** — ग्रामीण और किसान जर्जर सड़कों पर चलने को मजबूर

# कांके प्रखंड में लापरवाही और ग्रामीणों की उपेक्षा, सड़क निर्माण को लेकर उठे सवाल

नवीन मेल संवाददाता



**पिठौरिया।** कांके प्रखंड के पिठौरिया क्षेत्र में प्रशासनिक लापरवाही और भ्रष्टाचार को लेकर एक बार फिर विवाद गरमा गया है। इस बार मामला सड़क निर्माण से जुड़ा है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रखंड विकास कार्यालय और अंचल कार्यालय के कर्मचारी अपनी मनमर्जी से काम कराते हैं। जिन लोगों का अधिकारियों और बाबुओं से अच्छा तालमेल होता है, उनके लिए सरकारी योजनाओं और पैसों का लाभ तुरंत उपलब्ध हो जाता है।हाल ही में एक विशेष व्यक्ति के लिए सड़क निर्माण कर दिया गया, ज बकि बाकी ग्रामीण और किसान जर्जर सड़कों पर चलने को मजबूर हैं। गांवों की कई सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे और जलजमाव की समस्या है। इससे किसानों को खेतों से सब्जियां और फसल ढोने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार गड्ढों में गिरकर उनकी उपज भी खराब हो जाती है।ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से सड़कों की मरम्मत की मांग की, लेकिन अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया। इस उपेक्षा से किसानों के बीच आक्रोश बढ़ता जा रहा है। प्रशासन की इस उदासीनता पर सवाल उठाते हुए ग्रामीणों ने जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की है।

# चांदन द्वादशी के अवसर पर श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमा का भोग अर्पित



**रांची।** श्री श्याम मण्डल , रांची द्वारा अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में आज दिनांक 4 अक्टूबर 2025 को खाटू नरेश श्याम बाबा को चांदन द्वादशी के पावन अवसर पर श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमा का भोग अर्पित किया गया । आज के भोग के मुख्य यजमान श्याम सुन्दर पोद्दार ने अपने पूरे परिवार के साथ जिनमें पार्वती देवी पोद्दार , ज्योति पोद्दार , ऋतु पोद्दार, रोहित पोद्दार , पूजा पोद्दार, अभिषेक , अभिराज , सृष्टि , अर्पण, अनिल अग्रवाल , ममता अग्रवाल , आयुष , आदित्य ने श्याम बाबा को खीर चूरमा का भोग अर्पित किए । सर्व प्रथम मण्डल के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बागला , मंत्री धीरज बंका एवं पोद्दार परिवार द्वारा गणेश पूजन कर मन्दिर में विराजे वीर बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी पूजन कर विभिन्न प्रकार के फल एवं मिष्ठान अर्पित कर श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमे का भोग अर्पित किया । इस अवसर पर पूरा मन्दिर परिसर हारे के सहारे की जय - लखदातार की जय जयकारों के गूंज उठा ।

## न्यूज बॉक्स

### अफीम की खेती नहीं करने के लिए लोगों को किया गया जागरूक



**खूंटी।** जिस तरह से झारखंड में अफीम की खेती फल फूल रहा उससे यह साबित होता है कि अगर इसे नहीं रोका गया तो आगेकर बहुत ही स्थिति बहुत ही खबराब होगी।शनिवार को सैको थाना छेत्र के बुरजू बाजार एवं मारंगहदा थाना छेत्र के मारंगहदा बाजार में अवैध अफीम की खेती नहीं करने हेतु जसगरूकता अभियान चलाकर हजारों ग्रामीणों ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

### बेड़ो के तेतरटोली में खुला हम-तुम मोबाइल स्टोर्स का नया प्रतिष्ठान



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के तेतर टोली में हम-तुम मोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक स्टोर्स के नए प्रतिष्ठान का भव्य शुभारंभ किया गया। प्रतिष्ठान का शुभारंभ साधु साहु एवं रूना देवी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर उदघाटन किया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि झामुमो नेता एवं समाजसेवी मुन्ना बडाईक ने कहा कि महंगे और लेटेस्ट मोबाइल के लिए अब रांची जाने की आवश्यकता नहीं है। हम-तुम मोबाइल स्टोर्स में मोबाइल का बेहतरीन रेंज कम कीमत में ही उपलब्ध होगा। वहीं प्रतिष्ठान के मालिक संजीत कुमार साहु ने बताया कि हम-तुम मोबाइल स्टोर्स का यह नया आउटलेट है जहां ब्रांडेड इलेक्ट्रॉनिक सामानों का विशाल संग्रह मिलेगा। उन्होंने कहा कि ग्राहकों की सेवा ही हमारी प्राथमिकता है। इस मौके पर संजीत कुमार साहु, मनीता देवी, उपेन्द्र साहु, पूनम देवी, धनंजय साहु, रामचंद्र साहु, गायत्री कुमारी, मंटु कुमार प्रज्ञा सहित कई विशिष्ट लोग मौके पर मौजूद थे।

### बोनस नहीं मिला तो मजदूरों ने 16 अक्टूबर से एनके एरिया का काम ठप करने की चेतावनी दी



**खलारी।** सीसीएल एनके एरिया के आउटसोर्स में काम करने वाले असंगठित मजदूरों ने 15 अक्टूबर तक बोनस न मिलने की स्थिति में 16 अक्टूबर से पूरे एनके एरिया का काम ठप करने की चेतावनी दी है। बोनस की मांग को लेकर शनिवार को असंगठित मजदूरों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आरसीएमएस के एरिया सचिव अब्दुल्ला अंसारी ने कहा कि कोयला उत्पादन में असंगठित मजदूरों की अहम भूमिका है, लेकिन उनके साथ भेदभाव बरता जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा असंगठित मजदूरों को भी बोनस देने की बात कही गई थी। हाई पावर कमेटी द्वारा दुर्गा पूजा से पहले बोनस देने का आश्वासन दिया गया था। परंतु पूजा बाद भी बोनस भुगतान नहीं हो सका है। मजदूरों की मांग से संबंधित एक पत्र एनके एरिया महाप्रबंधक को सौंपा गया है। पत्र में कहा गया है कि दीपावली से पहले असंगठित मजदूरों का बोनस भुगतान किया जाना चाहिए। अब्दुल्ला अंसारी ने स्पष्ट किया कि यदि बोनस का भुगतान नहीं किया गया तो मजदूरों के पास आंदोलन के अलावा कोई विकल्प नहीं रहेगा।

### सांसद आदित्यप्रसाद साहू को कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर दी शुभकामनाएं

**खलारी।** भाजपा खलारी मंडल के कार्यकर्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल राज्यसभा सांसद आदित्यप्रसाद साहू से मुलाकात कर उन्हें भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश का कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। कार्यकर्ताओं ने कहा कि आदित्यप्रसाद साहू के नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके मार्गदर्शन में प्रदेश भाजपा संगठनात्मक और जनसंपर्क दोनों ही स्तर पर और अधिक सशक्त होगा। कार्यकर्ताओं ने आदित्यप्रसाद साहू के कार्यकाल को पार्टी और प्रदेश के लिए ऐतिहासिक साबित होने की कामना की। वहीं सांसद ने भी कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी को मिलकर काम करने का आह्वान किया। प्रतिनिधिमंडल में ग्रामीण जिला सोशल मीडिया संयोजक शिवकुमार चौधरी, ग्रामीण जिला एसटी मोर्चा महामंत्री शशि उरांव, उपेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार सिंह, अमित कुमार चौधरी, कर्मवीर प्रजापति, राहुल चौधरी सहित भाजपा खलारी मंडल के अनेक कार्यकर्ता शामिल थे।

### डीएसपीएमयू के पीजी सेमेस्टर-2 में परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि बढ़ाई जाए



**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू), रांची के पीजी सेमेस्टर-2 (सीबीसीएस पाठ्यक्रम), सत्र 2024-26 के विद्यार्थियों को परीक्षा शुल्क जमा करने में आ रही तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए आदिवासी छात्र संघ के विश्वविद्यालय अध्यक्ष विवेक तिर्की ने परीक्षा नियंत्रक से मिलकर आवश्यक चर्चा की। विवेक तिर्की ने जानकारी दी कि कई छात्रों को ऑनलाइन पोर्टल पर तकनीकी खराबी के कारण परीक्षा शुल्क जमा करने में कठिनाई हो रही थी, जिससे वे अंतिम तिथि तक शुल्क जमा नहीं कर सके। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाए। अब इस कदम से विद्यार्थियों की समस्या दूर हो जाएगी। इस पहल में आदिवासी छात्र संघ के सदस्य दीनेश उरांव, राहुल उरांव, रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष मनोज उरांव सहित कई छात्र-छात्राओं का सराहनीय सहयोग रहा। अध्यक्ष विवेक तिर्की ने विश्वविद्यालय प्रशासन को धन्यवाद देते हुए छात्रों से अपील की कि वे निर्दिष्ट दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए परीक्षा में सम्मिलित हों।

बारिश में बेघर हुआ परिवार ने आवास को लेकर जनप्रतिनिधियों से लगाई गुहार

# विधायक पीएम आवास के लिए कर चुके हैं अनुशंसा

नवीन मेल संवाददाता

● जनप्रतिनिधियों से शीघ्र ही आवास आवंटन करने की अपील की है ताकि हमारा परिवार सही रूप से रह सके



बरही । केदारुत पंचायत के देवचंदा निवासी राजकुमार ठाकुर पिता स्व कैलाश ठाकुर का वर्तमान में कोई अपना आवास नहीं है. वह पिछले तीन माह से अपने ही गांव में सपरिवार भाड़े के मकान में रह रहे हैं. उक्त जानकारी देते हुए भुक्तभोगी ने बताया कि इस माह लगातार हो रही बारिश के कारण उनका मकान पूरी तरह धराशाई हो गया है. आर्थिक स्थिति दयनीय होने के कारण वह मकान नहीं बना सके हैं, पूरा परिवार बेघर हो चुका है. किसी प्रकार भाड़े के मकान में जीवन गुजर बसर कर रहे हैं. इसकी सूचना उन्होंने स्थानीय प्रतिनिधि व मुखिया को देते हुए आर्थिक सहायता व पीएम आवास आवंटन करवाने की मांग की थी जिस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। इस संबंध में बीते 26 सितंबर को स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव ने बीडीओ बरही को पीएम आवास के निर्गत करने के लिए अति अवश्क कार्रवाई की अनुशंसा की है। पीड़ित ने संबंधित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से सार्थक कदम उठाते हुए यथाशीघ्र पीएम आवास निर्गत करने का आग्रह किया है. पीडित ने यह भी कहा है कि अगर मुझे कोई सहारा नहीं मिला तो हमारे परिवार को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। मुझे शीघ्र सरकारी योजनाओं के तहत आवास देने की कृपा करें ताकि मुझे सपरिवार को आराम मिल सके।

## गोला में सुवर्ण वनिक समाज की ओर से सिंदूर खेला का आयोजन

**गोला।** गोला बीएस रोड स्थित स्वर्ण वनिक दुर्गा मंदिर परिसर में प्रत्येक वर्ष की तरह मां दुर्गे की विदाई के अंतिम दिन गुरुवार को विशेष कर बंगाली समुदाय की महिलाओं की ओर से सिंदूर खेला का आयोजन हुआ। इस दौरान सुवर्ण वनिक समाज की महिलाओं ने पारंपरिक तरीके से एक दूसरे को सिंदूर लगाकर मां दुर्गा से अपने सुहाग की लंबी उम्र की कामना की। इस कार्यक्रम में विधायक ममता देवी ने शिरकत की। विधायक ममता देवी ने बताया कि महिलाओं के साथ यहां विजया दशमी के दिन सिंदूर खेला का आयोजन किया जाता है। विजयादशमी के दिन सिंदूर खेला में भाग लेने वाली महिलाओं की मनोकामना मां दूर्गा पूर्ण करती हैं। इस दौरान समाज की बेहतरी के लिए महिलाओं ने कामना की। सिंदूर खेला के दौरान यहां का दृश्य काफी मनमोहक नजर आया। सभी महिलाएं एक दूसरे के माथे में सिंदूर लगाकर सदा सुहागिन होने का आशीर्वाद दिया। इससे पूर्व विधायक का स्वागत समाज की महिलाओं ने पारंपरिक ढंग से स्वागत किया। इसमें जमशेदपुर से स्वर्ण वनिक समाज के लोग भी शामिल हुए। महिलाओं ने बताया कि इस वर्ष मां दुर्गा की असीम कृपा से सिंदूर खेला उत्सव सफल हुआ। मौके पर मिताली कुमारी, अंजू पोद्दार, मनोरमा पोद्दार, ममता पोद्दार, यसोदा कुमारी, शोभा पोद्दार, सुमन पोद्दार, बेबी देवी, रूमा पोद्दार, टुंपा पोद्दार, शांति कुमारी, आशा देवी, कृष्ण पोद्दार समेत समाज के अध्यक्ष राजेश चंद्र पोद्दार, जयंत चंद्र पोद्दार, आकाश अंकित, आयुष, शोभित, संतोष आदि मौजूद थे।

## प्रतिमा विसर्जन के साथ दुर्गापूजा का हुआ समापन

**हजारीबाग।** मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के साथ शुक्रवार को दुर्गापूजा शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। इस बार गुरुवार को दशमी पड़ने की वजह से अधिकांश पूजा समिति ने मां की प्रतिमा का विसर्जन शुक्रवार को किया। हालांकि गुरुवार को बंगाली दुर्गा पूजा समिति और बिहारी दुर्गा पूजा समिति ने माता का विसर्जन गुरुवार को कर दिया। श्रद्धालुओं ने भारी मन से दुर्गा माता को विदाई दी। डीजे की धुन पर थिरकते लोगों ने पूजा पंडाल से प्रतिमा को वाहन पर लेकर तालाब तक गये और विधि विधान के साथ प्रतिमा का विसर्जन किया। दो-पहर के बाद से प्रतिमा विसर्जन शुरू हो गया। शाम होते होते सभी प्रतिमा का विसर्जन कर दिया गया। इसके साथ ही जिला प्रशासन और पुलिस ने राहत की सांस ली। शांतिपूर्वक दशहरा को संपन्न कराने को लेकर शुरू से ही जिले के डीसी शशि प्रकाश सिंह और एसपी अंजनी अंजन अपनी टीम के साथ सजग रहे। जिले के विभिन्न पूजा पंडालों में जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और पूजा समिति के लोगों के साथ इसे लेकर जरूरी कदम भी उठाया। पूजा के दौरान मौसम ने भी खलल डाला। इसके बावजूद लोगों का उल्लास कोई कम नहीं हुआ।

## दशहरा में कहीं डांडिया तो कहीं भक्ति जागरण की रही धूम



**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ और इसके आसपास के इलाकों में नवरात्रि एवं दशहरा का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। प्रखंड में आठ स्थानों पर माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर नौ दिनों तक नवरात्रि का पाठ एवं मेला का आयोजन किया गया। जिसमें सबसे अधिक आकर्षण का केन्द्र रमुवां दुर्गा मंदिर में केदारनाथ मंदिर की तर्ज पर बना पूजा पंडाल रहा। इसके अलावा गोविन्दपुर, कोनार डैम, करगालो, नरकी, गाल्होबार, अखाड़ा चौक तथा मड़मो में दुर्गा मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। दशहरा को लेकर सभी जगहों पर मेला का भी आयोजन किया गया। जिसमें झूला, चरखा, खिलौने समेत विविध तरह की दुकानें सजाई गई थी। बारिश ने त्योहार में थोड़ा खलल ड़ाला। मेला परिसर में कीचड़ होने से लोगों को घूमने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा। गुरूवार को अखाड़ा चौक तथा मड़मो में गगनभेदी जयकारों के साथ प्रतिमा का विसर्जन किया गया। वहीं, शुक्रवार को अन्य स्थानों पर स्थापित प्रतिमा को नम आंखों से विदाई दी गई। विदाई से पूर्व महिलाओं ने सिंदूर खेला कर माता रानी से अमर सुहाग की कामना की। विसर्जन के दौरान भक्तों की काफी भीड़ रही। पूरा क्षेत्र माता के जयकारे से गूंजता रहा। गोविन्दपुर तथा कोनार डैम में दशहरा में रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## गिद्दी में मां दुर्गा की गाजे बाजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा

**रामगढ़।** गिद्दी ए में शनिवार को दुर्गा मां की प्रतिमा का दोपहर में विसर्जन किया गया। मंडप से माता के प्रतिमा उठाने के दौरान कॉलोनी के सैकड़ो महिला पुरुष युवक युवतियां और बच्चे उपस्थित होकर मां दुर्गा की प्रतिमा को प्रणाम कर घर परिवार के सुख समृद्धि की कामना किया। साथ ही अगले बरस फिर मां को आने का न्योता देकर विदाई दी गई। इसके बाद मंडप से शोभा यात्रा निकाल कर मां दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी, भगवान गणेश और कार्तिकेय की प्रतिमा का विसर्जन गिद्दी ए ऑफिसर कॉलोनी स्थित दामोदर नद में किया गया। इसके पहले जुलूस के शक्ल में गाजे बाजे के साथ बम पटाखे फोड़ते हुए मां दुर्गा सहित उक्त सभी देवी देवताओं के प्रतिमा को गिद्दी गुरुद्वारा रोड, गिद्दी थाना रोड, गिद्दी दामोदर पुल और ऑफिसर कॉलोनी से होते हुए दामोदर नद ले जाया गया।

उपायुक्त के निर्देश पर हुआ सीपीआर एवं फर्स्ट एड उपचार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

# अब तक जिले में 1 लाख 30 हजार लोगों को किया गया प्रशिक्षित



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज के निर्देश पर रामगढ़ जिला अंतर्गत 2 लाख लोगों को आकस्मिक स्वास्थ्य परिस्थितियों में सीपीआर एवं फर्स्ट देने के लिए प्रशिक्षण दिया जाना है। इसे लेकर पूर्व में जिला स्तर पर सीपीआर एवं फर्स्ट एड देने को लेकर प्रशिक्षण देकर 3229 मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए हैं। उपायुक्त के निर्देश पर 29 सितंबर 2025 तक जिले में 1 लाख 30 हज़ार लोगों को सीपीआर एवं फर्स्ट एड प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इसी क्रम में शुक्रवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत छावनी मध्य विद्यालय नई सराय, आदर्श मध्य विद्यालय रांची रोड, प्राथमिक विद्यालय गोलपार, छावनी उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोइरी टोला, मध्य विद्यालय कोइरीटोला में सीपीआर एवं फर्स्ट एड उपचार संबंधित प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मौके पर विद्यार्थियों को आकस्मिक स्वास्थ्य परिस्थितियों में सीपीआर देने एवं फर्स्ट एड उपयोग को लेकर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही उन्हें प्रैक्टिकल कराकर भी आकस्मिक परिस्थितियों में कार्य करने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को आकस्मिक स्वास्थ्य परिस्थितियों जैसे कार्डियक अरेस्ट, चोकिंग, ब्लीडिंग, बर्न, फ्रैक्चर, वज्रपात, डूबना, शॉक, सांप का काटना एवं दुर्घटना जैसी परिस्थितियों में कार्य करने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया एवं सभी की दुविधाओं को दूर किया गया। गौरतलब होकि अभियान मोड में जिले के विद्यालयों आदि में सीपीआर एवं फर्स्ट एड देने हेतु प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### आदि कर्मयोगी अभियान के तहत विशेष ग्राम सभा का हुआ आयोजन

रामगढ़। गुरुवार को जनजातीय मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत रामगढ़ जिला में चयनित 5 प्रखंड के 92 ग्रामों में विशेष ग्राम सभा, उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज के निर्देश पर आयोजित की गई। इसमें आदि कर्मयोगी अभियान के तहत चयनित ग्रामों को 2030 तक एक विकसित ग्राम बनाने हेतु विलेज एक्शन प्लान तैयार करने पर चर्चा हुई। सभी ग्राम के आदिवासियों और अन्य ग्रामीणों को लाभ दिलाने हेतु आवश्यक योजनाओं का चयन किया गया। इसके लिए एक विजन प्लान भी बनाया गया। इस विशेष ग्राम सभा में मुखिया, ग्राम के वार्ड सदस्य एवं ग्राम कैप्टन आदि कर्मयोगी, पंचायत सचिव, पंचायत सहायक और सभी आदि साथी, सहयोगी एवं ग्रामीण उपस्थित हुए।

### ताला तोड़कर नकदी समेत 5.5 लाख के जेवरात की चोरी

**विष्णुगढ़।** प्रखंड के गैड़ा में बुधवार की रात चोरों ने एक घर में लगा ताला तोड़कर नकदी समेत महंगे जेवरातों की चोरी कर ली। इसे लेकर पीड़िता गैड़ा निवासी गुड़िया देवी पति संतोष यादव ने विष्णुगढ़ थाना में शिकायत दर्ज कराई है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि मैं अपने बच्चों के साथ घर पर अकेली रहती हूं। पति बाहर राज्य में काम करते हैं। बुधवार की शाम में बच्चों के साथ पूजा को लेकर ननद के घर चौथा गांव गई थी। लगातार बारिश की वजह से रात में घर नहीं लौट सकी और ननद के घर पर रूक गई। दूसरे दिनजब घर पहुंची तो देखा कि दरवाजे पर लगा ताला टूटा हुआ है और कमरे में अलमीरा तथा बक्सा भी टूटा हुआ है। अलमीरा तथा बक्से में रखा सोने का मंगलसूत्र, झुमका, कंगन, चैन, नथुनी, चांदी का पायल, लॉकेट तथा नकदी 25 हजार रूपये गायब हैं।

# अचानक बढ़ी चंद्रू फॉल की धारा, मछली पकड़ने गए चार युवक फंसे

नवीन मेल संवाददाता



**विष्णुगढ़।** नरकी में चंद्रू फॉल की उफनती धारा के बीच मछली पकड़ने गए चार युवक अचानक फंस गए। फंसे हुए युवकों में बाजे गांव के राकेश सोरेन पिता लालू सोरेन, उपेंद्र, टेकलाल तथा राजेंद्र गंझू पिता कीटा गंझू शामिल हैं। कोनार डैम का फाटक बंद करने के बाद पानी का बहाव कम होने पर चारों को बचा लिया गया। बताया जाता है कि चारों युवक मछली पकड़ने चंद्रू फॉल के पास गए थे। इसी बीच हुई तेज बारिश से नदी का जलस्तर अचानक काफी बढ़ गया। जिससे सभी युवक कोनार नदी की उफनती धारा के बीच चट्टान में फंस गए। निर्जन इलाका होने से चीखने-चिल्लाने पर भी उन्हें कोई मदद नहीं मिली। इधर, शाम तक जब चारों युवक घर नहीं लौटे तो घर वालों ने खोजबीन शुरू की। खोजते हुए लोग चंद्रू फॉल के पास पहुंचे तो देखा कि अंधेरे में उनलोगों की बाइक खड़ी है। मौके से मुखिया प्रभु गंझू के पुत्र अशोक गंझू ने सूचना विष्णुगढ़ पुलिस को दी। पुलिस ने कोनार परियोजना प्रधान राणा रणजीत सिंह से बात कर फंसे युवकों के सुरक्षित रेस्क्यू को लेकर कोनार डैम के फाटक को बंद करने का आग्रह किया। डीवीसी प्रबंधन ने त्वरित कार्यवाही करते हुए अपने उच्चतर अधिकारियों से डैम फाटक को बंद करने के लिए संपर्क किया। केंद्रीय जल आयोग, भारत सरकार से निर्देश मिलने पर रात करीब 10 बजे कोनार डैम का फाटक बंद किया गया। रात करीब डेढ़ बजे नदी में पानी का बहाव कम हुआ। तब जाकर चारों युवक मौत के मुंह से सुरक्षित बाहर निकले।

**आस्था** | देर रात्रि मां को दी गई विदाई, एसडीपीओ व इंस्पेक्टर रहे तैनात

# रूंधे व भर्राए गले से भक्तों ने कहा - मां अगले वर्ष फिर आना

नवीन मेल संवाददाता



**बरही ।** दुर्गापूजा की समाप्ति के उपरांत बरही के विभिन्न पूजा समितियों द्वारा शुक्रवार की देर संध्या विसर्जन जुलूस निकाला गया. नाचते गाते भक्तों की टोलियां मां की प्रतिमा के साथ चल रहे थे. शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रबुद्धजन साथ में चल रहे थे. पुलिस बल विधि व्यवस्था देख रही थी. माता के जयकारों से पूरा शहर गुंजायमान था. एक विश्वास और भक्ति के बीच मां की विदाई के गम के भाव स्पष्ट झलक रहे थे. मानो सबके चेहरे माता रानी से अगले वर्ष फिर आना साथ में खुशियां लाना की विनती कर रही थी. विसर्जन जुलूस शहर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ बरही चौक पहुंचा. जहां से सीधे गंतव्य के लिए प्रस्थान किया. देर रात्रि करीब दो बजे जुलूस जवाहर घाट स्थित तिलैया डैम पहुंचा. मां की आरती उतारी गई, क्षमा प्रार्थना किया गया और रूंधे स्वर से मां के जयकारों के बीच नम्र पूर्वक विसर्जन किया गया. जब मां को विसर्जन किया जा रहा था तब सभी श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गई थी और उन्हों विसर्जन करने का भी बहुत अफसोस था। लेकिन मां को तो विदा करना ही था।इस दौरान एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल और पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार विसर्जन स्थल पर पूरी फोर्स के साथ मौजूद थे. विसर्जन जुलूस में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भगवान केसरी, गिरधारी लाल यादव, अर्जुन साव, मुन्ना यादव, पंकज वर्णवाल, मनोज उपाध्याय सहित पूजा समिति के सभी अधिकारी, कार्यकर्ता और सैकड़ों की संख्या में। माता के भक्त थे.

### जुलूस के दौरान सुरक्षा के थे बड़े इंतजाम

मूर्ति विसर्जन के समय अप्रिय किसी तरह कोई भी दुघर्टना न हो इसके लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे। जुलूस के समय पुलिस प्रशासन सभी को अपने कतारबद्ध में चलने की हिदायत बार-बार दे रहे थे। श्रद्धादुओं की जय-जयकारों से गुंजयमान हो रहा था क्षेत्र। पुलिस इंस्पेक्टर ने खूद सुरक्षा की कमन संभाल रखी थी। कोई जुलूस के दौरान उपद्रव मचाने पर पुलिस कड़ी नजर रखे हुए थे या कोई बाहरी उदंड मचान पर पुलिस सख्ती बरत रही थी। प्रशासन प्रशासन का कहना था कि कोई या किसी तरह की बात होती है तो उसे किसी भी हाल छोड़ा नहीं जाएगा पुलस उससे सख्ती से निबटेगी।

### माता शीतला मंदिर का राजेन्द्र नगर शिव मंदिर परिसर में हुआ भूमि पूजन का समापन



**रामगढ़।** अमर नगर स्थित माता शीतला मंदिर का भूमि पूजन समारोह बड़े विधि-विधान के साथ राजेंद्र नगर शिव मंदिर परिसर में सम्पन्न हुआ। खनन कार्य के विस्तारीकरण के चलते टाटा स्टील प्रबंधन मंदिर समिति के पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं के विचार के उपरांत मंदिर को अमर नगर से हटाकर राजेंद्र नगर में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में नए स्थल पर भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भूमि पूजन में बतौर मुख्य अतिथि मांडू विधायक तिवारी महतो, टाटा स्टील के अधिकारियों में चीफ सीईपी राजेश कुमार, हेड आरएंडआर और एसएचएम रोहित प्रसाद, हेड तरुण कुमार, हेड सिक्योरिटी अखिलेश कुमार, राकोमयू अध्यक्ष मोहन महतो, सचिव डॉ योगेन्द्र कुमार सिंह सहित सभी पदाधिकारी, मंदिर समिति के पदाधिकारी विजय बहादुर, बिरज सिंह, आदित्य कुमार, रवि सिंह एवं स्थानीय श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के बीच भूमि पूजन सम्पन्न किया गया। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने माता शीतला से क्षेत्र की खुशहाली और समाज में शांति की कामना की। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि अमर नगर में वर्षों से स्थापित माता शीतला मंदिर क्षेत्र की आस्था का केंद्र रहा है। टाटा स्टील के खनन कार्य की वजह से मंदिर को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया, ताकि श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था अक्षुण्ण बनी रहे। टाटा स्टील प्रबंधन ने मंदिर के नए स्थल पर निर्माण कार्य में सहयोग देने का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और धार्मिक भावनाओं का पूरा ख्याल रखा जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज में आपसी एकता, भाईचारा और परंपराओं को मजबूत बनाने में मदद करता है : सुधीर



**रामगढ़ ।** दुलमी प्रखंड के उपर टोला सीरू में दुर्गा पूजा के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह कांग्रेस जिला प्रवक्ता एवं मिडिया चेयरमैन सुधीर मंगलेश ने विधिवत फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि सुधीर मंगलेश ने ग्रामवासियों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज में आपसी एकता, भाईचारा और पारंपरिक मूल्यों को मजबूत करता हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह धार्मिक कार्यों को एकजुटता के साथ करते हैं, उसी तरह गांव के विकास में भी सभी मिलकर एकजुटता के साथ कार्य करें ताकि गांव समाज निरंतर आगे बढ़े। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनका दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया। मौके पर उतम महतो,सनटू कुमार,आर्यन कुमार,रुपक कुमार,घनश्याम कुमार,बबलू महतो, अर्जून महतो, सचिन कुमार,रोहित महतो,रोहित साव,नकलू महतो सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### बरकट्ठा में लगातार बारिश से कई कच्चे मकान गिरे, पीड़ितों ने प्रशासन से लगाई मदद की गुहार



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से कई ग्रामीणों के मिट्टी के बने घर धराशायी हो गए। ग्राम गैड़ा से बालेश्वर राणा, ग्राम लगनवां में रीता देवी पति लक्ष्मण पासवान, लीलावती देवी पति रामा पासवान, इंदिरा देवी पति सुखदेव पासवान समेत कई लोगों का कच्चा मकान बारिश के कारण गिर गया। अचानक मकान गिरने से परिवारों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। हालांकि, किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मदद की गुहार लगा रहे हैं।

### चरने के दौरान बज्रपात से एक बैल की हुई मौत आपदा विभाग से मुआवजे की लगाई गुहार



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के शिलाड़ीह पंचायत अंतर्गत ग्राम लेवड़ा के मैदान में चर रहा एक बैल की मौत बज्रपात से हो गई। भुक्तभोगी किसान इमरान अंसारी पिता इशाक मियां ने बताया कि हर दिन भांति बैल मैदान में चर रहा था। इसी बीच मूसलाधार बारिश और बिजली के कड़क के बीच जोरदार बिजली चटका और बैल के ऊपर बज्रपात हुआ। इससे मौके पर ही बैल की मौत हो गयी। इमरान अंसारी ने बताया कि लगभग 25 हजार की लागत से बैल खरीदा था। इसी बैल के माध्यम से खेत की जुताई कर खेती कर पाते थे। बैल के मरने से काफी क्षति हुई है। अब न हमारे पास पैसे और पूंजी कहां से बैल की खरीददारी कर सकूंगा। उन्होंने आपदा विभाग से उचित मुआवजा की मांग की है।

### पोल्ट्री फार्म में जहर देने से सैकड़ों मुर्गियों की हो गई मौत



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चुगलामो के बगीया में एक पोल्ट्री फार्म में जहर देने से सैकड़ों मुर्गों की मौत हो गई।वहीं संचालक राजू साव ने बताया कि किसी ने साजिश के तहत फार्म में जहर मिला दिया, जिसके कारण अचानक बड़ी संख्या में मुर्गे मर गए। इस घटना से उसे लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। उप मुखिया चंद्रदीप पांडेय का कहना है कि यह कृत्य शरारती तत्वों का हो सकता है। घटना की जांच की मांग स्थानीय पुलिस से की गई है।

### श्रद्धालु ने नम आंखों और गगनभेदी जयकारों के बीच मां दुर्गा को दी विदाई



**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत गोरहर स्थित हनुमान मंदिर चौक से चभाचवा तालाब तक मां दुर्गा को अंतिम विदाई देने वाले श्रद्धालुओं का तांता लग रहा. वहीं दुर्गा मंदिर पंडाल में सुहागिनों ने सिंदूर खेलकर व एक दूसरे को लगाकर पर्व की बधाई दी। महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र की कामना की. साथ ही मंदिर से भक्ति कलश लेकर ढोल के साथ नाचते गाते विसर्जन हेतु तालाब पहुंचे और कलश तथा मां दुर्गे की मूर्ति का विसर्जन किया।विजयदशमी पर गोरहर में वातावरण पूरी तरह से भक्ति में नजर आया।वहीं मां दुर्गा की जयकारों से माहौल हर तरफ गंजयमान रहा । ढोल व नगाड़े की आवाज ने भक्तों को झूमने पर मजबूर किया।इस दौरान लोगों में काफी उमंग दिखा पर महिलाओं अत्यधिक उत्साहित नजर आई । इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से समस्त समाज के लिए सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। विजयदशमी के मौके पर मंदिर में स्थापित कलश की विशेष पूजा की गई और फिर मां दुर्गा को विदाई दी गई।

### सुहागिन महिलाओं ने सिंदूर खेला उत्सव मनाया

**रामगढ़।** विजयदशमी के पावन अवसर पर बंगाली सहित अन्य समुदाय की सुहागिन महिलाओं ने शहर के सभी पूजा पंडालों में माता दुर्गा की प्रतिमा के सामने सिंदूर उत्सव मनाया। इस दौरान सुहागिन महिलाओं ने सर्वप्रथम माता दुर्गा की प्रतिमा पर सिंदूर चढ़ाया। माता के गाल में सिंदूर लगाया। इसके बाद अन्य देवियों को सिंदूर चढाया। साथ ही सुहागिन महिलाओं ने एक-दूसरे की मांग, गाल में सिंदूर लगाकर अखंड सौभाग्य और अमर रहे मेरा सुहाग की कामना करते हुए माता से प्रार्थना की।

## शांतिपूर्ण वातावरण में दुर्गा पूजा संपन्न, जिला प्रशासन ने सभी समितियों को दी बधाई

# सिमडेगा में दुर्गा पूजा बनी सहयोग सौहार्द्र और एकता की मिसाल : डीसी



सौहार्द्र और एकता बनाए रखने का लिया संकल्प

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जिले में दुर्गा पूजा का पर्व इस वर्ष शांतिपूर्ण, सौहार्द्रपूर्ण और उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपायुक्त कंचन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी की संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक परिसदन भवन, सिमडेगा में आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त श्री दीपांकर चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी श्री प्रभात रंजन ज्ञानी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री बैजू उरांव, जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने जिलेभर में सफलतापूर्वक सम्पन्न दुर्गा पूजा के लिए सभी पूजा समिति, शांति समिति और समन्वय समिति के पदाधिकारियों को बधाई एवं धन्यवाद दिया। उपायुक्त ने कहा कि सिमडेगा की पहचान आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द से है, जो जिले की सबसे बड़ी शक्ति है।बैठक का माहौल औपचारिक होने के साथ-साथ आत्मीय भी रहा। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने गीत और कविता के माध्यम से सामाजिक समरसता का संदेश दिया। उपायुक्त ने रामायण, रहीम के दोहे और ईसा मसीह के वचनों के उदाहरण देकर कहा कि करुणा, क्षमा और सम्मान ही समाज की प्रगति की नींव हैं। वहीं पुलिस अधीक्षक ने कहा कि भारत की संस्कृति साझा संस्कृति है, जहाँ हर धर्म और समुदाय एक-दूसरे के त्योहार में सहभागी बनते हैं। उन्होंने मोहम्मद रफी के भजन के माध्यम से इंसानियत और प्रेम का संदेश दिया।बैठक में यह भी तय किया गया कि शांति समिति केवल कानून-व्यवस्था तक सीमित न रहे, बल्कि समाज में संवाद, सहयोग और एकता की भावना को सशक्त बनाए। अंत में सभी उपस्थितों ने जिले की गौरवपूर्ण सौहार्द परंपरा को बनाए रखने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के अंत में पूर्व महालेखाकार एवं समाजसेवी बेंजामिन लकड़ा के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई और 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

### पूर्व महालेखाकार बेंजामिन लकड़ा का निधन संवेदनशील नेतृत्व खोया

**सिमडेगा।** झारखंड के पूर्व महालेखाकार, शानदार व्यक्तित्व के धनी, प्रखर वक्ता और बहुभाषी विद्वान बेंजामिन लकड़ा का निधन हो गया। वे बीते एक सप्ताह से अस्वस्थ थे और रांची के सेंटवीटा हॉस्पिटल में इलाजरत थे, जहाँ 3 अक्टूबर की रात उन्होंने अंतिम सांस ली। बेंजामिन लकड़ा झारखंड के पूर्व महालेखाकार एवं पश्चिम बंगाल के प्रधान महालेखाकार रह चुके थे। वॉलेंटरी रिटायरमेंट के बाद उन्होंने कांग्रेस पार्टी से सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा।वे अपने सिद्धांतों और स्पष्ट विचारों के लिए जाने जाते थे। वे हमेशा कहते थे कि "शराब न पियूंगा, न किसी को प्रोत्साहित करूंगा।" एक साधारण मजदूर से लेकर यूपीएससी परीक्षा पास कर आईआरएस अधिकारी बनने तक की उनकी यात्रा प्रेरणादायक रही, जिसका वर्णन उन्होंने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक "ऐ युवा, तू क्यों रोता है" में किया था।इनके निधन पर झारखंड की राजनीतिक, प्रशासनिक और सामाजिक जगत में शोक की लहर है। सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि लकड़ा जी का जाना कांग्रेस पार्टी और आदिवासी समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

## मां दुर्गा की विसर्जन यात्रा में उमड़ी श्रद्धा की भीड़

नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा में नवरात्रि उत्सव का भव्य आयोजन 9 दिन तक चला और महादशमी के दिन मां दुर्गा की मूर्ति का विसर्जन कर के पर्व का समापन हुआ। भारी वर्षा के बावजूद हजारों श्रद्धालु शोभा यात्रा में शामिल होकर भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया।इस अवसर पर दुर्गा पूजा समिति धर्मशाला, रण बहादुर सिंह समिति, देवी गुड़ी चौक समिति, कंजोग एवं लसिया समिति ने आकर्षक पंडालों में मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित की थी। महादशमी के दिन हवन पूजन के बाद कोलेबिरा प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा पूजा समिति धर्मशाला से शोभा यात्रा प्रारंभ होकर कोलेबिरा थाना, साहू मोहल्ला, ठाकुरबारी, मौसीबाड़ी, पुराना बानो रोड होते हुए मुख्य चौक स्थित मार्केट कॉम्प्लेक्स तक पहुँची। इसके बाद अन्य पंडालों की शोभा यात्राएँ भी शामिल होकर कोलेबिरा वन विभाग के पास तालाब पहुँची, जहां पुरोहितों द्वारा अंतिम आरती के बाद मूर्तियों का विसर्जन किया गया।इस दौरान श्रद्धालुओं ने "दुर्गा मां की जय, सरस्वती मां की जय, लक्ष्मी मां की जय, गणेश महाराज की जय" आदि नारे लगाते हुए भक्ति और आधुनिक गीतों में नृत्य किया।

## बानो: ग्राम सभा में विकास और चुनाव पर चर्चा

**बानो।** बानो प्रखंड के महाबुआंग डुमरटोली में ग्राम सभा की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता ग्राम सभा अध्यक्ष फ्रांसीस समद ने की। बैठक में आगामी आदिशक्ति चुनावों और ग्राम के विकास हेतु पांच वर्षीय योजनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।बैठक के दौरान ग्राम सभा को अधिक सशक्त और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने सामुदायिक भागीदारी, पारदर्शिता और ग्राम स्तर पर निर्णय प्रक्रिया को मजबूत करने की आवश्यकता पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने सभी ग्रामवासियों से सुझाव और सहभागिता की अपेक्षा भी जताई, ताकि निर्णय सभी के हित में और प्रभावी रूप से लागू किए जा सकें।इस अवसर पर प्रमुख रूप से दनिएल समद, ओरकार समद, निलाम समद, सुशय समद, शांति देवी, मारसा डांग, जमुना देवी, प्रकाश सिंह, शिशिर कोनगाड़ी, पिंकी डाहंगा, अमिलन समद, हेरमन समद, वेदन समद, दामोदर सिंह, सायुन समद, पूनम देवी, सुनिल लुगुन, लक्ष्मण सिंह, सहदेव सिंह और सुगंधित सिंह उपस्थित रहे।ग्राम सभा के अध्यक्ष सुनिल लुगुन और सचिव वेदन समद ने बैठक का संचालन किया और सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार, एक फरार



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा पुलिस ने 1 अक्टूबर की रात पाकरटांड़ थाना क्षेत्र में नाबालिग के साथ हुए दुष्कर्म मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान उड़ीसा निवासी सुरेंद्र साहू के रूप में की गई है।इस संबंध में पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी ने अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि घटना 1 अक्टूबर की रात लगभग 10 बजे की है। पीड़िता पेट्रोल पंप के पास सड़क किनारे खड़ी थी, तभी आरोपी सुरेंद्र साहू ने अपनी कार से उसे लिफ्ट दी। कार में बैठाने के बाद आरोपी ने जीईएल चर्च चोगो टोली के पास नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया और उसे वहीं उतारकर फरार हो गया।घटना की जानकारी पीड़िता ने तुरंत अपने साथियों को दी, जिसके बाद उसके पिता द्वारा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और घटना में प्रयुक्त उड़ीसा नंबर की कार को जब्त कर लिया है।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस मामले में एक अन्य आरोपी अभी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि सिमडेगा पुलिस महिलाओं और नाबालिगों के विरुद्ध होने वाले अपराधों के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति पर कार्य कर रही है, और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

### शाहपुर पंचायत सचिवालय में ग्राम सभा संपन्न,योजनाओं की मिली जानकारी

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के शाहपुर पंचायत सचिवालय में आयोजित ग्राम सभा में पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत मुखिया अंकिता केरकेट्टा ने की।मुखिया अंकिता केरकेट्टा ने ग्राम सभा को सशक्त बनाने पर जोर देते हुए ग्रामीणों से कहा कि वे पंचायत सचिवालय आकर सरकारी योजनाओं की जानकारी लें और उनका लाभ उठाएं। उन्होंने आश्वासन दिया कि पंचायत स्तर पर आने वाली किसी भी समस्या के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहेंगी।मुखिया ने संवाद और पारदर्शिता बनाए रखने पर बल दिया। सभा में वार्ड सदस्य जलेश्वर साहू, रुत कुल्लू, नजमी आरा, भाजपा नेता मुनेश्वर तिर्की, महेश सिंह, नारायण साहू, राजन राम, रितेश कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।सभा के अंत में ग्रामीणों ने अपने विचार और समस्याएं साझा कीं, जिनका मौके पर ही समाधान करने का आश्वासन दिया गया।

## नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति द्वारा रंगारंग नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के लचरागढ़ में नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में शुक्रवार रात को रंगारंग नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम



आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दुर्गा पूजा समिति के संरक्षक नंदकिशोर अग्रवाल, पुलिस निरीक्षक रामानुज कुमार वर्मा, पंडित प्रमोद पंडा, पवन शर्मा और दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष अमित साहु सहित समिति के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और भगवान गणेश की तस्वीर पर मल्यार्पण एवं आरती कर किया।कार्यक्रम की शुरुआत कुमार प्रीतम ने भक्ति वंदना से की। इसके बाद कुमार सतीश, उर्मिला महतो, सरस्वती बुनकर और लक्ष्मण सिंह ने एक से बढ़कर एक नागपुरिया गीत प्रस्तुत कर दर्शकों का मनोरंजन किया। डांसर पायल और मुस्कान ने नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में समां बांधा। उर्मिला महंतो और उनके साथियों ने रामायण और महाभारत की भावभीनी झांकी प्रस्तुत कर प्रशंसा लूटी। विशेष रूप से डांसर मिस पायल ने "ज्योंही दारोगा जी चोरी हो गई" गीत पर नृत्य कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।कार्यक्रम में कोलेबिरा प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो ने मांदर बजाकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। बीडीओ श्री किंडो ने उपस्थित दर्शकों और समिति के पदाधिकारियों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दी और शांतिपूर्ण वातावरण में कार्यक्रम का आनंद लेने को कहा।कार्यक्रम में बानो के समाजसेवी बिल्लू अग्रवाल, शक्ति संघ के संरक्षक सुरेश दिवेदी, अध्यक्ष विनित पंडा, सचिव प्रवीण साहु, संरक्षक विप्रो सुदामा महापात्रा, आशिष साहु चीकु, पंडित प्रमोद पंडा, पवन शर्मा, लचरागढ़ टीओपी प्रभारी एएसआई जीतेंद्र सिंह, एएसआई रामनाथ जोनको सहित कई गणमान्य व्यक्ति सम्मानित किए गए।कार्यक्रम का संचालन प्रेम प्रकाश सिंह और रिकी अग्रवाल ने किया।

## उच्च विद्यालय के छात्रों का दिल्ली शैक्षणिक भ्रमण शुरू

नवीन मेल संवाददाता




**बानो।** बानो जनता उच्च विद्यालय के 58 छात्र-छात्राएं दस दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए हटिया रेलवे स्टेशन से दिल्ली के लिए रवाना हुए। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को देश की राजधानी के ऐतिहासिक, भौगोलिक और सांस्कृतिक पहलुओं से परिचित कराना है।इस दौरान छात्र-छात्राएं दिल्ली के प्रमुख स्थलों जैसे जंतर-मंतर, लाल किला, कुतुबमीनार, लोटस टेम्पल, राजघाट, अक्षरधाम मंदिर आदि का दौरा करेंगे और वहाँ की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक जानकारी प्राप्त करेंगे। इसके अलावा उन्हें दिल्ली के इतिहास और भौगोलिक विशेषताओं की जानकारी भी दी जाएगी, जिससे उनकी समग्र शैक्षणिक एवं ज्ञानात्मक विकास में योगदान होगा।इस शैक्षणिक भ्रमण में विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं फादर अजित पौल केरकेट्टा, स्वर्णलता, नीलम लुगुन, विमला सुरीन, सुमीरा केरकेट्टा, राहुल, सुभाप तिर्की, अजित सुरीन, आशिष साहु, सचिन सुरीन आदि भी बच्चों के साथ शामिल हैं। उन्होंने छात्रों को मार्गदर्शन देने और उनके सुरक्षित और व्यवस्थित भ्रमण को सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी निभाई।विद्यालय प्रशासन ने इस शैक्षणिक भ्रमण को विद्यार्थियों के सांस्कृतिक और शैक्षणिक विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया और छात्रों से अपेक्षा जताई कि वे इस अवसर का भरपूर लाभ उठाएं।

## भक्ति और सौहार्द के बीच दुर्गा पूजा उत्सव संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जिले में हर्षोल्लास, श्रद्धा और सौहार्द के माहौल में संपन्न हुई दुर्गा पूजा महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर जिला दुर्गा पूजा समन्वय समिति ने सभी श्रद्धालुओं, आयोजकों एवं प्रशासनिक-पुलिस पदाधिकारियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है।समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू ने कहा कि इस वर्ष जिले के सभी 55 पूजा पंडालों में दुर्गा पूजा अत्यंत गरिमा और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुई। हर जगह भक्ति, संस्कृति और शांति का अनूठा संगम देखने को मिला, जो सिमडेगा जिले की सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे का उदाहरण प्रस्तुत करता है।उन्होंने विशेष रूप से पुलिस अधीक्षक सिमडेगा एवं उपायुक्त सिमडेगा के प्रति गहरी कृतज्ञता जताते हुए कहा कि उनके कुशल मार्गदर्शन, सतर्कता और निरंतर निगरानी के कारण पूरे जिले में दुर्गा पूजा बिना किसी विघ्न के शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न हो सकी। साथ ही उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सिमडेगा थाना प्रभारी, और अन्य सभी थाना क्षेत्रों में तैनात पुलिस बल, यातायात व्यवस्था में कार्यरत जवानों, स्वच्छता कर्मियों, तथा स्वयंसेवकों को भी धन्यवाद दिया, जिन्होंने दिन-रात मेहनत कर त्योहार की गरिमा बनाए रखी।श्री साहू ने कहा कि पूजा पंडालों के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, सदस्यगण एवं समाजसेवियों ने जिस अनुशासन और समर्पण से कार्य किया, वह सराहनीय है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अपील की कि आने वाले वर्षों में भी इसी प्रकार एकजुटता, सौहार्द और धार्मिक उत्साह के साथ दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाए।अंत में समिति ने आशा व्यक्त की कि सिमडेगा जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के सहयोग से भविष्य में भी हर धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन इसी तरह शांति और अनुशासन के साथ संपन्न होंगे।

### क्रुसकेला में धूमधाम से मना संत फ्रांसीस असीसी पर्व, बिशप विंसेंट बरवा की अगुवाई में हुई मिस्सा पूजा

# विधायक भूषण सपत्नीक कार्यक्रम में हुए शामिल

- **समाज सेवा और त्याग का संदेश युवा संस्कृति और परंपरा आगे बढ़ाएं**

नवीन मेल संवाददाता



**पाकरटांड।** प्रखंड के क्रुसकेला पल्ली में शनिवार को संत फ्रांसीस असीसी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बिशप स्वामी विंसेंट बरवा ने मुख्य अनुष्ठानकर्ता के रूप में मिस्सा पूजा संपन्न कराया। उनके साथ पल्ली पुरोहित फादर अजीत पॉल केरकेट्टा, फादर चन्द्र कुजूर और फादर पौलुष लकड़ा ने मिसा पूजा में सहयोग किया। मिस्सा पूजा के बाद सामूहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बिशप विंसेंट बरवा उपस्थित थे। मौके पर सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा एवं उनकी धर्मपत्नी सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा मुख्य रूप से उपस्थित थीं। बिशप विंसेंट बरवा ने कहा कि संत फ्रांसीस असीसी का जीवन हमें सादगी, सेवा और ईश्वर के प्रति समर्पण का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि हमें अपने जीवन में प्रकृति, गरीबों और जरूरतमंदों के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए। यही सच्ची ईश्वर-सेवा है।विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि संत फ्रांसीस असीसी ने अपने जीवन से यह सिखाया कि सच्ची भक्ति केवल प्रार्थना में नहीं, बल्कि सेवा और त्याग में है। हमें उनकी सीख से प्रेरणा लेकर समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से जहाँ समाज प्रेम, सहयोग और आस्था के साथ खड़ा रहता है। वहीं विकास की नई राहें खुलती हैं। विधायक ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और युवाओं से आग्रह किया कि वे अपनी संस्कृति और परंपरा को गर्व के साथ आगे बढ़ाएँ। विधायक ने कहा कि युवा ही समाज का भविष्य हैं। अगर वे अपनी जड़ों से जुड़े रहेंगे, तो यह धरती हमेशा प्रेम, शांति और भाईचारे से भरी रहेगी।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभा प्रदर्शनी**

हमारा समाज तब सशक्त बन सकता है जब हमारी माताएँ और बहनें आगे बढ़ें। शिक्षा और आत्मनिर्भरता ही महिला सशक्तिकरण की असली कुंजी है।इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि महिलाएँ और युवा समाज की शक्ति हैं और ऐसे कार्यक्रम उन्हें एक मंच प्रदान करते हैं जहाँ वे अपनी प्रतिभा दिखा सकें। उन्होंने कहा कि हमारा समाज तभी सशक्त होगा जब हर महिला शिक्षित, आत्मनिर्भर और सम्मानित होगी। मौके पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में कुल 10 टीमों ने भाग लिया।

## न्यूज बॉक्स

### थाना के नए प्रभारी बने विद्यासागर, शांति व्यवस्था बनाए रखना होगी पहली प्राथमिकता



**बानो।** बानो सर्किल के अंतर्गत गिरदा थाना में नए थाना प्रभारी के रूप में विद्यासागर चौरसिया ने कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने विभागीय औपचारिकताएं पूरी करने के बाद विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया।थाना में योगदान के पश्चात थाना प्रभारी श्री चौरसिया ने कहा कि गिरदा थाना क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और सौहार्द बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने बताया कि कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पुलिस टीम हर स्तर पर सजग और तत्पर रहेगी।थाना प्रभारी ने क्षेत्र के आम नागरिकों से भी अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह या विवाद की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें तथा थाना क्षेत्र में शांति और आपसी भाईचारा बनाए रखने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग से ही पुलिस व्यवस्था प्रभावी रूप से कार्य कर सकती है।श्री चौरसिया ने यह भी कहा कि वे जनसंपर्क के माध्यम से लोगों की समस्याओं को समझेंगे और थाना को जनता की सुरक्षा और भरोसे का केंद्र बनाने का प्रयास करेंगे।

### तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ, खेल भावना का हुआ प्रदर्शन



**कोलेबिरा।** प्रखंड क्षेत्र के बरसलोया पंचायत स्थित लेफुआ टांड़ मैदान में सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब बरसलोया के तत्वावधान में तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ।उद्घाटन मैच सिरजांग वार्ड और भिंजपुर वार्ड की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें रोमांचक मुकाबले में भिंजपुर वार्ड की टीम ने 1-0 से जीत दर्ज की।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बरसलोया पंचायत के मुखिया संदीप सद मुंडा ने किया, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सभी वार्ड सदस्य एवं पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्य अतिथि एवं अतिथियों का स्वागत ढोल-मांदर की थाप और महिला मंडल की दीदियों द्वारा फूल-माला एवं स्वागत गीत से किया गया। तत्पश्चात खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का औपचारिक शुभारंभ किया गया।मुखिया संदीप सद मुंडा ने उद्घाटन भाषण में कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजन युवाओं में आपसी भाईचारा, प्रेम और सौहार्द को मजबूत करते हैं। खेल न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक और बौद्धिक विकास का भी माध्यम है। उन्होंने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।टूर्नामेंट के संरक्षक सुनील सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में बरसलोया पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डों से कुल 16 टीमें भाग ले रही हैं। विजेता टीम को 10,000, उपविजेता टीम को 5,000, जबकि सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर को विशेष पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता में केवल बरसलोया पंचायत के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं तथा प्रत्येक टीम को अपनी जर्सी और फुटबॉल साथ लाना अनिवार्य है।

### वार्षिक फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य समापन, बेड़ाकेतुंगा एफसी विजेता




**बानो।** बानो प्रखंड के जमतई पंचायत, जोरपोंडा में अखिल भारतीय भुईंया समाज खेल समिति के तत्वावधान में वार्षिक सामाजिक फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। यह प्रतियोगिता लगातार तीसरे वर्ष आयोजित हुई, जिसमें झारखंड और उड़ीसा की टीमों ने भाग लिया।समापन समारोह के मुख्य अतिथि कांग्रेस बानो प्रखंड अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि अजीत कंडुलना थे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया। श्री कंडुलना ने कहा कि खेल न केवल करियर के अवसर प्रदान करता है, बल्कि आपसी भाईचारा, प्रेम और सामाजिक सद्भाव भी बढ़ाता है। सेमीफाइनल मैच का उद्‌घाटन झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिल लुगुन ने किया और तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया का संदेश पहुंचाया।कार्यक्रम में सांसद महोदय के नाम से प्रदत्त मंडल अध्यक्ष जिदन जोजो और समशेर अंसारी ने आयोजन समिति को फुटबॉल भेंट किया। सहदेव कोटवार, झामुमो प्रखंड कमेटी और विधायक सुदीप गुड़िया द्वारा सहयोग राशि और खेल सामग्री भी प्रदान की गई।प्रतियोगिता में बालक वर्ग की 16 टीमों और बालिका वर्ग की 4 टीमों ने भाग लिया। बेड़ाकेतुंगा एफसी बालक और बालिका वर्ग दोनों में विजेता रही, जबकि अजय जोरपोंडा और बॉन्डोटोली एफसी उपविजेता बने।आयोजन समिति के अध्यक्ष शंकर पाइक, सचिव शिशिरचंद नायक, कोषाध्यक्ष दीपक नायक और अन्य सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाया।

### ठेठईटांगर प्रखंड में दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम



**ठेठईटांगर।** दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर ठेठईटांगर प्रखंड के बाघचट्टा पंचायत मैदान में भव्य और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि झामुमो जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना, मुख्य संरक्षक मतियास बागे, विशिष्ट अतिथि जीप सदस्य आजय एक्का, प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, मुखिया एलिजाबेत बागे, रेगरिह थाना प्रभारी, झामुमो केंद्रीय सदस्य नोवास केरकेट्टा, झामुमो जिला उपाध्यक्ष रितेश बड़ाइक, जिला कोषाध्यक्ष राजेश टोप्पो, समाजसेवी दीपक लकड़ा और समिति के सदस्यों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।मुख्य अतिथि अनिल कंडुलना ने अपने संबोधन में विजयादशमी का अर्थ बताते हुए कहा कि यह दिन असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म, अज्ञान पर ज्ञान और अन्याय पर न्याय की विजय का प्रतीक है। उन्होंने कहा, "बुराई कितनी ही शक्तिशाली क्यों न हो, अंत में जीत अच्छाई और सच्चाई की ही होती है।" उन्होंने यह भी कहा कि दशहरा भगवान श्रीराम द्वारा रावण पर विजय प्राप्त करने और धर्म व न्याय की स्थापना का पर्व है।कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से न केवल भक्ति और उत्साह का माहौल बना बल्कि समाज में सत्य, धर्म और अच्छाई के संदेश को भी मजबूती से प्रस्तुत किया गया। इस आयोजन ने ग्रामीणों में उत्साह और एकता की भावना को बढ़ाने का काम किया।

### एसपी ने "पुलिसमैन ऑफ द वीक" पुरस्कार से बंधनी को सम्मानित किया



**सिमडेगा।** पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा जिला द्वारा उत्कृष्ट टर्न आउट, कर्त्तव्यपरायणता एवं सकारात्मक सोच वाले पुलिस कर्मियों के मनोकबल को बढ़ाने और प्रोत्साहित करने हेतु "पुलिसमैन ऑफ द वीकः सिमडेगा पुलिस" पुरस्कार की शुरुआत की गई है। इसके तहत प्रत्येक सप्ताह आरक्षी से लेकर सहायक अवर निरीक्षक संवर्ग तक के सर्वश्रेष्ठ पुलिस कर्मियों/पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा, जिन्हें उनकी बेहतर ड्यूटी और बेस्ट टर्न आउट के लिए सम्मानित किया जाएगा। विजेताओं की तस्वीर पूरे सप्ताह उनके संबंधित थाना/ओपी/प्रतिष्ठान के सूचना पट पर प्रदर्शित की जाएगी, ताकि उनके प्रयासों को सभी के समक्ष सराहा जा सके और अन्य कर्मियों को भी प्रेरणा मिले।इसी कड़ी में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय, सिमडेगा में प्रतिनियुक्त आ0/837 बंधनी गाड़ी को सितंबर 2025 के चौथे सप्ताह में उत्कृष्ट टर्न आउट, कर्त्तव्यपरायणता और सकारात्मक सोच के लिए "पुलिसमैन ऑफ द वीकः सिमडेगा पुलिस" पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### शहीद जय मंगल पांडे एवं शहीद नादिर अली का शहादत दिवस मनाया गया

# स्वतंत्रता सेनानियों के मार्ग पर चलकर ही देश का विकास हो सकता है : बटेश्वर प्रसाद

नवीन मेल संवाददाता

- 1857 ई का विद्रोह भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास का पहला विद्रोह था जिसमें शहीद जय मंगल पांडे एवं नादिर अली की भूमिका अहम थी




**हजारीबाग।** हजारीबाग सर्किट हाउस के समीप स्थित शहीद स्थल पर स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के तत्वावधान में देश की स्वतंत्रता सेनानी शहीद जय मंगल पांडे एवं शहीद नादिर अली का शहादत दिवस सभी उपस्थित लोगों ने फूलमाला अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता एवं संचालन स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के प्रदेश प्रधान महासचिव ओम प्रकाश मेहता ने किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता उपस्थित हुए। पूर्व सांसद ने अपने संबोधन में कहा कि 1857 ई का विद्रोह भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास का पहला विद्रोह था जिसमें शहीद जय मंगल पांडे एवं नादिर अली की भूमिका अहम थी इन लोगों ने सिपाही विद्रोह के माध्यम से ब्रिटिश हुकूमत को यह बता दिया कि अब बहुत अधिक दिनों तक आप भारत में शासन नहीं कर सकते हैं।प्रदेश अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के मार्ग पर चलकर ही देश का विकास हो सकता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रोफेसर शत्रुघ्न पांडे कांग्रेस नेता अशोक देव समाजसेवी विशाल कुमार वाल्मीकि कांग्रेस नेता सुजीत नाग वाल मेहता विकास मंच के अध्यक्ष जय नारायण प्रसाद मेहता जदयू नेता अर्जुन प्रसाद मेहता जय मंगल पांडे के वंशज सच्चिदानंद पांडे भीम मेहता रमेश सिंह रोहित कुमार आर्य भारत सोशल डेवलपमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष रॉकी उर्फ अरुण कुमार सिंहा सचिव अमित उर्फ उमाशंकर प्रसाद विजय सोनी समाजसेवी संजय सिंह मृगेंद्रनाथ शुक्ला राजेश कुमार त्रिपाठी आनंद कुमार गुप्ता अजीम अंसारी एनुल हक समेत कई लोग शामिल थे।

## साहिबगंज में मृत अवस्था में मिली डॉल्फिन, विभाग ने शुरू की जांच

**साहिबगंज।** मोकिमपुर पंचायत के शोभापुर गांव में गुरुवार की शाम गंगा नदी के तट पर एक मृत डॉल्फिन बहकर आई. ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी. सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और वन रक्षी पप्पू यादव ने मृत डॉल्फिन को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया. विभागीय अधिकारियों ने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद ही डॉल्फिन की मृत्यु का कारण स्पष्ट हो सकेगा. गौरतलब है कि गंगा नदी की डॉल्फिन भारत का राष्ट्रीय जलीय जीव है और वन्य जीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची-1 में शामिल है. इस प्रजाति से संबंधित किसी भी अवैध गतिविधि या शिकार पर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई का प्रावधान है. वन विभाग ने आम लोगों से अपील की है कि डॉल्फिन से जुड़ी किसी भी सूचना को तुरंत साझा करें. चूंकि डॉल्फिन का मांस और तेल बाजार में महंगे दामों पर बिकता है, इसलिए इसके शिकार को रोकने के लिए राजमहल अनुमंडल क्षेत्र में मछुआरों के सहयोग से विशेष अभियान चलाया जा रहा है. पूर्व में भी कई डॉल्फिन मृत पाई गई थीं, जिसके बाद कुछ लोगों पर कार्रवाई की गई थी. हाल के एक सर्वे में राष्ट्रीय टीम ने पाया कि साहिबगंज की गंगा नदी में डॉल्फिन की संख्या में वृद्धि हुई है.

# ओवरलोडिंग व स्टंटबाजी के चक्कर में कई बाईक सवार हुए घायल, रेफर

नवीन मेल संवाददाता



**बरही ।** माता रानी के विसर्जन जुलूस के दौरान कुछ युवकों की उल्टी पलटी हरकतें उसके जान पर आन पड़ी. मोटरसाइकिल स्टंटिंग के चक्कर में कुछ युवक ट्रक के चपेट में आ गए. माता रानी की कृपा से जान तो बची परंतु बुरी तरह से घायल हो गया. नीचे चला गया. जिन्हे समाजसेवियों की मदद से अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया. जिनका प्राथमिक ईलाज के बाद हजारीबाग रेफर कर दिया गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते रात तिलैया रोड में कंटेनर के नीचे आने से बाईक सवार पड़ीरमा निवासी शंभू रविदास और छोटु रविदास घायल हो गए. वही न्यु कॉलोनी निवासी चंदन कुमार गुप्ता पिता अशोक कुमार गुप्ता, कोरियाडीह के एक युवक और एक चेचकपी (बरकट्ठा) का युवक शामिल है. इसके साथ हीं चौपारण के रंजन कुमार घायल हो गए. दुर्घटना का मुख्य कारण अनियंत्रित होकर बाईक चलाना बताया जा रहा है. इनमे से कुछ युवक पर शराब सेवन करने की भी जानकारी मिली है. जो बाईक चलाते हुए कट मारते हुए निकलने का प्रयास कर रहे थे. चिकित्सीय सेवा में मदद करने वालों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा नेता अर्जुन साव, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, मनोज साहू, अमित सिंह उर्फ छोटू आदि शामिल हैं.

# पुलिस की छापेमारी में गांजा व ब्राउन शुगर के साथ तीन युवक गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**बोकारो।** शनिवार को सुबह में पुलिस अधीक्षक, बोकारो को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सिजुआ तलाब के पास दो लड़कों के द्वारा एक मोटरसाईकिल खड़ा कर गांजा एवं ब्राउन सुगर का पुड़िया बनाकर बेचा जा रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए मेरे द्वारा पुलिस उपाधीक्षक, मुख्यालय, बोकारो के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम सिजुआ तालाब के पास छापामारी कर तीन लड़कों को सशस्त्र बल के सहयोग से घेराबंदी कर मोटरसाईकिल के साथ पकड़ा। पकड़ाये तीन व्यक्ति एवं मोटरसाईकिल का विधिवत् तलाशी ली गई तो मोटरसाईकिल के हैण्डल में टंगा हुआ प्लास्टिक के झोला में 1.540 कि०ग्रा० गांजा, 10 पुड़िया ब्राउन शुगर एवं नगद 850 रू० बरामद हुआ।

इनसे पुछताछ करने पर अपना अपराध स्वीकार कियें और बतायें कि बारी-कॉपरेटिव, मखदुमपुर, सिवनडीह ईत्यादि जगहों में घुम-घूम कर गांजा का पुडिया बनाकर बेचते हैं तथा यह भी बतायें कि वे बारी कॉपरेटिव कॉलोनी के रहने वाले अनिरूद्ध साव उर्फ हित से गांजा खरीद कर बेचते हैं जहां चलकर गांजा बरामद करवा सकते हैं। तत्पश्चात् छापामारी दल के द्वारा पकड़ाये अभियुक्तों के निशानदेही पर अनिरूद्ध साव उर्फ हित के बारी कॉपरेटिव स्थित आवास पर छापामारी किया गया, जहां से 10.400 कि०ग्रा० गांजा, वेन्यू कार, नगद-7939/- रूपया एवं गांजा खरीद बिक्री करने में उपयोग करने से संबंधित अन्य सामग्री बरामद किया गया।

### गिरफ्तार किए गए अपराधियों के नाम

अनिरुद्ध साह उर्फ हित, उम्र-47 वर्ष, सा0-बारी कॉपरेटिव, प्लॉट नं0-54, थाना सेक्टर 12, जिला-बोकारो। मो0 फैज अकरम उर्फ बॉबी, उम्र 25 वर्ष, पे0- मो0 फिरोज अंसारी, सा0- गौस नगर, मखदुमपुर, थाना- बालीडीह, जिला बोकारो। मो0 मतलुब आलम, उम्र 23 वर्ष, पे0-महताब आलम, सा0- गौस नगर, मखदुमपुर, थाना-बालीडीह, जिला बोकारो।

**बरामद एवं जप्त सामान :** गाजा 11.940 किलोग्राम, ब्राउन शुगर 10 पुडिया, इलेक्ट्रिक तराजू 02 अदद, हुण्डई वेन्यू कार नं0-JH09BA-0801, बिना नम्बर के मोटरसाईकिल-01, मोबाईल 03 पीस, काला पॉलिथिन-450 ग्राम, छोटा प्लाष्टिक का रैपर-1.200 कि0ग्रा0, नगद-87890/-

छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी/कर्मी : पु0नि0 नवीन कुमार सिंह, थाना प्रभारी, बालीडीह थाना, बोकारो। पु0नि0 सुभाष सिंह, थाना प्रभारी, सेक्टर 12 घाना, बोकारों पु0अ0नि0 शशिकान्त ठाकुर शामिल हैं।

# प्रेम प्रसंग विवाद के चलते बस्ताकोला में हिंसक बवाल, टीओपी पर हमला



**धनसार।** झरिया थाना क्षेत्र के बस्ताकोला में शनिवार को एक प्रेम प्रसंग को लेकर दो गुटों के बीच हुई बहस हिंसक संघर्ष में बदल गई। घटना में बस्ताकोला टीओपी पर हमला किया गया, हवलदार और उनके पुत्र को पीटा गया और तोड़फोड़ की गई। पुलिस के अनुसार, विवाद का आरंभ धनसार की एक युवती के प्रेम प्रसंग से हुआ। युवती का प्रेमी रिंकू पांच साल पहले एक अपराधिक मामले में जेल की सजा काट रहा था। जेल से रिंकू के बाहर आने के बाद युवती ने लड्डू नामक युवक से विवाह किया। हालांकि, रिंकू के जेल से बाहर आने के दस दिन बाद युवती अपने प्रेमी के पास चली गई। लेकिन बाद में वापस अपने पति के पास लौट आई, जिसे लड्डू ने स्वीकार नहीं किया। इस बात की जानकारी मिलने के बाद रिंकू अपने साथियों के साथ युवती के पति लड्डू को ढूंढने माइंस रेस्क्यू पहुंचे। वहां विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों में मारपीट हुई। थोड़ी देर बाद बस्ताकोला पेट्रोल पंप के पास सड़क पर फिर से झगड़ा हुआ, जिसमें लड्डू के साथी मुन्ना रजवार घायल हो गए। गुस्साए लोगों ने बस्ताकोला टीओपी पर हमला किया, जहां हवलदार ललित कुमार यादव और उनके पुत्र को भी पीटा गया। पुलिस ने स्थिति नियंत्रित करने के लिए भोला पंडित नामक युवक को हिरासत में लिया और मौके से उपद्रवियों की एक बाइक जब्त की।

# लड़की को डांडिया प्रोग्राम के बहाने बुलाकर तीन लोगों ने किया दुष्कर्म, प्राथमिकी दर्ज




- सौरभ ने बताया कि सामने वाले घर में चार लड़की को ठहराया गया है. जब वह वहां पहुंची तो वहां अन्य कोई लड़की नहीं थी.

**दुमका।** जिला के हंसडीहा थाना क्षेत्र में स्टेज प्रोग्राम करने वाली लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना में पीड़िता ने हंसडीहा थाना में आवेदन दिया है. युवती को डांडिया प्रोग्राम के लिए बुलाकर तीन युवकों ने दुष्कर्म किया था. शनिवार को युवती का न्यायालय में बयान दर्ज करावाया जाएगा. पीड़िता द्वारा दिए गए आवेदन में बताया गया है कि वह देवघर में किराए के मकान पर रहती है. वह स्टेज प्रोग्राम कर जीविकोपार्जन करती है. आवेदन में ये घटना 28 सितंबर का बताया गया है. जिसमें सौरभ कुमार नामक एक युवक ने फोन कर हंसडीहा में प्रोग्राम करने की बात की. फिर सौरभ कुमार, राजन राज, पारस राज यादव देवघर आकर सफेद रंग की कार (JH 15 AF 4591) से मेरे रूम पर आये. इसके बाद लड़की को साथ बैठाकर वो सभी कार में ले गये. हंसडीहा पहुंचने पर डांस करने वाली दूसरी लड़कियों और प्रोग्राम की तैयारी के साथ स्टेज शो के बारे में जानकारी लेनी चाही. इस पर सौरभ ने बताया कि सामने वाले घर में चार लड़की को ठहराया गया है. जब वह वहां पहुंची तो वहां अन्य कोई लड़की नहीं थी. इतने में उसे समझ आ गया कि इन तीनों लड़कों ने धोखे से यहां लाया. इसके बाद रूम में बंद कर दिया और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया. इसके साथ ही उन लड़कों ने अश्लील वीडियो बनाया गया. उन्होंने ये बात किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी.

### क्या कहते हैं थाना प्रभारी

इस हंसडीहा थाना प्रभारी ताराचंद ने जानकारी देते हुए बताया कि आवेदन मिलने के साथ कांड संख्या 81/2025 सुसंगत धारा में मामला दर्ज किया गया है. साथ ही तीन युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है. वहीं लड़की का मेडिकल के लिए ले जाया गया है जबकि शनिवार को बयान दर्ज करने के लिए न्यायालय में ले जाया जाएगा.

## ठेठईटांगर थाना क्षेत्र में अज्ञात शव बरामद, हत्या की आशंका

**ठेठईटांगर।** थाना क्षेत्र के बड़काडांड़ एवं लट्ठाखम्हन मार्ग के बीच कुड़पानी गांव के निकट एक अज्ञात शव बरामद किया गया है।शव की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।मौके पर पुलिस प्रशासन, प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज और विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से शव की पहचान करने का प्रयास किया, लेकिन अभी तक किसी ने इसकी पहचान नहीं की।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की जांच शुरू कर दी है।प्रारंभिक जांच में प्रथम दृष्टि से प्रतीत होता है कि हत्या पत्थर से प्रहार कर की गई है।शव के पास खून लगे पत्थर भी बरामद किए गए हैं, जो हत्या के सबूत के रूप में महत्वपूर्ण हैं।प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि यदि किसी को इस शव के बारे में जानकारी है या कोई व्यक्ति लापता है, तो तुरंत ठेठईटांगर थाना में सूचना दें, ताकि शव को सही समय पर परिजनों तक पहुंचाया जा सके और न्यायिक प्रक्रिया को त्वरित रूप से आगे बढ़ाया जा सके।

### चक्रधरपुर के विसर्जन जुलूस में चाकूबाजी

# 15 युवकों ने किया हमला, सात घायल रेलवे अस्पताल में सभी इलाजरत

नवीन मेल संवाददाता



चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम) । पश्चिमी सिंहभूम के चक्रधरपुर में दुर्गा पूजा विसर्जन जुलूस के दौरान बड़ा बवाल हो गया। रविवार देर शाम हरिजन बस्ती से निकले जुलूस पर अचानक करीब 15 युवकों ने चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में सात युवक घायल हो गए। अफरा-तफरी के बीच हमलावर मौके से फरार हो गए। घायलों में ध्रुव मुखी, गोविंदा मुखी, दिनेश मुखी, रिक्की मुखी, अतुल मुखी, अमन मुखी और अजय मुखी शामिल हैं। इनमें से रिक्की मुखी की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना चक्रधरपुर थाना से कुछ ही दूरी पर हुई। बताया जा रहा है कि जुलूस जैसे ही थाना के पास से गुजर रहा था, तभी हमलावरों ने सातों युवकों को घेरकर ताबड़तोड़ चाकू से वार कर दिया। अचानक हुए हमले से जुलूस में भगदड़ मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे और पूरे इलाके में तनाव फैल गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत घायलों को अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में किया। घायलों ने हमलावरों की पहचान कर ली है। पुलिस ने हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। सभी आरोपियों को जल्द पकड़ा जाएगा। चाकूबाजी की घटना के बाद हरिजन बस्ती में तनाव का माहौल है।

## चोरी मामले का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार, लाखों के सोने-चांदी के जेवर बरामद

**जामताड़ा ।** बंद घर से लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात चोरी के मामले का जामताड़ा पुलिस ने उद्भेदन किया है. पुलिस ने चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. साथ ही आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी गए सोने-चांदी के जेवरात भी बरामद किए हैं. इसकी पुष्टि जामताड़ा एसपी राजकुमार मेहता ने की है. पकड़े गए अपराधियों में पिंटू कुमार सिंह, विवेक उर्फ पावर कर और सचिन सिंह शामिल है. तीनों अपराधी बिंदापाथर थाना क्षेत्र के श्रीपुर के निवासी हैं. एसपी ने बताया कि बिंदापाथर थाना क्षेत्र के श्रीपुर के रहने वाले पीड़ित मुकेश सिंह के आवेदन पर चोरी की प्राथमिकी दर्ज की गई थी. पीड़ित ने पुलिस को दिए गए आवेदन में बताया था कि वह घर में ताला बंद कर परिवार समेत वैष्णो देवी की यात्रा पर गए थे. इसी बीच उनके घर में चोरी हो गई. चोरों ने घर में रखे करीब 10 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर दिया.

## तीन छात्राओं का इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय हजारीबाग में चयन

**सिमडेगा।** शिक्षा और परिश्रम के क्षेत्र में गोंडवाना विकास विद्यालय सह छात्रावास, अंबेडकरनगर ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता साबित की है। विद्यालय की तीन छात्राओं चांदनी प्रधान, आध्या प्रियल मांझी और सुगंती कुमारी का चयन राज्य स्तरीय प्रतिष्ठित इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय, हजारीबाग के लिए हुआ है। यह चयन न केवल विद्यालय का मान बढ़ाता है, बल्कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभा की चमक को भी दर्शाता है।चांदनी प्रधान और आध्या प्रियल मांझी इससे पहले नवोदय विद्यालय, कोलेबिरा में चयनित हो चुकी हैं, जबकि सुगंती कुमारी एकलव्य विद्यालय के लिए चयनित रही हैं। चांदनी प्रधान ने नवोदय प्रवेश परीक्षा में जिले में चतुर्थ स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा साबित की।विद्यालय के संचालक कमलेश्वर मांझी ने कहा कि यह उपलब्धि छात्राओं की कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य समाज के वंचित और ग्रामीण बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर उन्हें राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना है।इस अवसर पर विद्यालय परिसर में छोटी-सी सफलता समारोह आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू, मेदिनीनगर।**

**अति अल्पकालीन ई0निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0 निविदा संख्या–03/2025-26/RDD/NREP/PALAMAU

1. कार्य का नाम :–

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्रा0राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आईडेन्टी फिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम नौडीहा मे मुख्य पथ से नौडीहा गांव तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | विश्रामपुर | 24.946 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 01/2025-26/EE/RDD/NREP/PALAMU |
| 2 | ग्राम मझिगांवा के कृष्ण मुरारी प्रसाद के घर से नर्वदेश्वर महतो के घर तक पी0सी0सी0 पथ तथा नाली एवं उसका ढक्कन निर्माण | चैनपुर | 24.717 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 02/2025-26/EE/RDD/NREP/PALAMU |
| 3 | ग्राम सरजा में उत्क्रमित प्राथमिक विधालय में दो अतिरिक्त कमरा का निर्माण। | मेदिनीनगर | 19.946 | 40000.00 | 5000.00 | 6 माह मात्र | 03/2025-26/EE/RDD/NREP/PALAMU |
| 4 | ग्राम पनेरी बांध हरिजन टोला रामचन्द्र भुईया के घर से लेकर जय कुमार के घर तक पी0सी0सी0 एवं नाली निर्माण। 400फीट। | चैनपुर | 19.954 | 40000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 04/2025-26/EE/RDD/NREP/PALAMU |
| 5 | ग्राम ढाबकला में राजेन्द्र मेहता के घर तक दिनानाथ पासवान के घर होते हुए एन0एच098 रोड के नाला तक नाला निर्माण। | हरिहरगंज | 13.379 | 28000.00 | 2500.00 | 3 माह मात्र | 05/2025-26/EE/RDD/NREP/PALAMU |
| 6 | ग्राम सघपुर राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विघालय में एक कमरे का निर्माण एवं 02 भवनों का जीर्णोद्वार। | पाटन | 24.362 | 50000.00 | 5000.00 | 6 माह मात्र | 06/2025-26/EE/RDD/NREP/PALAMU |
| 7 | ग्राम देवरी कला में स्कूल से गोला पर होते हुए शमशान घाट तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। 1500 फीट | हुसैनाबाद | 24.886 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 07/2025-26/EE/RDD/NREP/PALAMU |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–07.10.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–15.10.2025 up to 5.00 PM बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–17.10.2025 पूर्वाहण 11.00 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम कार्यालय, मेदिनीनगर, पलामू।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –9162744599
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी जवाबदेही आपकी होगी।

09. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय, ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,
मेदिनीनगर, पलामू।

PR 363271 (Palamu) 25-26 (D)


# बोकारो में दंपती ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

- स्थानीय लोगों के अनुसार उस दिन दंपती घर से मटन बनाकर और शराब लेकर जंगल की तरफ गए थे, दोनों ने साथ में मटन खाया और शराब का सेवन किया. उसके बाद दोनों ने आत्महत्या कर ली

नवीन मेल संवाददाता




**बोकारो।** जिले के जरीडीह प्रखंड के भस्की गांव में पति-पत्नी ने आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली. मृतकों की पहचान दिनेश बेसरा (28 वर्ष) और उनकी पत्नी गीता देवी (25 वर्ष) के रूप में हुई है. करीब डेढ़ वर्ष पूर्व दिनेश ने रजरप्पा थाना क्षेत्र निवासी गीता से प्रेम विवाह किया था. ग्रामीणों के अनुसार, दंपती पेड़ के नीचे बैठे, मटन और शराब का सेवन करने के बाद आत्महत्या कर ली. घटना से पूरे गांव में मातम छा गया है. लोग इस घटना से स्तब्ध हैं. जानकारी के मुताबिक दोनों संथाल समाज से आते हैं. संथाली समाज में परंपरा है कि शादी के पहले 'घर ढूका' (घर में प्रवेश) होता है जिसमें वर पक्ष की तरफ से कन्या को शादी के पहले घर में लाकर रखते हैं. इस दौरान दोनों को संतान की प्राप्ति होती है. उसके बाद संथाल समुदाय वर और वधू दोनों को एक जोड़े के रूप में सामाजिक मान्यता देता है. उनकी इस परंपरा के अनुसार भोज का आयोजन होता है और संथाल समाज के लोग दंपती को आशीर्वाद देते हैं. क्षेत्र में चर्चा है कि डेढ़ वर्ष बीत जाने के बावजूद उनकी कोई संतान नहीं हुई थी. ऐसा बताया जा रहा है कि दोनों के आपसी संबंध भी ठीक नहीं थे. स्थानीय लोगों के अनुसार उस दिन दंपती घर से मटन बनाकर और शराब लेकर जंगल की तरफ गए थे, दोनों ने साथ में मटन खाया और शराब का सेवन किया. उसके बाद दोनों ने आत्महत्या कर ली. कयास लगाया जा रहा है कि शराब के नशे में दोनों के बीच कुछ अनबन हुआ होगा और दोनों में सुसाइड कर लिया. बी. एन. सिंह, बेरमो डीएसपी ने कहा कि पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. रिपोर्ट आने के बाद ही सही जानकारी मिल पाएगी. इसके अलावा पुलिस दूसरे एंगल से भी मामले की जांच कर रही है. परिजनों से भी पूछताछ की गई है वहीं लड़की के परिजन को भी बुलाया गया है.

# होशियार-पिंकी



'मंगल-वन' में, 'भोलू' बन्दर गुब्बारें बेच कर अपना और अपने परिवार का गुजारा कर रहा था। उसकी बेटी पिंकी भी उसके साथ ही रहती थी। भोलू मेले में जा कर दूकान लगाता था। दशहरे के मेले में वह गुब्बारे की दुकान खोल कर बैठा। शाम को वह बहुत दुखी हो कर घर पहुंचा। अपने पापा का बुझा हुआ चेहरा देख कर पिंकी से रहा न गया उसने अपने पापा से पूछा- 'पापा, आज क्या बात हो गई, जो दुखी दिख रहे हो ? भोलू बोला – क्या कहूं बेटा ,आज की मेरी सारी कमाई जाती रही। पता नहीं जब भी गुब्बारा फुलाने की चेष्टा करता, गुब्बारे फूटते जाते। पहले ऐसा कभी नहीं होता था। अब मेरे पास इतने पैसे नहीं बचे की नए पैकेट खरीद कर बेच सकूँ। कल का दिन शायद हमें भूखा ही सोना पड़े। अपने पापा की परेशानी सुन, नन्हीं सी पिंकी भी दुखी हो गई। लेकिन वह बहुत समझदार थी उसने पापा भोलू से कहा – 'पापा, आप दुखी न हों। आपने दीपावली के लिए मेरी पोषाक खरीदने के लिए जो पैसे दिए थे, मैंने उन्हें रख छोड़ा है उन पैसों से आप नए गुब्बारे के पैकेट ख़रीद कर, दुकान लगाएँ।' पिंकी की बात से भोलू की चिंता दूर हुई। पैसे ले कर गुब्बारे के पैकेट ख़रीद कर उसने फिर दुकान खोल कर भोलू गुब्बारें फुला-फुला कर अपने डंडे पर टांगने लगा। लेकिन यह क्या…? उसके डंडे पर टंगे गुब्बारे बारी – बारी से फिर फूटने शुरू हो गए। यह देख वह एक गुब्बारा और फुलाने ही लगा था कि एक पत्थर उसके नाक पर आ लगा और वह वहीं घायल हो कर गिर पड़ा। लेकिन भोलू यह समझ चुका था कि कोई शैतान भीड़ का लाभ ले कर, छुप कर उसके गुब्बारे फोड़ने का मजा ले रहा है। इस बीच मंगल-वन में, भोलू के घायल हो कर,मेले में गिर पड़ने की ख़बर ,जंगल की आग की तरह फ़ैल चुकी थी। कुछ परिचित उसे उठाकर उसके घर ले आए। पिंकी को, भोलू ने सारी बाते बताई। पिंकी, अपने राजा गबरू शेरू के पास जा कर बोली- 'महाराज, आप जानते हैं कि मेरे पापा गुब्बारे बेच कर जीवन यापन करते हैं। दो दिनों से कोई शैतान, मेले के भीड़ का लाभ ले कर उनके गुब्बारे पत्थर से मार कर फोड़ता आ रहा है। आज तो हद ही हो गई, उसने मेरे पापा को नाक में मार कर घायल कर दिया। यदि आपके राज में ऐसा ही चलता रहा तो हम मर जाएंगे हुजूर…!' कहते–कहते वह रोने लगी। पिंकी की बात सुन कर, शेरू को उस पर दया आ गई। राजा शेरू उसको दुलारते हुए बोले – 'पिंकी बेटा, दुखी न हों। घर जा कर अपने पापा से कहना कि कल जा कर अपनी गुब्बारे की दुकान खोल कर बैठे। मैं उस शैतान की खबर लेने को वहां मौजूद रहूंगा। लेकिन उसके पकड़ में आने तक किसी से भी यह बात न कहना।' पिंकी, घर आ कर अपने पापा से बोलीं – 'पापा, कल 'मेला' में जा कर अपनी दुकान खोल लीजिएगा। क्योंकि राजा शेरू स्वंय पत्थर मारने वाले को पकड़ेंगे। अब की बार आपका दुश्मन पकड़ लिया जाएगा। अपनी बेटी की बात सुन तकलीफ़ के रहते भी भोलू, मेले में जा कर अपनी दूकान खोल कर बैठ गया और गुब्बारे फुला कर डंडे पर सजाने लगा। अपने कहे अनुसार राजा गबरू शेरू, एक कोने में छुप कर, भोलू दुकान की ओर अपनी नजरें गड़ाए हुए था कि उसने देखा, भीड़ का लाभ लेते हुए कालू लोमड़ी, पत्थर उठा कर भोलू के गुब्बारे को निशाना बनाना चाह रही है। झट उसने लोमड़ी की ओर छलांग लगा कर उसे जा दबोचा। भोलू ने आज अच्छी कमाई की थी। राजा गबरू से उसे बिटिया पिंकी की समझदारी का पता चल गया था। घर आ कर, भोलू ने, अपनी प्यारी पिंकी को गोद में उठा कर, उसका मुंह मिठाई से भर दिया।



रन्दी सत्यनारायण राव

## काव्य कोना

### अनकही बात

डलिया टूट गईल घरबा छूट गईल
केकरा से कहीं हम मन के हुलसबा
हम हूं रही माई के दुलरुआ
बाबूजी के रोक-टोक
लागे हमरा टोक-टोक
चल गईले दूनू जना (हार में टंगाइके)
हम रह गइनीं अपने में डूब के।
जे ही कुछ बाकी रहे गंगा में बहा अईनी
हमरा बना के गईले आदमी बड़का
दर्द जब बहुत रहे याद तब आ गईले
लोरवा (ऑसू) सूख गईल
ताक ले लीं चहुंओर
अब कहां आई रे, ऊ अवजवा जोर से
हम अभी बानी ईहां!
डलिया टूट गईल घरबा छूट गईल।

नाग मणि

# मातृशक्ति का पर्व : नवरात्र



चारुमित्रा

*या देवी सर्वभूतेषु शक्ति-रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमो नम:।।*



भारतीय संस्कृति में नवरात्र का विशेष महत्व है। यह केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि मातृशक्ति की सर्वोच्चता का उत्सव है। आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से प्रारंभ होकर नौ दिन तक चलने वाला यह पर्व शारदीय नवरात्र कहलाता है।नवरात्र का शुभारंभ घटस्थापना से होता है। मिट्टी के पात्र में जौ, तिल या अन्य नवान्न बीज बोकर देवी के समक्ष स्थापित किया जाता है। अष्टमी या नवमी के दिन कन्या पूजन के बाद इन अंकुरों को काटा जाता है। यह प्रतीक है कि मां भगवती शक्ति स्वरूपा होकर भक्तों को अन्न, धन और आरोग्य की कृपा से अभिभूत करें, आशीष दें।

नवरात्र के प्रत्येक दिन मां दुर्गा के एक स्वरूप की पूजा होती है—शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री। शैलपुत्री अडिग आस्था का प्रतीक हैं, ब्रह्मचारिणी तप व संयम का, चंद्रघंटा साहस की, कूष्मांडा सृजन शक्ति की, स्कंदमाता मातृत्व की, कात्यायनी न्याय की, कालरात्रि अंधकार के नाश की, महागौरी शांति की, और सिद्धिदात्री सिद्धि और कृपा का प्रतीक हैं।जिस प्रकार सृष्टि का उद्भव ब्रह्मांड के गहन अंधकार से हुआ और नवग्रहों ने जीवन का आधार दिया, उसी प्रकार मनुष्य जीवन का सृजन भी माता के गर्भ में नौ महीनों की साधना से होता है। मानव योनि के लिए ये नौ महीने उसी नवरात्र के समान हैं, जिनमें आत्मा नया शरीर धारण करती है।

नवरात्र का दार्शनिक अर्थ भी है—शिव और शक्ति के वे नौ दुर्गा स्वरूप, जिन्होंने आदि काल से ही इस संसार को जीवनदायिनी ऊर्जा प्रदान की है। उन्होंने सिद्ध किया कि सृष्टि और प्रकृति के निर्माण में मातृशक्ति और स्त्री शक्ति की सर्वोच्च भूमिका है। दुर्गा माता स्वयं सिंहवाहिनी हैं, और उनके शरीर में सभी नवदुर्गा स्वरूप समाहित हैं। वे अपने भक्तों की रक्षा हेतु दुष्ट शक्तियों का नाश करती हैं और धर्म की पुनः स्थापना करती हैं।पुराणों के अनुसार जब असुरों ने देवताओं पर विजय प्राप्त कर ली, तब सभी देवताओं की शक्तियों से मां दुर्गा प्रकट हुईं। सिंह पर आरूढ़ होकर उन्होंने महिषासुर का वध किया। यह कथा संदेश देती है कि अधर्म और अन्याय का नाश शक्ति स्वरूपा स्त्री ही कर सकती है। नवरात्र शक्ति की विजय का पर्व भी है।

नवरात्र केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक-सांस्कृतिक उत्सव भी है। उत्तर भारत में रामलीला का आयोजन होता है, पश्चिम बंगाल में भव्य दुर्गा पूजा, गुजरात और महाराष्ट्र में गरबा और डांडिया, और दक्षिण भारत में गोलू सजाना। यह पर्व सामूहिकता, आनंद और संस्कृति का प्रतीक है।

अष्टमी या नवमी को कन्या पूजन किया जाता है। कन्याओं को देवी का स्वरूप मानकर भोजन, वस्त्र और दक्षिणा दी जाती है। यह परंपरा याद दिलाती है कि स्त्री का सम्मान करना ही देवी की पूजा का सार है। नवरात्र उपवास और साधना का पर्व भी है। भक्तगण नौ दिन व्रत रखते हैं और संयमित जीवन अपनाते हैं। यह शरीर की शुद्धि के साथ-साथ मन और आत्मा के परिष्कार का अवसर है। आज भी नवरात्र का महत्व उतना ही प्रासंगिक है। भौतिकता के इस युग में यह पर्व आत्मचिंतन, संयम और स्त्री-शक्ति के महत्व की स्मृति कराता है। देवी का स्वरूप केवल मूर्तियों तक सीमित न रहकर हमारे जीवन और व्यवहार में उतरना चाहिए।

नवरात्र मातृशक्ति का प्रतीक है। यह पर्व हमें यह संदेश देता है कि सृष्टि का आधार शक्ति है, और शक्ति का स्वरूप स्त्री है। नवरात्र केवल पूजा का अवसर नहीं, बल्कि आत्मशक्ति को पहचानने, स्त्री का सम्मान करने और जीवन को धर्म, सत्य और न्याय की ओर मोड़ने का पर्व है।

*या देवी सर्वभूतेषु शक्ति-रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमो नम:।।*

# विसर्जन





खुशबू बरनवाल 'सीपी'

"हैलो लड्डू भैया!
"हैलो छुटकी! कैसी हो?"
"अच्छी नहीं हूँ।"
" क्या तुम्हें बारहवीं जन्मदिन का उपहार अच्छा नहीं लगा?"
"भैया! मुझे बहुत पसंद आया लेकिन…."
"लेकिन क्या? "
"मैं अभी बहुत गुस्से में हूँ।"
" क्यों…"
"भैया, मुझे एक बात अच्छी नहीं लगती।"
" तुम्हें क्या नहीं अच्छी लगती है? "
"जब पूजा आता है तो कितना सुंदर चारों ओर लगता है। सभी कितनी प्यारी लगती हैं। हम सब दस-ग्यारह दिनों तक पूजा करते हैं। षष्ठी से मां के दर्शन करने जाते हैं फिर उन्हें नदी- तालाब में क्यों डूबा देते हैं?"
"मेरी प्यारी छुटकी! इसे विसर्जन कहा जाता है जो पौराणिक समय से चला आ रहा है। मुंबई में भी गणपति बप्पा की मूर्ति पूजा के बाद समुद्र में प्रवाहित की जाती है।"
"भैया, ऐसा क्यों किया जाता है?"
"विसर्जन से गणपति अपने घर चले जाते हैं। दुनिया एक चक्र के रूप में चलती है। जो आता है उसे जाना हीं होता है।"
"भैया, मैं आपकी बात समझ गई लेकिन स्कूल जाने के रास्ते में मैंने जो देखा, उसे देखकर मुझे रोना आ गया।"
" तुमने क्या देखा, छुटकी?"
"भैया, दुर्गा मां की मूर्ति से उनके हाथ अलग हो गए थें। मां के दिव्य मुख में केवल एक आंख बची हुई थी। सभी मूर्तियां बुरी स्थिति में थीं।"
"हम्म्म!…मैं तुम्हारी पीड़ा को समझ सकता हूं। यहां भी मैंने बप्पा की मूर्ति की दुर्दशा को देखा है। मानव संवेदनशील प्राणी होकर भी अपने कुछ कार्यों द्वारा असंवेदनशील बन जाता है। मुझे भी यह देखकर अच्छा नहीं लगता है।"
"लड्डू भैया! तो क्या इस समस्या से निकलने का कोई बीच का मार्ग नहीं है। जिससे मूर्ति नहीं टूटे और विसर्जन भी हो जाए।"
"यह विचारणीय विषय तो है। बीच का मार्ग निकालना पड़ेगा….।"

# यथा शक्ति तथा भक्ति

"हैलो! संध्या, सुन ना! क्या तुम कोई पंडित जी को जानती हो?
नवरात्रि में हर वर्ष की तरह कलश स्थापना करना है पर मेरे पुराने पंडित जी की तबियत ख़राब हो गई है।"
"अरे! श्वेता किस से पूछ रही है।तू तो जानती है ना!मैं इन पंडित पूजा से दूर रहती हूँ। हाँ! माँ की आराधना स्वयं करती हूँ। पर इस बार शरीर कुछ अस्वस्थ है।पति देव ने सख्त हिदायत दे दी है कि व्रत नहीं रखना है पर हम दोनों ने कड़ाई से नौ कसमें निभाने का सोचा है।"



सविता गुप्ता

"कौन सी क़सम डियर ?श्वेता ने उत्सुकता से पूछा।
"अरे! छोड़ ना इनका प्रोफेसर गिरी का भूत है और कुछ नहीं।"
"बता ना""तो सुनप्रथम दिवस हम नमक नहीं खाएँगे।
द्वितीय दिवस हम चीनी का त्याग करेंगे।
तृतीया को हम घी ,तेल का सेवन नहीं करेंगे।
चतुर्थी को हम किसी बहस , लड़ाई ,पचड़े में नहीं पड़ेंगे।
पंचमी को हम एक दूसरे के गुणों का बखान करेंगे।
षष्ठी को हम दोनों मिलकर खाना बनाएँगे।
सप्तमी को बच्चों के साथ पंडाल घुमने जाएँगे।
अष्टमी तिथि को मेरी किचन से छुट्टी रहेगी।सभी फल ,मिठाई खाएँगे और पंडाल जाकर पुष्पांजलि देंगे और खिचड़ी के भोग का सेवन करेंगे।
नवमी तिथि को पास के बस्ती की कन्याओं को पठन सामग्री और फल बाटेंगे।
वाह! क्या बात है, संध्या !बहुत ही हितकारी, लाभकारी, आनंददायक कसमें दिलाई है, भाई साब ने पूजा का आनंद, श्रद्धा -भक्ति घूमना फिरना सहित सेहतमंद रहने का पूर्ण ख्याल रखा है।"
"मैं भी सोच रही हूँ पंडित के चक्कर में ना पड़कर स्वयं ही यथा शक्ति तथा भक्ति।"

# प्राइवेट असिस्टेंट



डॉ आकांक्षा चौधरी

"वाह कमला, बड़ा बढ़िया प्राइवेट असिस्टेंट रक्खी हो! हम्म, हाजिरी बनवा देते हैं तुम्हारी सब जगह। हमलोग को तो कभी नहीं इतना सपोर्ट मिलता है हसबैंड के तरफ़ से, क्यों सखियों!" कमला की चचेरी बहन नीता शेखर अपनी किटी सहेलियों के बीच कमला पर फब्तियां कसने से बाज नहीं आ रही थी। दोनों बहनें एक ही शहर में ब्याही गईं थीं और नीता दीदी का इकानॉमिक स्टेटस कमला से कहीं ऊपर था। उनके पास अलग गाड़ी और ड्राइवर थे, वे अफोर्ड कर सकतीं हैं भाई! यहां कमला और उसके पति दोनों प्राइवेट स्कूल में टीचर और सवारी के नाम पर एक स्कूटी, तो रास्ते में उसे इस रेस्तरां में किटी के लिए छोड़ते घर की ओर बढ़ गए।

नीता दीदी ने रेस्तरां की बालकनी से देख लिया था। कमला को लगा ही रहा था कि वह बेकार ही इस किटी वाली हाई फाई पार्टी का निमंत्रण स्वीकार कर रही है, पर दीदी को सीधे मना करते नहीं बना। चलो, एक बार के बाद नहीं जाएंगे, ऐसा सोचकर आज कमला आ गई थी। पर, नीता दी की फब्तियां शुरू हो गईं। अब हर बात पर वे अपनी सखियों के बीच कमला को प्राइवेट असिस्टेंट वाला कमेंट कर रहीं थीं और सभी खिखिया रहीं थीं।

नीता दीदी काउंटर पर आनलाइन पेमेंट कर रहीं थीं और कमला उनका हैंडबैग पकड़ कर पीछे खड़ी थी, तब तक में दीदी का फोन बज पड़ा। फोन शेखर का था, तो नीता ने कमला को फोन रिसीव करने को कहा। कमला ने फोन रिसीव कर जैसे ही हैलो बोलना चाहा कि उधर से गरमाए हुए शेखर ने बिफरते हुए कहा - "ये चालीस हजार की क्या शापिंग की है तुमने और फिर आज किटी में उड़ाना पचासों हजार। मैं तो बैठा हूं यहां पीए तुम्हारा, जो क्रेडिट कार्ड भरता रहे!" कमला ने धीरे से कहा - "जीजा जी, माफ किजीए मैं कमला! दीदी को अभी फोन देती हूं!"

आगे नीता और शेखर के बीच क्या बातें हुईं, ये तो कमला को नहीं पता, पर अब वह पीए वाली फब्ती की चुभन से आजाद महसूस कर रही थी।

# खुद से बतियाना अच्छा लगता है



रीना सिन्हा सलोनी

कभी-कभी कुछ ऐसी बातें घटित हो जाती हैं जो तर्क से परे होती हैं लेकिन हम उन्हें नकार नहीं सकते।

आज दिवाली के कुछ दिन पहले अपनें आउटहाउस के छोटे छोटे बच्चों को कच्ची मिट्टी से दीवाली के घरौंदे बनाते देख मुझे अपनें बचपन की वो घटना याद आ गई जो आज भी मेरे आँखों के सामनें ज्यों की त्यों धरी है।

बचपन में मुझे दीवाली में मिट्टी के घरौंदे बनाने का बहुत शौक था , हर साल जब भी दीवाली आती मैं घरौंदे बनाने की ज़िद करती पर मेरी दादी हर बार मुझे रोक देती। दादी बताती थी कि हमारे यहां घरौंदे बनाना शुभ नहीं होता है, शायद काफी साल पहले हमारे यहां घरौंदे के दिये से आग लग गई थी इसीलिए तभी से इसे अपशकुन मानते थे। मुझे इन सब बातों पर बिल्कुल विश्वास नहीं होता और न ही मुझे ये बातें समझ आती पर दादी के आगे मेरी एक न चलती और मैं मन मसोस कर रह जाती।

लेकिन एक बार मैंने ज़िद करके माँ और दादी को घरौंदे बनानें के लिए किसी तरह मना ही लिया। जल्दी जल्दी घर के पिछवाड़े से ईंटें उठा लाई और बगीचे की मिट्टी को गीला करके उससे ईंटों को जोड़कर सुन्दर सा घरौंदा बना लिया। गत्ते से घरौंदे की छत बनी और माचिस की तीलियों से जंगले और किवाड़ पर सजावट कर दी। माली से क्यारी रंगने वाला चूना मांग कर घरौंदे की दीवारें और गमले के गेरू रंग से छत को रंग दिया।



संस्मरण

घरौंदे के चारो ओर मिट्टी की दीवार पर सींक झाड़ की सीकें लगा कर चारदीवारी भी बना दी गई। मैंने अपनी गुड़िया के बक्से से मिट्टी की कुल्हिया चुकिया (बर्तन) लाकर सजा दिया और घरौंदे के आस पास सब गुड्डे गुड़ियों की जमात बैठा दी गई। अपने सुन्दर से घरौंदे को देखकर मैं बहुत खुश थी।

दीवाली की शाम को जब सब जगह दिए सजाए जा रहे थे तो मैंने भी अपने घरौंदे को दियों से सजा दिया। मेरा बनाया पहला घरौंदा जगमग करता मुझे सबसे प्यारा लग रहा था। फिर आई पटाखे छुड़ाने की बारी और मैं दोनों भाइयों के साथ घरौंदे को भूल पटाखे छुड़ाने में लग गई। देर रात हो चली थी और पटाखे भी खत्म हो चले थे, अचानक मुझे घरौंदे से तेज आग की लपटें उठती दिखाई दी..मैं भागकर घरौंदे के पास गई और देखा की मेरा सुन्दर सा घरौंदा धू धू कर जल रहा था। जबतक हमलोग पानी लाकर आग बुझाते तबतक मेरा घरौंदा पूरी तरह जल चुका था।

मैं बिल्कुल सहम गई और दिमाग सुन्न सा था….मेरी दादी बोल रही थी "इसीलिए मैं मना कर रही थी घरौंदा बनाने" … मुझे समझ नही आ रहा था की मैं क्या बोलूँ बस दादी की बात न माननें के लिए मन ही मन पछता रही थी। उसके बाद मैंने फिर कभी घरौंदे बनाने की कोशिश नहीं कि।

हालांकि मुझे पता था कि घरौंदे का जलना अपशकुन नही संजोग की बात थी फिर भी पता नही क्यों इसके बाद कभी घरौंदा बनानें की हिम्मत नहीं हुई। बरसों बाद अब जब मेरी बेटी थोड़ी बड़ी हुई तो ज़िद करके घरौंदा खरीद कर ले आती है और सजाती है लेकिन आज भी मेरे मन में घरौंदे के जलने का डर बैठा रहता है…

कभी कभी कुछ बाते अंधविश्वास की होती हैं फिर भी हम उन्हें जानें क्यूँ मान लेते हैं…मेरे घरौंदे के जलने की बात भी उन्हीं में से एक है।

संयोजक : नरेश अग्रवाल



## रेलयात्रा

भाई, जो कहो, मगर आज भी रेल ही सबसे मुफ़ीद, आरामदेह और किफायती सवारी है," सरदार बलजीत सिंह ने जोर देते हुए कहा। सामने के वयोवृद्ध सज्जन ने सहमति में सर हिलाया, जो सपत्नीक दिल्ली जा रहे थे। चर्चा के दौरान इनसे सरदार जी की आत्मीयता बढ़ गई थी। "सुरक्षा कहां है, अंकल जी!" बगल की बर्थ से एक नवयुवक के प्रतिरोध-स्वर गूंजे। "आर पी एफ के रहते ट्रेन-डकैतियां आए दिन होती रहती हैं। मेरा तो मत है कि रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स का नाम बदलकर रेलवे वसूली फोर्स कर देना चाहिए। छोटे-मोटे व्यापारी और गरीब बेटिकट यात्री उनके निशाने पर रहते हैं," युवक ने अपने शब्दों का विस्तार किया था।




मनोज कुमार झा 'मनु'

सरदार जी निरूत्तर हो गए। बात तो लड़का ठीक कर रहा था। सुरक्षा तो हमारे यहां भगवान-भरोसे ही है। अचानक ट्रेन धीमी हुई, फिर एक झटके के साथ रुक गई। शायद किसी ने आपात-ज़ंज़ीर खींची थी। "कोई भी अपनी जगह से न हिले अन्यथा गोली चल जाएगी,"अनायास ही पाँच-छः युवक हवा में तमंचे लहराते हुए गरजे। पूरी बोगी में हड़कंप मच गया। लूटपाट शुरू हो गई। सरदार जी ने चुपचाप अपने सारे पैसे निकालकर दे दिए। उनकी तीनों बेटियों ने अपनी चेनें और अंगूठियां उतारकर रख दीं। कुछ मिनट बाद किसी की आवाज गूंजी, 'हो गया?' जबाब मिला, हां, भागो।' अरे, असल माल को कहां छोड़े जा रहे हो? चलो, इन तीनों को भी साथ ले चलते हैं। और, वे सब उन युवतियों पर बाज की भांति झपट पड़े।

भैया, छोड़ दो, हमें। वो कातर स्वर में गिड़गिड़ाईं। सरदार जी ने खूब हाथ-पांव जोड़े। फिर, अपनी ताकत-भर प्रतिकार भी किया। लेकिन, उनके सर पर प्रहार हुआ और वे लहूलुहान हो गए। परिचर्चा में शामिल उस युवक ने सख्त प्रतिरोध किया, जिसके पैर में गोली मारकर ज़ान बख्शा दी गई। भयवश अन्य यात्रियों ने मुंह न खोला।

उन तीनों को बलात् कब्जे में लेकर डकैत फरार हो चुके थे। अगले जंक्शन पर आरपीएफ ने शिकायत दर्ज की। घायलों को चिकित्सा मुहैया कराई गई। दूसरे दिन समाचार पत्रों में भीषण ट्रेन-डकैती और सरदार जी की बेबसी की दिल दहलानेवाली ख़बर छपी। विरोधी दलों ने सत्ताधारी दल का पुतला फूंका। सरदार जी एस पी साहब से भी मिले। सबने सहानुभूति दर्शाई, भरपूर आश्वासन मिले, मगर बेटियां नहीं मिलीं। अब समाचार की सुर्खियां बदल चुकी थीं।

## मैं रावण हूं



यहां कौन है राम जैसा ?
किसके पुरुषार्थ का दंभ दिखाते हो ?
मर्यादा पुरुषोत्तम की छवि, तुम किसमे देख पाते हो ?
रावण दहन पर किस बात का जश्न मनाते हो ?
हर साल मुझ रावण को क्यों बुलाते हो ?
मेरे दहन को आयेंगे व्हाइट कलर नेता,
लंबा भाषण दे फोटो खिंचवाएंगे,
सालभर घोटाला कर
दशमी पर मुझे जलाएंगे।
काल कोठरी में जाने से
इन्हें क्यों बचाते हो ?
हर साल मुझ रावण को
क्यों बुलाते हो ?
मेरी लंका में सीता की
परछाई भी छू न सका
कोई,
अपनी बहू बेटी की
अस्मत क्यों नही बचा पाते हो ?
खुलेआम घूम रहे कुकृत्य करने वाले,
नाम उजागर करने से क्यों डर जाते हो ?
हर साल मुझ रावण को क्यों बुलाते हो ?
जिंदा जला दी गई सुहाग की सेज पर सजी दुल्हन,
दहेजलोभियों को धूल क्यों नही चटा पाते हो ?
समाज में खुलेआम घूम रहे दरिंदे,
फिर भी मेरे ही पुतले को जलते हो,
हर साल मुझ रावण को क्यों बुलाते हो ?
छतनार था कुनबा मेरा, पराक्रम मैने पाई थी,
पर भाई विभीषण के कारण मैंने मुंह की खाई थी।
घर के भेदी के कारण मुझे कमजोर कर पाते हो ?
पर अपने ही घर में विभीषण क्यों नहीं खोज पाते हो ?
हर साल मुझ रावण को क्यों बुलाते हो ?



सत्या सिन्हा

## आज का दोहा

पूर्वाग्रह की देहरी, लोग न करते पार।
यही वजह थी युद्ध में, गया दशानन हार।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ का बाबरी पर बयान

# क्यूरेटिव याचिका की तैयारी, फिर खुलेगा अयोध्या केस?

**एजेंसी । नई दिल्ली**

महान कानूनी विद्वान और पूर्व अमेरिकी न्यायाधीश रिचर्ड एलन पॉसनर ने एक बार कहा था कि हमारे लिए बेहतर है कि हम न्यायाधीशों को मनुष्य के रूप में देखें, न कि एक प्रोमेथियस के रूप में जो दुनिया को बदलने पर आमादा है, या एक संत के रूप में जो मानवीय कमजोरियों, पूर्वाग्रहों और दुर्बलताओं से रहित है। भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने हाल ही में कहा कि बाबरी मस्जिद बनाकर उस जगह यानी मंदिर की पवित्रता नष्ट की गई। पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ के बयान के बाद विवादों का सिलसिला तेज हो चला। प्रोफेसद मदन जी मोहन गोपाल ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पूर्व चीफ जस्टिस की ये टिप्पणी क्यूरेटिव पेटीशन का आधार बन सकती है। अगर ऐसा होता है तो अयोध्या विवाद का मामला एक बार फिर से कोर्ट में खुल सकता है।

**पूर्व सीजेआई ने अयोध्या पर क्या कहा?** : पूर्व सीजेआई ने डीवाई चंद्रचूड़ ने पहले एक इंटरव्यू में अयोध्या विवाद पर सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले को लेकर पूछे गए सवालों के दौरान कहा था कि बाबरी मस्जिद का 'निर्माण ही बुनियादी तौर पर अपवित्र कार्य था। बाद में मुंबई में इंडिया टुडे कॉनक्लेव में उन्होंने कहा कि उनके शब्दों को अलग तरह से पेश किया जा रहा है, जिससे अयोध्या विवाद पर उनके विचार का संदर्भ बदल गया है। पूर्व सीजेआई ने कहा कि सोशल मीडिया पर क्या हो रहा है कि लोग उत्तर के एक हिस्से को उठाकर उसे दूसरे हिस्से से जोड़ रहे हैं, जिसमें पूरा संदर्भ ही हटा दिया गया है।

**पुनर्विचार याचिका की जाएगी दाखिल** : प्रोफेसर डॉ मोहन जी गोपाल ने कहा कि अयोध्या राम मंदिर-बाबरी मस्जिद विवाद पर भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की हालिया टिप्पणी, फैसले को चुनौती देने के लिए सर्वोच्च न्यायालय में क्यूरेटिव याचिका दायर करने के लिए पर्याप्त आधार प्रदान कर सकती है। प्रोफेसर गोपाल ने कहा कि न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की यह टिप्पणी कि बाबरी मस्जिद का निर्माण एक मौलिक कार्य था, अत्यंत महत्वपूर्ण है। साल 2019 में सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की संवैधानिक बेंच ने राम मंदिर मामले में फैसला सुनाया था। उस बेंच में तत्कालीन मुख्य न्यायधीश रंजन गोगोई, जस्टिस एसए बोबडे, जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस अशोख भूषण और जस्टिस अब्दुल नजीर शामिल थे।

### क्या होती है क्यूरेटिव पेटीशन

सुप्रीम कोर्ट अगर कोई फैसला सुना देता है तो पहले पहल रिव्यू पेटीशन डाली जा सकती है। यानी किसी पार्टी को किसी फैसले में किसी बात पर आपत्ति है तो वो कोर्ट से गुज़ारिश कर सकता है कि दोबारा से विचार किया जाए। रिव्यू पेटीशन फैसले के तीस दिन के भीतर फाइल करनी होती है। इसकी सुनवाई वही बेंच करती है, जिसने फैसला सुनाया था। सुप्रीम कोर्ट खुद भी अपने फैसले का रिव्यू कर सकता है। वहीं क्यूरेटिव पेटीशन एकदम आखिरी लीगल ऑप्शन की तरह है। इसका स्कोप रिव्यू पेटीशन के मुकाबले बहुत कम होता है। अगर ऐसा लगे कि फैसला देते समय नैचुरल जस्टिस के सिद्धांत को पूरी तरह से दरकिनार कर दिया गया तो ये पेटीशन काम आ सकती है। सीजेआई सहित सुप्रीम कोर्ट के तीन सबसे वरिष्ठ जज इसकी सुनवाई करते हैं। भोपाल गैस त्रासदी याकूब मेनन, 2012 दिल्ली गैंग रेप जैसे चर्चित मामलों में इसका इस्तेमाल हुआ।



### अयोध्या राम जन्मभूमि केस में एससी ने अपने फैसले में क्या कहा था?

अपने 2019 के फैसले में सर्वोच्च न्यायालय ने अन्य चिंताओं पर आस्था को प्राथमिकता दी। न्यायालय ने यह टिप्पणी करते हुए भी कि आस्था व्यक्तिगत आस्थावानों तक सीमित है और वह लोगों की मान्यताओं के आधार पर भूमि विवाद का निपटारा नहीं कर सकता, अंतत: विवादित भूमि को एक हिंदू मंदिर के निर्माण के लिए दे दिया। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि मुस्लिम पक्ष यह साबित करने में असफल रहा है कि बाबरी मस्जिद वाले स्थान पर उनका कोई निर्बाध मालिकाना हक रहा है।

### अयोध्या मामले में क्या फिर से सुनवाई हो सकती है?

अयोध्या मामले के फैसले को दिए छह साल गुजर चुके हैं। सिर्फ और सिर्फ एक इंटरव्यू में दिए पूर्व जज के दिए बयान के आधार पर क्यूरेटिव पेटीशन पर फिर से सुनवाई किया जाना मुश्किल है। कानूनी जानकारों का मानना है कि क्यूरेटिव पेटीशन से पहले इसे कई सारी प्रक्रियाओं से होकर गुजरना पड़ता है। इसके अलावा जजमेंट से किसी भी पार्टी को ठेस पहुंची तो छह सालों का विलंब क्यों किया गया। फिर नैचुरल जस्टिस के सिद्धांत को दरकिनार करने का आधार एक ज्यूडिशियल रिमार्क कैसे बन पाएगा ये भी महत्वपूर्ण है।

# चुनाव आयोग की राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

### भाजपा ने एक या दो चरणों में चुनाव कराने की रखी मांग

**पटना (आईएएनएस)**

बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शनिवार को चुनाव आयोग ने बिहार के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और उनके साथ चर्चा की। इस दौरान सभी दलों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने सुझाव और मांग को चुनाव आयोग के सामने रखा। भाजपा ने चुनाव आयोग के सामने 16 सूत्री मांग और सुझाव रखे हैं। बैठक के बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि भाजपा ने एक या दो चरणों में चुनाव कराने की मांग की है। भाजपा ने इस दौरान मतदाता सूची की तैयारी पारदर्शी एवं बेहतर तरीके से करने के लिए भारतीय निर्वाचन आयोग को बधाई दी।

भाजपा ने चुनाव आयोग से कहा है कि बिहार के कई विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केंद्र धार्मिक स्थलों में स्थित हैं। बार-बार आयोग को इस संबंध में निवेदन करने के बाद भी इन मतदान केंद्रों को नहीं बदला जा रहा है। ये सभी मतदान केंद्र आज से 30 वर्ष पूर्व से बने हुए हैं। पहले इन इलाकों में कोई भी सरकारी भवन एवं




स्कूल-कॉलेज नहीं हुआ करते थे। अब सभी जगहों पर मतदाताओं के निकट स्कूल और कॉलेज हो गए हैं। चुनाव के पूर्व इन सभी मतदान केंद्रों की जांच कर नए सरकारी भवन में मतदान केंद्र बनाने की मांग रखी है। भाजपा ने मतदाताओं को चुनाव प्रारंभ होते ही वोटर स्लिप सही तरीके से बांटने की मांग की है ताकि मतदाता उसे लेकर मतदान केन्द्र पर पहुंच सकें। भाजपा ने चुनाव के एक दिन पूर्व विधानसभा क्षेत्र में केंद्रीय पैरामिलिट्री फोर्स का फ्लैग मार्च कराने की भी मांग रखी तथा चुनाव के दिन जिला और विधानसभा क्षेत्र का बोर्डर सील कराने की मांग की। भाजपा ने स्वच्छ एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए मतदान केन्द्र पर किसी भी तरह के ढके हुए।

## बुर्काधारी महिलाओं की पहचान हो सुनिश्चित

**नई दिल्ली** । भाजपा ने शनिवार को चुनाव आयोग से आगामी बिहार विधानसभा चुनाव एक या दो चरणों में कराने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि मतदान केंद्रों पर बुर्का पहने महिलाओं की मतदाता पहचान पत्र की तस्वीरों का उचित तरीके से सत्यापन किया जाए। भाजपा ने खुद को अपने प्रमुख प्रतिद्वंद्वी राजद के साथ गैर-चरणबद्ध चुनावों के मुद्दे पर एक ही पृष्ठ पर पाया, लेकिन महिला मतदाताओं के घूंघट पहनने के मुद्दे को उठाने के लिए उस पर राजनीतिक साजिश का आरोप लगाया गया। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में आई चुनाव आयोग की टीम के साथ बैठक के बाद, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप



जायसवाल ने कहा, "हमने चुनाव आयोग से एक या दो चरणों में चुनाव कराने का आग्रह किया है। चुनाव प्रक्रिया को चरणों में पूरा करने की आवश्यकता नहीं है। साथ ही, मतदाताओं, खासकर बुर्काधारी महिलाओं के चेहरों का मिलान उनके संबंधित मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) से सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

## राजनीतिक दलों ने छठ पर्व के बाद मतदान की मांग की

**नई दिल्ली** । मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में, बिहार के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों, चुनाव आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी, बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी विनोद सिंह गुंज्याल और आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सफलतापूर्वक चर्चा हुई। इस बातचीत के दौरान, चुनाव आयोग ने कहा कि राजनीतिक दल लोकतंत्र की आधारशिला हैं और सभी दलों को पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। चुनाव आयोग ने मतदाताओं से चुनाव के उत्सव को



सद्भाव और सम्मान के साथ मनाने और चुनावों की पारदर्शिता का अनुभव करने का आग्रह किया। इसने राजनीतिक दलों से यह सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया कि वे प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदान अभिकर्ता नियुक्त करें।

# बिहार यूपी में बारिश से हाहाकार पटना में फ्लाईओवर की सड़क धंसी

- काशी में एंबुलेंस आधी डूबी, BHU में पानी भरा मरीजों को गोद में उठाया; अक्टूबर में बारिश का 125 साल का रिकॉर्ड टूटा




**एजेंसी । पटना**

बिहार के पटना, मुजफ्फरपुर, वैशाली, गोपालगंज, पूर्णिया समेत कई जिलों में सुबह से बारिश हो रही है। पटना में मीठापुर फ्लाईओवर की सड़क धंस गई। गोपालगंज में अस्पताल में बारिश का पानी घुस गया। सारण, रोहतास और मुजफ्फरपुर में रेलवे ट्रैक के ऊपर बारिश का पानी चढ़ गया है। रोहतास में दलित बस्ती में 15 मकान गिर गए हैं। कई जिलों में सड़कों पर घुटने भर पानी भर गया है। लोगों परेशान हैं। छपरा-सीवान रेल खंड के एकमा स्टेशन के पास मेन लाइन पर पेड़ गिरने से छह घंटे से अपलाइन बंद है। इधर, सारण और गोपालगंज में खराब मौसम को देखते हुए जिलाधिकारी ने शनिवार को स्कूल बंद करने की चिट्ठी जारी कर दी है। बेतिया में आकाशीय बिजली गिरने से मां-बेटी की मौत हो गई। वहीं गोपालगंज और आरा में एक युवक की जान वज्रपात की चपेट में आने से चली गई।

मौसम विज्ञान केंद्र पटना ने आज पूरे बिहार में 32 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं सारण, मुजफ्फरपुर, सुपौल में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। गोपालगंज, सीवान, सारण, भोजपुर वैशाली, दरभंगा और मधुबनी जिले में अत्यंत भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार को पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, शिवहर, समस्तीपुर, वैशाली, पटना, बक्सर, भोजपुर, सारण, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, अरवल, जहानाबाद, गया, नालंदा, नवादा, दरभंगा, मधुबनी, शेखपुरा, बांका, भागलपुर, पूर्णिया, अररिया, कटिहार, किशनगंज, सहरसा, सुपौल में अगले दो से तीन घंटे में मध्यम दर्जे की मेघ गर्जन, वज्रपात, 30 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने के साथ बारिश होने के आसार हैं। रोहतास में रेलवे ट्रैक पर चढ़ा बारिश का पानी रोहतास में शुक्रवार रात आंधी एवं भारी बारिश से बड़ी तबाही हुई है। कई जगह जलजमाव से लोग परेशान है। कई जगह बड़े-बड़े पेड़ गिर गए हैं। कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात हैं। हजारों घर प्रभावित हो गए हैं। सासाराम सहित जिले के अन्य शहरों में बड़ी संख्या में पेड़ एवं बिजली के खम्भे टूटे, बिजली एवं पेयजल का संकट हो गया है। जिले में सड़क यातायात बुरी तरह प्रभावित हो गए हैं। सासाराम में रेलवे ट्रैक पर भी बारिश का पानी चढ़ गया है। जिला प्रशासन ने आम लोगों से सावधान रहने की अपील की है।

## आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला। आज आपका ध्यान अपने काम को पूरा करने में लगेगा, आपके अधिकतर काम सफल होंगे। आज आप नए वाहन को लेकर उत्साहित बने रहेंगे। आज आप बुजुर्गों की सेवा का लाभ उठायेंगे, उनके आशीर्वाद से आपके जीवन में चल रहीं समस्याएं ख़त्म होगी।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप व्यापार में अच्छा लाभ कमायेंगे, जिससे आपके सपने जल्द ही पूरे होंगे। आज आपका दाम्पत्य जीवन खुशनुमा बना रहेगा, बच्चे भी मन लगाकर पढ़ाई करेंगे। आज आप कुछ वक्त आध्यात्म में बितायेंगे, आपके मन को शांति मिलेगी।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए पॉजिटिव बना रहेगा। आज आपको नौकरी में किसी बड़ी कम्पनी से ऑफर आएगा और आपका इंटरव्यू भी क्लियर हो जायेगा। आज आपको किसी शारीरिक समस्या से छुटकारा मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न होगा। आज आप कोई नया मुकाम हासिल करने में सफल रहेंगे।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आज आपको रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे, जिससे आपकी आर्थिक समस्या ख़त्म होगी। आज आपके क़ानूनी मामले किसी की मदद से सुलझ जायेंगे, आप राहत महसूस करेंगे। आज आप निजी जीवन से सम्बंधित कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप सामाजिक कार्यों में हाथ बटायेंगे, जिससे आपकी छवि अच्छी बनेगी। इस राशि के अविवाहित व्यक्तियों को विवाह प्रस्ताव मिल सकता है। आज आप किसी सरकारी योजना का लाभ लेने में सफल रहेंगे। आज आप प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट करने का प्लान बना सकते हैं।

**कन्या :** आज का दिन आपके अनुकूल बना रहेगा। आज आप किसी भी काम को शांत मन और गंभीरता के साथ करेंगे तो आपको उसमें सफलता अवश्य मिलेगा। आज आप अपने काम को आगे बढ़ाने के लिए, उसकी नयी ब्रांच ओपन कर सकते हैं। आज आप समय के साथ खुद को बदलने का प्रयास करेंगे।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपके कारोबार में उन्नति होगी, भौतिक सुख - सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। आज आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा, आप ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। आज आप दोस्तों के साथ बाहर घूमने की प्लानिंग कर सकते हैं, आपको अच्छा लगेगा। आज किसी को दिया हुआ धन आपको वापस मिलेगा।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए मिला - जुला रहेगा। आज आप कोशिश करें, की किसी भी बात के ऊपर बिना सोचे - समझें रियेक्ट न करें। इससे आपके रिश्ते ख़राब हो सकते हैं। आज आप अपने आत्मविश्वास को कम न होने दें। साथ ही जमीन - जायदाद के मामलों को निपटाने के लिए, आज का दिन ठीक है।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप जीवनसाथी के साथ शॉपिंग करने मार्केट जा सकते हैं। साथ ही किसी अच्छे रेस्टोरेंट में खाना भी खायेंगे। आज कई दिनों से अटका हुआ आपका काम पूरा हो जायेगा। आज आप मंदिर जाकर भगवान का आशीर्वाद लेंगे, आपका दिन अच्छा बनेगा।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए ठीक - ठाक रहेगा। आज आपकी सहायता से किसी व्यक्ति का काम बन जायेगा। आज आप नए अवसरों की तलाश में बाहर निकलेंगे, जहां आपको कई बेहतरीन मौके मिलेंगे। आज आपको ससुराल पक्ष से खुशखबरी मिलेगी, जिससे घर का माहौल अच्छा रहेगा।

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको व्यापारिक रिश्तों का बड़ा लाभ मिलेगा। साथ ही आप कुछ नया काम भी शुरू कर सकते हैं। आज आपका वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा, आपको किसी रिश्तेदार से शुभ समाचार मिलेगा। आज आपका मन आध्यात्म में लगेगा, आपको मानसिक शांति मिलेगी।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए पहले से बेहतर रहेगा। आज आप वो करें जिसे करने से आपको ख़ुशी प्राप्त हो। आज आप किसी सामाजिक समारोह में शामिल होंगे, जहाँ आपका मान - सम्मान होगा। आज आपकी स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान होगा, आप खुद को एनर्जी से भरा हुआ पायेंगे।

### नक्सलियों के लिए अमित शाह का सख्त संदेश

# आओ, हथियार डाल दो आकर्षक नीति तैयार है

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि छत्तीसगढ़ में नक्सली



आंदोलन पर लगाम लगाने के प्रयासों के तहत सरकार ने एक लाभदायक आत्मसमर्पण नीति तैयार की है। नक्सलियों से बातचीत की माँग पर शाह ने कहा कि इस बारे में बात करने की कोई ज़रूरत नहीं है क्योंकि केंद्र और छत्तीसगढ़ की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार बस्तर सहित पूरे नक्सल प्रभावित क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रीय गृह मंत्री ने बस्तर में शांति भंग करने के ख़िलाफ़ चेतावनी दी और कहा कि राज्य की मशीनरी इसका कड़ा जवाब देगी। उन्होंने कहा कि इस देश की धरती से नक्सलवाद को अलविदा कहने के लिए 31 मार्च, 2026 की तारीख तय की गई है। शाह ने यहाँ बस्तर दशहरा समारोह में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ लोग (नक्सलियों से) बातचीत की बात करते हैं। मैं एक बार फिर स्पष्ट कर देना चाहता हूँ: हमारी दोनों सरकारें, छत्तीसगढ़ सरकार और केंद्र सरकार, बस्तर और पूरे नक्सली क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित हैं। इसमें बात करने की क्या बात है? हमने एक बहुत ही आकर्षक आत्मसमर्पण नीति बनाई है। आइए, हथियार डाल दीजिए। शाह ने साफ तौर पर कहा कि अगर आप हथियार उठाएँगे और बस्तर की शांति भंग करने की कोशिश करेंगे, तो हमारे सशस्त्र बल, सीआरपीएफ और छत्तीसगढ़ पुलिस जवाब देंगे। 31 मार्च, 2026 इस देश की धरती से नक्सलवाद को अलविदा कहने के लिए तय किया गया है।

### नौ बच्चों की मौत के बाद मप्र सरकार ने 'कोल्ड्रिफ' सिरप की बिक्री पर रोक लगाई

मध्यप्रदेश सरकार ने छिंदवाड़ा जिले में सात सितंबर से संदिग्ध



गुर्दा संक्रमण के कारण नौ बच्चों की मौत के बाद शनिवार को 'कोल्ड्रिफ' सिरप की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शनिवार को 'एक्स' पर कहा, ''छिंदवाड़ा में कोल्ड्रिफ सिरप के कारण बच्चों की मौत बेहद दुखद है। इस सिरप की बिक्री पूरे मध्यप्रदेश में प्रतिबंधित कर दी गई है। सिरप को बनाने वाली कंपनी के अन्य उत्पादों पर भी प्रतिबंध लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सिरप कांचीपुरम की एक फैक्टरी में बनाया गया था और घटना के बाद मध्यप्रदेश सरकार ने तमिलनाडु सरकार से जांच कराने का अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि जांच रिपोर्ट आज सुबह प्राप्त हुई और कड़ी कार्रवाई की गई है।

# 26/11 पर विदेशी दबाव? कांग्रेस ने राष्ट्रहित से समझौता किया!

### संबित पात्रा ने सोनिया को घेरा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भाजपा सांसद संबित पात्रा ने शनिवार को 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों के बाद पाकिस्तान को भारत की प्रतिक्रिया को लेकर कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और पी चिदंबरम पर तीखा हमला बोला। पात्रा ने एएनआई को बताया कि सोनिया गांधी का निर्देश था कि पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई न करें। उन्होंने भारत को झुकाया और पाकिस्तान को शरण दी। उन्होंने दावा किया कि सोनिया गांधी ने पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई न करने का फैसला सुनाया। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई न करने के लिए कांग्रेस पार्टी की आलोचना की और विदेशी ताकतों पर पार्टी को प्रभावित करने का आरोप लगाया। पात्रा ने आगे कहा कि नटवर सिंह ने अपनी आत्मकथा में लिखा है कि सोनिया गांधी सरकार अमेरिका से सलाह-मशविरा करने के बाद भारतीय कैबिनेट मंत्रियों के नाम तय करती थी... उनका मानना था कि 'सौगंध मुझे उस विदेश की, मैं देश नहीं उठने दूँगी। पात्रा ने 26/11 के हमलों के बाद पाकिस्तान के खिलाफ भारत की जवाबी कार्रवाई न करने के पीछे विदेशी दबाव के बारे में पी चिदंबरम के हालिया बयान पर सवाल उठाया और कहा कि चिदंबरम खुद सोनिया गांधी के नेतृत्व में निर्णय लेने की प्रक्रिया का हिस्सा थे।

उन्होंने कहा कि सिर्फ़ इसलिए कि 'पूरी दुनिया दिल्ली में उतर आई थी', कांग्रेस पार्टी ने पाकिस्तान के खिलाफ कोई कार्रवाई न करने का फैसला किया। यह उस समय का भारत था, गांधी परिवार के शासनकाल में... यह फैसला सोनिया गांधी ने गैरकानूनी और असंवैधानिक रूप से लिया होगा।

### पीएमओ अधिकारी बनकर 74 लाख की ठगी ठेकेदार गिरफ्तार

**मुंबई** । मुंबई क्राइम ब्रांच यूनिट 11 ने एक बड़े घोटाले का पर्दाफाश करते हुए 38 वर्षीय ठेकेदार रवि नरोत्तम शर्मा को गिरफ्तार किया। शर्मा पर आरोप है कि उसने एक शहर के ज्योतिषी को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में अपने उच्च पदस्थ संबंध होने का झांसा देकर 74 लाख रुपए की ठगी की। पुलिस के अनुसार, शर्मा ने पीड़ित को एमएचएडीए की दो दुकानें दिलाने का झांसा दिया था। उसने दावा किया कि प्रधानमंत्री कार्यालय में उसकी पहुंच के चलते वह यह काम आसानी से करवा सकता है। भरोसा जताने के लिए आरोपी ने सरकारी दफ्तरों की नकली मुहरें भी दिखाई, जो अब पुलिस ने बरामद कर ली हैं। शर्मा को पुलिस ने जल्द ही एस्प्लैंड कोर्ट में पेश किया, जहां पुलिस ने उसकी हिरासत मांगी ताकि मामले की गहराई से जांच की जा सके। अधिकारियों ने कोर्ट को बताया कि आरोपी के पास कई सरकारी विभागों की नकली मुहरें मिली हैं।

**रहस्यमय मौत** — सहयोगी शेखर ज्योति गोस्वामी ने पुलिस के समक्ष किया चौंकाने वाला खुलासा

# प्रसिद्ध गायक जुबिन गर्ग को दिया गया था जहर?

- सभी आरोपियों को 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया

**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रसिद्ध गायक जुबिन गर्ग के बैंड के सदस्य शेखर ज्योति गोस्वामी ने एक चौंकाने वाला खुलासा करते हुए कहा है कि जुबिन गर्ग को सिंगापुर में जहर दिया गया था, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस के पास मौजूद आधिकारिक दस्तावेजों में यह जानकारी दी गई है। 'डिटेल्ड ग्राउंड्स ऑफ अरेस्ट' या रिमांड नोट के अनुसार ज्योति गोस्वामी ने आरोप लगाया है कि गर्ग को सिंगापुर में उनके प्रबंधक सिद्धार्थ शर्मा और नॉर्थईस्ट इंडिया फेस्टिवल के आयोजक श्यामकानु महंत ने जहर दिया था। हम आपको बता दें कि इस मामले में फेस्टिवल के आयोजक और जुबिन गर्ग के प्रबंधक तथा बैंड के दो सदस्यों ज्योति गोस्वामी और अमृतप्रभा महंत को गिरफ्तार कर 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया है।

जुबिन गर्ग की सिंगापुर में समुद्र में तैरते समय रहस्यमय परिस्थितियों में मृत्यु हो गई थी। वह श्यामकानु महंत और उनकी कंपनी की ओर से आयोजित महोत्सव के चौथे संस्करण में भाग लेने के लिए सिंगापुर गए थे। नोट में कहा गया है, "जब जुबिन गर्ग सांस लेने के लिए हांफ रहे थे और लगभग डूबने की स्थिति में थे, उस समय सिद्धार्थ शर्मा को 'जाबो दे, जाबो दे' (जाने दो, जाने दो) चिल्लाते हुए सुना गया। गवाह ने कहा है कि जुबिन गर्ग एक कुशल तैराक थे... और इसलिए डूबने से उनकी मृत्यु नहीं हो सकती। नोट पर एसआईटी की सदस्य और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोजी कालिता के हस्ताक्षर हैं।

नोट में कहा गया है, "उन्होंने (ज्योति गोस्वामी) आरोप लगाया कि सिद्धार्थ शर्मा और श्यामकानु महंत ने पीड़ित को जहर दिया था और अपनी साजिश छिपाने के लिए जानबूझकर विदेश में जगह चुनी थी।

### जुबिन गर्ग के मुंह-नाक से निकला झाग, फिर भी नहीं दी गई मेडिकल मदद



नोट में कहा गया है कि जब जुबिन गर्ग के मुंह और नाक से झाग निकल रहा था, तो सिद्धार्थ शर्मा ने "जरूरी चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराने के बजाय" इसे 'एसिड रिफ्लक्स' बताकर टाल दिया और दूसरों को आश्वस्त किया कि चिंता की कोई बात नहीं है। नोट के अनुसार, "जांच के दौरान एकत्र किए गए भौतिक साक्ष्य प्रथम दृष्टया उसे (शर्मा को) दोषी स्थापित करते हैं। इस नोट में दस्तावेजी रिकॉर्ड, वित्तीय लेन-देन और गवाहों के बयान शामिल हैं।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम इंडिया का ऐलान



## गिल को वनडे की कमान, रोहित-कोहली की वापसी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर सीमित ओवरों की सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है। शुभमन गिल को वनडे टीम की कमान सौंपी गई है। रोहित शर्मा-विराट कोहली वनडे टीम में बतौर खिलाड़ी शामिल किए गए हैं। सूर्यकुमार यादव टी20 टीम का जिम्मा संभालेंगे। भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 19-25 अक्टूबर के बीच तीन वनडे मुकाबलों की सीरीज खेलनी है, जबकि 29 अक्टूबर से 8 अक्टूबर के बीच दोनों देश पांच टी20 मुकाबलों की सीरीज खेलेंगे। इस दौरे के लिए वनडे फॉर्मेट में शुभमन गिल की कप्तानी में रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गज खिलाड़ी खेलते नजर आने वाले हैं, जबकि श्रेयस अय्यर को उपकप्तान नियुक्त किया गया है। केएल राहुल के साथ ध्रुव जुरेल विकेटकीपिंग का जिम्मा संभालेंगे। कुलदीप यादव, नितीश रेड्डी भी इस टीम में जगह बनाने में सफल रहे हैं। बुमराह को वनडे सीरीज में शामिल नहीं किया गया है। दूसरी ओर, टी20 टीम की कमान सूर्यकुमार यादव के हाथों में है, जिनकी कप्तानी में भारत ने एशिया कप 2025 का खिताब अपने नाम किया है। शुभमन गिल टीम के उपकप्तान हैं। इस टीम में संजू सैमसन के साथ जितेश शर्मा को बतौर विकेटकीपर शामिल किया गया है। हर्षित राणा और रिंकू सिंह को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में जगह मिली है। इस टीम में जसप्रीत बुमराह जैसे अनुभवी तेज गेंदबाज भी हैं। एशिया कप में अपनी स्पिन से जलवा बिखेरने वाले चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव एक बार फिर टी20 टीम में जगह बनाने में सफल रहे हैं।

### भारत की वनडे टीम

**शुभमन गिल (कप्तान),** रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), अक्षर पटेल, केएल राहुल (विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल।

### भारत की टी20 टीम

**सूर्यकुमार यादव (कप्तान),** अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल (उपकप्तान), तिलक वर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, संजू सैमसन, रिंकू सिंह, वाशिंगटन सुंदर।

भारत बनाम वेस्टइंडीज

## 'प्लेयर ऑफ द मैच' जडेजा ने रचा इतिहास, टेस्ट क्रिकेट में बना बड़ा रिकॉर्ड

**एजेंसी। अहमदाबाद**

भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए पहले टेस्ट मैच को पारी और 140 रन से अपने नाम कर लिया है। इस मुकाबले के 'नायक' रवींद्र जडेजा को बल्ले और गेंद से शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। यह 10वां मौका था, जब जडेजा को इस खिताब से नवाजा गया, जिसके साथ



उन्होंने इतिहास रच दिया है। ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा भारत में टेस्ट मैचों के दौरान सबसे ज्यादा 'प्लेयर ऑफ द मैच' पुरस्कार जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। जडेजा को 10वीं बार इस खिताब से नवाजा गया है। इस मामले में उन्होंने दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने भारत में 9 बार टेस्ट मुकाबलों में 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार अपने नाम किया। कुंबले के बाद इस लिस्ट में विराट कोहली (8), सचिन तेंदुलकर (8) और रविचंद्रन अश्विन (7) का नाम शामिल है। वहीं, दूसरी ओर टेस्ट फॉर्मेट में सर्वाधिक 'प्लेयर ऑफ द मैच' पुरस्कार जीतने वालों में जडेजा, राहुल द्रविड़ के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। दोनों ही खिलाड़ियों ने 11-11 बार टेस्ट क्रिकेट में यह पुरस्कार अपने नाम किए हैं। इस लिस्ट में सचिन तेंदुलकर शीर्ष पर हैं, जिन्होंने 200 टेस्ट मुकाबलों में 14 बार 'प्लेयर ऑफ द मैच' पुरस्कार अपने नाम किया। रवींद्र जडेजा ने वेस्टइंडीज के विरुद्ध पहली पारी में 3 ओवर गेंदबाजी की, लेकिन 15 रन देकर कोई सफलता हासिल नहीं कर सके। इसके बाद जडेजा ने बल्ला थामते हुए 176 गेंदों में 5 छक्कों और 6 चौकों के साथ नाबाद 104 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने ध्रुव जुरेल के साथ 206 रन की साझेदारी भी की। भारत की जीत पर खुशी जताते हुए रवींद्र जडेजा ने कहा, "मैं अपनी बल्लेबाजी पर कड़ी मेहनत कर रहा हूं। हमें दो महीनों का ब्रेक मिला था।

## महिला विश्व कप : हाई-वोल्टेज मैच से पहले पाकिस्तानी कप्तान ने बताया भारत को मजबूत

**कोलंबो।** महिला विश्व कप में रविवार को भारत-पाकिस्तान के बीच मुकाबला खेला जाना है। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में दोनों देश आमने-सामने होंगे। इस हाई-वोल्टेज मैच से पहले पाकिस्तानी कप्तान फातिमा सना ने स्वीकारा है कि भारतीय टीम फिलहाल मजबूत स्थिति में है। पाकिस्तानी कप्तान ने कहा, "पिछले कुछ महीनों में खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखते हुए मुझे अपनी टीम पर पूरा भरोसा है। सभी अच्छी लय में हैं और अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। हम जानते हैं कि भारतीय टीम मजबूत है। हमने देखा कि पिछली सीरीज में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किस तरह का प्रदर्शन किया। स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिगेज और ऋचा घोष ने वाकई अच्छा खेला है। दोनों टीमें परिस्थितियों से वाकिफ हैं। हम भारत के खिलाफ अच्छा क्रिकेट खेलने की कोशिश करेंगे।"
वहीं, भारत की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना के



मुताबिक, दोनों देशों के बीच हाई-वोल्टेज मैच के दौरान माहौल बहुत रोमांचक होता है। हर कोई पाकिस्तान के खिलाफ जीतने के लिए कहता है। भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को महिला विश्व कप 2025 का छठा मुकाबला खेला जाना है।

## मिशेल मार्श ने की बाबर आजम की बराबरी, हासिल की अनूठी उपलब्धि



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया टी20 फॉर्मेट के कप्तान मिशेल मार्श ने न्यूजीलैंड के खिलाफ शनिवार को खेले गए टी20 मुकाबले में शानदार शतक लगाते हुए न सिर्फ अपनी टीम को जीत दिलाई बल्कि बतौर कप्तान एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। मार्श से पहले बतौर कप्तान यह उपलब्धि सिर्फ बाबर आजम ने हासिल की थी। न्यूजीलैंड के 157 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने 18 ओवर में 7 विकेट पर 160 रन बनाकर मैच 3 विकेट से जीता। इस जीत में कप्तान मिशेल मार्श की यादगार बल्लेबाजी की अहम भूमिका रही। मार्श ने 52 गेंद पर 7 छक्के और 8 चौके लगाते हुए नाबाद 103 रन की पारी खेली। उन्हें इस यादगार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। मार्श ने अपने पहले टी20 शतक के साथ एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम की।

मिशेल मार्श आईसीसी के पूर्ण सदस्य देशों के ऐसे दूसरे कप्तान बन गए हैं, जिन्होंने लक्ष्य का पीछा करते हुए शतक लगाया। मार्श से पहले सिर्फ बाबर आजम के नाम ही ये उपलब्धि रही है। बाबर आजम ने एक नहीं बल्कि दो बार बतौर कप्तान लक्ष्य का पीछा करते हुए टी20 में शतक लगाए हैं। बाबर ने 2021 में सेंचुरियन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 122 और 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ कराची में 110 रन की पारी खेली थी। मार्श ने अपने पहले टी20 शतक के साथ ऑस्ट्रेलिया के लिए कई बड़े रिकॉर्ड भी अपने नाम किए हैं।

## वेस्टइंडीज पर 'परफेक्ट' जीत के बाद कप्तान गिल ने टीम के प्रदर्शन की सराहना की

**अहमदाबाद।** भारत के कप्तान शुभमन गिल ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में वेस्टइंडीज के खिलाफ एक पारी और 140 रनों से मिली अपनी पहली घरेलू टेस्ट मैच जीत को 'परफेक्ट' बताया, जिसकी उन्हें हमेशा चाहत थी। केएल राहुल, ध्रुव जुरेल और रवींद्र जडेजा के शतकों के साथ-साथ बढ़िया फिल्डिंग और शानदार गेंदबाजी की बदौलत भारत ने तीन दिन के अंदर बड़ी जीत हासिल की और दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में गिल ने कहा, "लगातार छह टॉस हार गए हैं, लेकिन जब तक हम मैच जीतते रहेंगे, तब तक यह हमारे लिए मायने नहीं रखता। यह हमारे लिए एक बेहतरीन मैच था, इसलिए मैं जीत से बहुत खुश हूं। ईमानदारी से कहूं तो, मुझे लगता है कि यह हमारे लिए एक बेहतरीन मैच था। मैच में तीन शतक बने और हमने दोनों पारियों में बहुत अच्छा क्षेत्ररक्षण किया। हमें इस मैच को लेकर कोई शिकायत नहीं है।"गिल और बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भले ही बड़ा स्कोर नहीं बना पाए, लेकिन उन्होंने मैच जिताने में दूसरों के योगदान को सराहा। गिल ने कहा, "निश्चित रूप से, जब भी आपको अच्छी शुरुआत मिलती है, तो मुझे लगता है कि यह बल्लेबाजी के लिए बहुत अच्छा विकेट था। हमें दोनों (जायसवाल और मुझे) अच्छी शुरुआत मिली, लेकिन हम उसे बड़ी पारी में नहीं बदल पाए।

## दोस्ताना मुकाबलों के लिए लौटारो रिवेरो अर्जेंटीना की टीम में शामिल

**नई दिल्ली।** रिवर प्लेट के डिफेंडर लौटारो रिवेरो को अर्जेंटीना की टीम में शामिल किया गया है। लौटारो उन तीन अनकैप्ड खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्हें वेनेजुएला और प्यूर्टो रिको के खिलाफ होने वाले दोस्ताना मैचों के लिए चुना गया। अर्जेंटीना 10 अक्टूबर को मियामी में वेनेजुएला के खिलाफ खेलेगा। इसके तीन दिन बाद यह टीम शिकागो में प्यूर्टो रिको को चुनौती देगी। रेसिंग क्लब के गोलकीपर फाकुंडो कैम्बेसिस और पाल्मेरास के मिडफील्डर एनीबल मोरेनो को भी पहली बार अर्जेंटीना के कोच लियोनेल स्कालोनी ने टीम में जगह दी है। ये मुकाबले इस महीने संयुक्त राज्य अमेरिका में खेले जाने हैं। इनके अलावा, स्कालोनी ने बॉर्नमाउथ के डिफेंडर मार्कोस सेनेसी को एक बार फिर टीम में शामिल किया गया है, जबकि चेल्सी के मिडफील्डर एंजो फर्नांडीज निलंबन के कारण सितंबर में खेले गए वर्ल्ड कप क्वालीफायर्स से बाहर रहने के बाद एक बार फिर वापसी कर रहे हैं। अर्जेंटीना की टीम में एमिलियानो मार्टिनेज, खेरोनिमो रूली, वाल्टर डेनियल बेनितेज और फाकुंडो कैम्बेसिस को गोलकीपिंग का जिम्मा सौंपा गया है। इस टीम की कमान लियोनेल मेस्सी को सौंपी गई है।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## 'मेक इन इंडिया' की ओर झुका यूरोप, 6 अक्टूबर से शुरू होगी भारत-ईयू एफटीए वार्ता

**नई दिल्ली।** एफईबीआई के ताजा सर्वे के मुताबिक, वर्तमान में 6,000 से अधिक यूरोपीय कंपनियां भारत में काम कर रही हैं, जो करीब 30 लाख लोगों को रोजगार दे रही हैं। भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते की 14वीं दौर की वार्ता 6 अक्टूबर से ब्रसेल्स में शुरू होने जा रही है। इससे पहले यूरोपीय कंपनियों ने भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल में अपनी गहरी रुचि दिखाई है। यूरोपीय बिजनेस फेडरेशन इन इंडिया की दूसरी वार्षिक आम बैठक में भारत में यूरोपीय संघ के राजदूत हर्वे डेलफिन ने कहा कि भारत पहले से ही बड़ी संख्या में यूरोपीय निवेश और कारोबार का केंद्र है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित एफटीए से दोनों पक्षों के बीच व्यापार, निवेश और रोजगार के नए अवसर खुल सकते हैं। FEBI एफईबीआई के ताजा सर्वे के मुताबिक, वर्तमान में 6,000 से अधिक यूरोपीय कंपनियां भारत में काम कर रही हैं।

## त्योहारी मांग के चलते सितंबर में दोपहिया वाहनों की बिक्री में 9 प्रतिशत का उछाल

**नई दिल्ली।** भारत के दोपहिया वाहन निर्माताओं ने सितंबर में जीएसटी सुधार के बाद फेस्टिव सीजन की मांग के चलते बिक्री में सालाना आधार पर 9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो 20 लाख वाहनों के आंकड़े को पार कर गई। केंद्र सरकार ने 350 सीसी तक की मोटरसाइकिलों पर टैक्स रेट 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। देश की सबसे बड़ी दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने जानकारी देते हुए बताया कि कंपनी की थोक बिक्री 5 प्रतिशत बढ़कर 647,582 यूनिट हो गई, जबकि उसका पंजीकरण 19 प्रतिशत बढ़कर 323,230 इकाई हो गया। दूसरी सबसे बड़ी कंपनी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) का प्रदर्शन दूसरे प्रतिस्पर्धियों के बीच सबसे कमजोर रहा। कंपनी की बिक्री 3 प्रतिशत बढ़कर 505,000 यूनिट हो गई। कंपनी ने धीमी वृद्धि के कारणों को लेकर जानकारी नहीं दी।

## सितंबर में मजबूत बाजार मांग के चलते मारुति सुजुकी के उत्पादन में 26 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज

नई दिल्ली, 4 अक्टूबर (आईएएनएस)। भारत की सबसे बड़ी ऑटोमोबाइल निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने जानकारी देते हुए बताया कि मजबूत बाजार मांग के चलते इस वर्ष सितंबर में कंपनी के उत्पादन में सालाना आधार पर 26 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। नियामक फाइलिंग के अनुसार, कंपनी ने सितंबर में अपने प्लांट में कुल 2,01,915 यूनिट का निर्माण किया, जबकि सितंबर 2024 में यह आंकड़ा 1,59,743 यूनिट था। कंपनी की ब्रेजा, अर्टिगा, फ्रोंक्स, एक्सएल 6 और ओईएम मॉडल के उत्पादन में लगभग 27 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई, जो एक वर्ष पहले की 62,752 यूनिट की तुलना में बढ़कर 79,496 यूनिट हो गई। ईको वैन का उत्पादन भी 11,702 यूनिट से बढ़कर 13,201 यूनिट तक पहुंच गया, जबकि सुपर कैरी लाइट कमर्शियल व्हीकल (एलसीवी) का उत्पादन इसी अवधि में 3,034 यूनिट से बढ़कर 3,599 यूनिट तक पहुंच गया।

## चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में भारत का कॉफी निर्यात 15 प्रतिशत बढ़कर 1.05 अरब डॉलर हुआ

**नई दिल्ली।** कॉफी बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-सितंबर अवधि में मूल्य के लिहाज से भारत का कॉफी निर्यात 15 प्रतिशत बढ़कर 1.05 अरब डॉलर हो गया। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में देश से 91.8 करोड़ डॉलर का कॉफी निर्यात हुआ था। रुपए की टर्म में वित्त वर्ष 26 की पहली छमाही में कॉफी निर्यात 19 प्रतिशत बढ़कर 9,119.24 करोड़ रुपए हो गया, जो एक वर्ष पहले 7,678.74 करोड़ रुपए था। इसके अलावा, निर्यातकों को प्रति यूनिट प्राप्त आय 34 प्रतिशत बढ़कर 4.71 लाख रुपए प्रति टन हो गई, जो एक वर्ष पहले 3.52 लाख रुपए प्रति टन थी। इस वित्त वर्ष की छमाही में भारतीय कॉफी का शिपमेंट 24 प्रतिशत बढ़कर 1.95 अरब डॉलर हो गया, जो पिछले वर्ष 1.57 अरब डॉलर था। इस वर्ष जनवरी-सितंबर की अवधि में यह मात्रा 2.96 लाख टन (3.34 लाख टन) थी।

## अगले हफ्ते तीन कंपनियां करेंगी स्टॉक स्प्लिट, निवेशकों के लिए सस्ते होंगे शेयर

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में निवेशकों के लिए अगले हफ्ते एक और महत्वपूर्ण खबर है। तीन कंपनियां अपने शेयरों को बांटने जा रही हैं। इस लिस्ट में सिग्मा सॉल्व लिमिटेड, एजीआई इंफ्रा लिमिटेड, और नर्मदा मैकप्लास्ट ड्रिप इरिगेशन सिस्टम्स लिमिटेड शामिल हैं। स्टॉक स्प्लिट का मतलब है कि कंपनी अपने मौजूदा शेयरों को छोटे इकाइयों में बांटती है, जिससे शेयर की कीमत कम होती है और निवेशकों के लिए शेयर खरीदना आसान हो जाता है।

- **सिग्मा सॉल्व का ₹10 से ₹1 में स्टॉक स्प्लिट**

सिग्मा सॉल्व लिमिटेड अगले हफ्ते अपने शेयरों का स्टॉक स्प्लिट करेगी। कंपनी ने 1 शेयर की कीमत को 10 रुपये से घटाकर 1 रुपये करने का निर्णय लिया है। इसका एक्स-डेट 6 अक्टूबर 2025 और रिकॉर्ड डेट 6 अक्टूबर 2025 तय की गई है। इसका मतलब है कि 6 अक्टूबर तक जिन निवेशकों के पास सिग्मा सॉल्व के शेयर होंगे, उन्हें स्प्लिट के बाद नए शेयर अपने डिमैट अकाउंट में मिल जाएंगे। स्टॉक स्प्लिट का उद्देश्य शेयरों को अधिक सुलभ बनाना और छोटे निवेशकों के लिए निवेश का अवसर बढ़ाना है।

- **एजीआई इंफ्रा का ₹5 से ₹1 में स्टॉक स्प्लिट**

एजीआई इंफ्रा लिमिटेड ने घोषणा की है कि वह अपने शेयरों का स्प्लिट करेगी, जिसमें शेयर की कीमत 5 रुपये से घटाकर 1 रुपये की जाएगी। इसकी एक्स-डेट और रिकॉर्ड डेट 10 अक्टूबर 2025 तय की गई हैं। यह कदम कंपनी के शेयरों को अधिक तरल और छोटे निवेशकों के लिए खरीदने योग्य बनाने के लिए उठाया गया है। एजीआई इंफ्रा का यह स्टॉक स्प्लिट निवेशकों के लिए शेयर बाजार में भागीदारी बढ़ाने का मौका देगा।

## अवेयरनेस, एक्सेस और एक्शन के मंत्र के साथ हर नागरिक पा सकता है अपना पैसा वापस : वित्त मंत्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि अगर तीन 'ए' अवेयरनेस, एक्सेस और एक्शन को पूरा किया जाए तो सेफ कस्टडी में पड़े धन को उचित दस्तावेजों के साथ नागरिकों द्वारा सही तरीके से क्लेम किया जा सकता है।
वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुजरात के गांधीनगर में वित्तीय क्षेत्र में अनक्लेम्ड एसेट्स के कुशल एंव त्वरित निपटान को सुगम बनाने के लिए 'आपकी पूंजी आपका अधिकार' अभियान का शुभारंभ किया। यह अक्टूबर से दिसंबर तक चलने वाला तीन महीने का एक राष्ट्रव्यापी जागरुकता अभियान है। कार्यक्रम में अपने संबोधन में वित्त मंत्री ने कहा कि मैं आप सभी से आग्रह करती हूं कि आप इस अभियान के एम्बेसडर बनें, अपने परिचित लोगों से संपर्क करें। उनसे पूछें कि क्या उनके पास किसी अनक्लेम्ड फाइनेंशियल एसेट्स का कोई कागज है। अगर उन्हें ऐसे पेपर्स की जानकारी लोगों से मिलती है तो दूसरों को पोर्टल पर रजिस्टर करने के लिए

### केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने किया "आपकी पूंजी आपका अधिकार" अभियान का शुभारंभ।



- **अभियान का उद्देश्य** – अनक्लेम्ड फाइनेंशियल एसेट्स (जैसे बीमा पॉलिसी, बैंक डिपॉजिट, डिविडेंड, म्युचुअल फंड आदि) का कुशल निपटान।
- कार्यक्रम **गुजरात के गांधीनगर** में आयोजित हुआ।
- यह अभियान **अक्टूबर से दिसंबर 2025** तक चलेगा।
- **पीएम नरेंद्र मोदी** की प्रेरणा से शुरू हुआ यह अभियान।
- वित्त मंत्रालय, राज्य सरकारें और बैंक मिलकर जागरूकता बढ़ाने में सहयोग

मार्गदर्शन करें ताकि लोग अपनी संपत्ति का दावा कर सकें। वित्त मंत्री ने जोर देते हुए कहा, "इस पहल से अनगिनत नागरिकों को लाभ होने की उम्मीद है। मैं आपसे विनम्र निवेदन करती हूं कि आप अपने समुदायों और आस-पास के इलाकों में इस अभियान के बारे में प्रचार करें।" वित्त मंत्री ने पीएम मोदी का आभार जताते हुए कहा कि मैं उनकी आभारी हूं कि उन्होंने मुझे एक बार यह सलाह दी कि मैं लोगों के बीच जाऊं और उन्हें उनके हक को पाने के लिए उनका आह्वान करूं।
उन्होंने कहा, "पीएम मोदी की सलाह पर अमल करते हुए, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि गुजरात ने इस अभियान को शुरू करने में अग्रणी भूमिका निभाई है।" वित्त मंत्री ने कहा, "वित्त मंत्रालय, नियामकों, राज्य सरकारों और गांवों के बैंकों सहित सभी के सम्मिलित प्रयासों से अगर पूरी श्रृंखला सक्रिय हो जाए, तो हर कोई अपना पैसा वापस पा सकेगा।

## मॉयल ने इस वर्ष सितंबर में अब तक का सर्वाधिक उत्पादन 1.52 लाख टन करवाया दर्ज



**नई दिल्ली।** इस्पात मंत्रालय द्वारा शनिवार को दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार, भारत के सबसे बड़े मैंगनीज अयस्क उत्पादक मॉयल ने इस वर्ष सितंबर में अब तक का सर्वाधिक उत्पादन 1.52 लाख टन दर्ज करवाया है। यह पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 3.8 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। कंपनी की एक्सप्लोरेट्री कोर ड्रिलिंग में शानदार बढ़त दर्ज की गई है, जो कि 46 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि के साथ 5,314 मीटर तक पहुंच गई है। यह प्रदर्शन मॉयल के रिसोर्स बेस के विस्तार पर मजबूत ध्यान को दर्शाता है। सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी की सितंबर में बिक्री का आंकड़ा 3.53 लाख टन रहा था, जो कि 18.6 प्रतिशत की वृद्धि थी। मॉयल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक अजीत कुमार सक्सेना ने कहा, "प्रमुख मानकों में प्राप्त वृद्धि कंपनी के ऑपरेशनल एक्सीलेंस को मजबूत करने और लॉन्ग-टर्म सस्टेनेबिलिटी को सुनिश्चित करने के कमिटमेंट को दर्शाती है। अपनी ऑपरेटिंग माइन में एक्सप्लोरेशन पर निरंतर जोर देने के साथ कंपनी मैंगनीज सेक्टर में लीडरशिप को बनाए रखने की मजबूत स्थिति में है।" मॉयल की आधिकारिक वेबसाइट पर दी गई जानकारी के अनुसार, कंपनी इस्पात मंत्रालय के अधीन एक मिनीरत्न शेड्यूल-ए सार्वजनिक उपक्रम है।

## हावड़ा-देहरादून एक्सप्रेस का कर्मनाशा व दुर्गावती स्टेशनों पर होगा ठहराव



**मोहम्मदगंज।** यात्रियों की सुविधा को लेकर ट्रेन संख्या- 13009/13010 हावड़ा-योगनगरी ऋषिकेश-हावड़ा दून एक्सप्रेस को पूर्व मध्य रेल के पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल अंतर्गत कर्मनाशा एवं दुर्गावती स्टेशनों पर ठहराव की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन स्टेशनों पर यह ठहराव 6 अक्टूबर से शुरू होंगे। जब 5 अक्टूबर को अपने प्रारंभिक स्टेशन से चलने वाली ट्रेन इन स्टेशनों पर पहुंचेगी। ट्रेन संख्या-13009 हावड़ा-योगनगरी ऋषिकेश-दून एक्सप्रेस दुर्गावती स्टेशन पर सुबह 7.31 बजे पहुंचेगी और 7.33 बजे प्रस्थान करेगी। इसी ट्रेन का कर्मनाशा स्टेशन पर आगमन 7.38 बजे होगा। जो वहां से 7.40 बजे रवाना होगी। वापसी दिशा में, ट्रेन संख्या 13010 योगनगरी ऋषिकेश-हावड़ा-दून एक्सप्रेस कर्मनाशा स्टेशन पर शाम 17.45 बजे पहुंचेगी और 17.47 बजे रवाना होगी। जबकि दुर्गावती स्टेशन पर शाम 17.52 बजे पहुंचेगी और 17.54 बजे प्रस्थान करेगी। इन नए ठहरावों के कारण ट्रेन संख्या 13010 का भभुआ रोड स्टेशन पर ठहराव समय भी संशोधित किया गया है। अब यह ट्रेन भभुआ रोड पर शाम 17.58 बजे पहुंचेगी और 18.00 बजे रवाना होगी। उक्त स्टेशनों पर इस ट्रेन को ठहराव मिलने से यात्रियों की चिरप्रतीक्षित मांग पूरी हुई है। इस पर उन्होंने खुशी जताई है।

# डंडई प्रखंड कार्यालय भवन हुआ जर्जर, कमरे के अंदर टपक रहा पानी

- कुर्मी बोले पानी टपकने से सरकारी दस्तावेज बाचना भी मुश्किल हो गया है

नवीन मेल संवाददाता





**डंडई।** डंडई प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन काफी जर्जर हो गया है। जिससे भवन का अधिकतर कमरों में रिसाव होकर पानी टपक रहा है। रिसाव और पानी टपकने से कई कमरों में फर्श पर पानी भरा जा रहा है। फर्श पर पानी भर जाने से कर्मियों को जहां फिसल कर गिरने का भय व्याप्त है वहीं विभाग के कई महत्वपूर्ण योजनाओं से संबंधित कागजातों को बचना भी मुश्किल सा हो गया है।

प्रखंड के कई कर्मियों ने बताया कि हम लोग अपने कार्यालय कक्ष में जान जोखिम में डालकर काम कर रहे हैं। प्रखंड कार्यालय के अंदर अधिकतर कमरों में छत से रिसकर पानी टपक रहा है। कई कमरों में जल का जमाव भी हो जा रहा है। कर्मचारी पानी सुखा सुखा कर इस बीच कार्य करने को मजबूर है। फिर भी पानी का जमाव हो रहा है। अपने कार्य से प्रखंड कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि डंडई प्रखंड कार्यालय भवन निर्माण का शिलान्यास तत्कालीन विधायक रामचंद्र केसरी ने 29 जुलाई 2004 में किया था। करीब 10 वर्षों तक निर्माणाधीन रहने के बाद 2015 में प्रखंड कार्यालय नए भवन में शिफ्ट हुआ था। प्रखंड कर्मी प्रखंड कार्यालय के ऊपरी तल्ले पर भी काम करते हैं। इस तल्ले पर करीब 10 कमरे हैं। सभी में छत से पानी टपकता है। इन कमरों की दीवारें भी फट गयी है। ऊपरी छत का पलास्टर झड़ चुका है। वही भवन के बाहर का छाजा भी गिर गया है।

बरसात के दिनों में सरकारी कागजातों को पानी से बचाना मुश्किल हो जाता है। बताया कि प्रखंड कार्यालय भवन का कोई भी रूम अछूता नहीं है। सभी कमरों में छत से पानी रिस रिस कर टपक रहा है। वही फर्श पर भी पानी का जमाव हो जा रहा है। ऐसे में सरकारी दस्तावेज बाचना भी मुश्किल सा लग रहा है। अन्य कर्मियों ने बताया कि छत का प्लास्टर छोड़ रहा है कभी भी कहीं भी प्लास्टर गिरने से हादसा हो सकती है। हम लोग डरे सहमें में होकर काम कर रहे हैं। वही जेएसएलपीएस के कर्मी लव चौधरी ने बताया जेएसएलपीएस के कार्यालय के छत में कई जगह दरारें आ गई है और और छत से रिस कर पानी टपक रहा है।

कार्यालय का कार्य करने में काफी परेशानी हो रही है। अन्य कर्मियों ने बताया कि प्रखंड कार्यालय भवन के बाहरी का छज्जा गिर चुका है साथ ही भवन पूरी तरह से जर्जर की हालत में है। जब से बारिश का समय आया है तब से हर कमरों मे पानी ही पानी फर्श पर जमा रहता है। फर्श पर चलने के दौरान फिसलने का भी भय बना रहता है। जिससे लोग संभल कर चलते हैं।

अपने कार्य से प्रखंड कार्यालय पहुंचे भाजपा के मंडल अध्यक्ष सरवन चंद्रवंशी ने कहा कि प्रखंड कर्मी जर्जर भवन के अंदर पानी का रिसाव के बीच बैठकर अपना कार्य कर रहे हैं। जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थानीय विधायक अनंत प्रताप देव और हेमंत सरकार के घोर उदासीनता के कारण नया प्रखंड कार्यालय का निर्माण नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही के द्वारा नए प्रखंड कार्यालय के लिए जमीन का अलॉटमेंट कराया गया था।

## पूर्व विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास की मां प्रभावती देवी का निधन

**खरौंधी।** भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास की माता प्रभावती देवी का शुक्रवार को रांची में इलाज के दौरान 72 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। निधन की खबर पाते ही खरौंधी प्रखंड में शोक की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोगों और शुभचिंतकों ने मृतक के परिवार को ढांढस बंधाया। शनिवार को डोमनी नदी के तट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान, समाजसेवी राजा सिंह, राजेश कुमार रजक, संध्याकर विश्वकर्मा अभिजीत किशोर, विवेकानंद यादव, कलामुद्दीन अंसारी, बुद्धनाथ गुप्ता, संकेत कुमार श्रीवास्तव सहित परिवारजन, रिश्तेदार और स्थानीय लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## हुसैनाबाद के पूर्व नपं अध्यक्ष के पति का निधन

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष उषा देवी के पति धर्मदेव राम का निधन हो गया। वे लगभग 71 वर्ष के थे। दिल्ली में इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका शव दिल्ली से हुसैनाबाद लाने के बाद उसी दिन रात को तरहसी प्रखंड के बेदानी गांव ले जाया गया, जहां श्मशान घाट पर दाहसंस्कार कर दिया गया है। निधन की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद और इनके पैतृक गांव तरहसी प्रखंड के बेदानी खुर्द में शोक की लहर दौड़ गई है। इनके निधन पर विधायक संजय कुमार सिंह यादव, पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, अजय प्रसाद गुप्ता, निवर्तमान अध्यक्ष शशि कुमार, श्रलण अग्रवाल, उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दकी,समेत कई लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों धैर्य रखने की सलाह दी है।

### पंडा नदी में बाढ़ से मची अफरा-तफरी

# राजी-सुंडी-करीवाडीह पुल से दो फीट ऊपर पानी, 15 गाय-बैल बहे

नवीन मेल संवाददाता



**खरौंधी(गढ़वा)।** खरौंधी प्रखंड में पिछले दो दिनों से हो रही रुक-रुककर भारी वर्षा ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। शनिवार की भोर में पंडा नदी अचानक उफान पर आ गई, जिससे नदी का पानी राजी, सुंडी तथा करीवाडीह पुलों से लगभग दो से तीन फीट ऊपर बहने लगा। करीब दो घंटे तक इन पुलों पर आवागमन पूरी तरह बाधित रहा।स्थानीय लोगों ने बताया कि रात लगभग 12 बजे से ही नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ना शुरू हुआ, और देखते ही देखते बाढ़ ने विकराल रूप धारण कर लिया। राजी बस्ती के नरेश पासवान, दीनानाथ चौधरी, झाबू मेहता, रामचंद्र पासवान एवं राजबली पासवान ने बताया कि नदी का बहाव इतना तेज था कि आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई थी। इस बाढ़ में सुंडी बहेरवा नदी किनारे चर रही लगभग 15 गाय-बैल बह जाने की सूचना है। सुंडी मुखिया प्रतिनिधि सह भाजपा नेता राजेश कुमार सिंह ने बताया कि लगातार बारिश से नदी में जलस्तर काफी बढ़ गया, जिससे मवेशी बाढ़ की चपेट में आ गए। उन्होंने प्रशासन से पशुपालकों को मुआवजा देने की मांग की है।बाढ़ से आसपास के किसानों की धान की फसलें भी डूब गईं, जिससे ग्रामीणों में भारी निराशा है। वहीं, सुबह तक नदी का जलस्तर घटने से स्थिति सामान्य हो गई और पुलों पर आवागमन फिर से शुरू हो गया।घटना की जानकारी मिलते ही बीडीओ रवींद्र कुमार एवं सीओ गौतम कुमार लकड़ा ने स्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे नदी के किनारे न जाएं और किसी भी आपात स्थिति की तुरंत सूचना प्रशासन को दें। स्थानीय लोगों ने कहा कि ऐसी बाढ़ कई वर्षों बाद देखने को मिली है। प्रशासन ने राहत व बचाव के लिए सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

### बह रही राजबारा नदी की जलधारा, पठारी गांवों का आवागमन बाधित



**मोहम्मदगंज।** बारिश की रफ्तार अभी तक थमी नहीं है। लोगों की मानें, तो जून से सितंबर तक इतनी अधिक बारिश पहले शायद ही कभी हुई है। आंकड़े बताते हैं कि सितंबर माह में भी 222.8 मीमी वर्षापात दर्ज हुआ है। कुल मिलाकर जून से अबतक 1300 मीमी से अधिक वर्षापात हुआ है। जो एक रिकॉर्ड स्तर है। ऐसे में राजबारा जैसी छोटी नदी की जलधारा रुकने का नाम नहीं ले रही है। इस वजह से कई गांवों का खासकर, वाहनों के माध्यम से मुख्य मार्ग से संपर्क टूट गया है। इसे देखते हुए उक्त गावों के ग्रामीणों को लंबे समय तक आवागमन के बाधित रहने की चिंता सता रही है। क्योंकि राजबारा नदी पर रामनगर के ग्रामीणों ने ह्यूम पाइप डालकर पुलिया के साथ ही श्रमदान और सहयोग से राजनडीह तक मिट्टी-मोरम रोड बनाया था। जिसके माध्यम से इन गांवों के अलावा मोहम्मदगंज-महुडंड मुख्य पथ से जुड़े दर्जन भर पठारी गांवों में पहुंच पाना का आसान हुआ था। रोड की हालत तो कमोबेश ठीक है। मगर, लगातार और भारी बारिश से इस पुलिया के तीसरी बार बह जाने के बाद जून माह से ही वाहनों से आवागमन बाधित हो गया है। इस वजह से प्रखंड, अनुमंडल, पुलिस मुख्यालय के साथ ही अस्पताल, स्कूल और बाजार तक वाहनों से आवागमन मुश्किल बन गया है।

## पानी के तेज बहाव में डूबने से किशोर की मौत

**श्री बंशीधर नगर।** नगर उंटारी थाना क्षेत्र के चितविश्राम (गोबरदाहा) गांव निवासी बालेश्वर राम के 16 वर्षीय पुत्र धीरज कुमार की मौत पानी के तेज बहाव में डूबने से हो गई। यह घटना बीती रात की है। जानकारी के अनुसार धीरज कुमार दुर्गा पूजा के अवसर पर बारोडीह गांव में टेंट लगाने का काम कर रहा था। काम समाप्त करने के बाद वह रात करीब 12 बजे बाईक से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान गोबरदाहा पुल के पास तेज बहाव के पानी में वह बह गया। रात में ही परिजनों और ग्रामीणों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। शनिवार सुबह पुनः खोजबीन की गई, जिसके बाद कुछ दूरी पर एक बांस के पेड़ के पास उसका शव बरामद हुआ। घटना की सूचना मिलते ही विधायक के पुत्र झामुमो के युवा नेता मानवेंद्र प्रताप देव एवं सीओ विकास कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी एवं पीड़ित परिजनों को सहयोग राशि भी प्रदान की। झामुमो युवा नेता मानवेंद्र प्रताप देव देव ने कहा कि इस दुख की घड़ी में नगरगढ़ का पूरा परिवार पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि परिजनों को किसी भी प्रकार की आवश्यकता होने पर वे सदैव साथ रहेंगे। साथ ही सरकारी प्रावधानों के तहत मिलने वाला मुआवजा दिलवाने में हर संभव सहयोग किया जायेगा। सीओ विकास सिंह ने भी परिजनों को ढांढस बंधाते हुये कहा कि सरकार की ओर से जो भी सहायता दी जा सकती है, उसे प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जायेगा।

### छठ घाट की जमीन पर अवैध कब्जा का आरोप

## ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग, सीओ ने भेजा नोटिस



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला के हुसैनाबाद प्रखंड के डंडीला गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने नदी किनारे स्थित छठ घाट की जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे को लेकर प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। इस संबंध में ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी हुसैनाबाद पंकज कुमार को आवेदन देकर बताया कि ग्राम डंडीला स्थित छठ घाट की जमीन खाता संख्या 325, प्लॉट संख्या 1144 और 1145, कुल रकबा 3.81 एकड़ है। नदी किनारे इस जमीन पर ग्रामीण कई वर्षों से छठ पूजा का पर्व मनाते आ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के ही व्यक्ति द्वारा नदी किनारे मिट्टी से भरकर छठ घाट पर अवैध रूप से कब्जा और उस पर जोत-कोड़ कर खेती किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि इस विवाद से शांति भंग होने की संभावना है। उन्होंने प्रशासन से छठ घाट की जमीन को मुक्त कराने और मापी कराने की मांग की है ताकि श्रद्धालुओं को छठ पर्व के समय किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस संबंध में अंचल अधिकारी हुसैनाबाद पंकज कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त होने के बाद नोटिस किया गया है। उन्हें आगामी 16 अक्टूबर 2025 को अपराह्न 3 बजे उपस्थित होने के लिए बुलाया गया है।

### बरसात में ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

## एक वर्ष में भी पूरा नहीं हुआ सड़क निर्माण कार्य



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के देवरी खुर्द पंचायत में एक वर्ष में भी सड़क का निर्माण कार्य पूरा नहीं होने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के पूर्व कार्य होने से लगा कि बरसात के पूर्व निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा, परंतु सड़क में बने डायवर्सन से आवागमन बाधित हो गई हैं। मालूम हो कि बनकट मोड़ से देवरी खुर्द चौक तक राज्य समपोषित योजना अंतगर्त बनने वाली पीसीसी व कालीकरण सड़क योजना का शिलान्यास वर्ष-2024 में हुई थी। परंतु संवेदक के द्वारा एक वर्ष में भी उक्त सड़क का निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया। अधूरे पुलिया व सड़क खराब रहने से ग्रामीणों को आने जाने में काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त सड़क के निर्माण कार्य पूरा नहीं होने से परेशानी बढ़ गई है। उक्त सड़क में डायवर्सन के कारण वाहन चालकों को आने जाने के लिए रास्ता बंद हो गई है। इस संबंध में ग्रामीणों ने पलामू डीसी व ग्रामीण विकास के कार्यपालक अभियंता से सड़क निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की हैं, ताकि आवागमन बाधित न हो । इसके अधूरे रहने से लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। जबकि उक्त सड़क का निर्माण छह माह में ही पूरा होना चाहिये था, लेकिन अबतक अधूरा हैं।

### सड़क व स्वास्थ्य व्यवस्था पर उठे सवाल

## सड़क व एंबुलेंस सुविधा के अभाव में बेटों ने लकड़ी की झल्ली पर मां को ढोया 4 किमी

- ग्रामीण बोले, विकास सिर्फ कागजों पर, गांव अब भी बदहाल

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** झारखंड की स्वास्थ्य और सड़क व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। लातेहार जिले के पोचरा पंचायत के टेंगरा पत्थर गांव की 55 वर्षीय जितनी देवी का पैर फिसलकर टूट गया, लेकिन सड़क और एंबुलेंस सुविधा के अभाव में उनके परिजनों को उन्हें लकड़ी की झल्सी (लकड़ी का चारो कोना रस्सी से बांधकर बना बेड) पर लादकर अस्पताल तक ले जाना पड़ा। परिवार के सदस्यों ने बताया कि गांव तक सड़क न होने के कारण वाहन नहीं पहुंच सका।

मजबूर होकर दोनों बेटों ने अपनी मां को चार किलोमीटर तक पैदल चलकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाया। इस घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है। उनका कहना है कि नेताओं और अधिकारियों द्वारा विकास के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है ग्रामीणों ने राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन से मांग की है कि गांव तक सड़क और एंबुलेंस सुविधा जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जाए, ताकि भविष्य में किसी भी मरीज को ऐसी स्थिति का सामना न करना पड़े। ग्रामीणों का कहना है कि "सरकार विकास के नाम पर सिर्फ घोषणाएं करती है, लेकिन गांवों की सच्चाई अभी भी बदहाल है।"

## जनता से जुड़ाव मेरी ताकत, प्रतिनिधि बनेंगे जनता की आवाज : सांसद कालीचरण सिंह

- धीरज प्रसाद बने प्रखंड प्रतिनिधि, अनिल सिंह चेरो को मिली अंचल प्रतिनिधि की जिम्मेदारी

नवीन मेल संवाददाता



**सतबरवा।** सतबरवा में शनिवार का दिन भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए खास रहा। चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने अपने आवास पर आयोजित सादे लेकिन गरिमामय समारोह में धीरज प्रसाद को प्रखंड कार्यालय प्रतिनिधि और अनिल सिंह चेरो को अंचल कार्यालय प्रतिनिधि के रूप में माला पहनाकर मनोनीत किया।

सांसद ने अपने लेटर पैड पर आधिकारिक नियुक्ति-पत्र सौंपते हुए दोनों को जनता की सेवा में पूरी निष्ठा से जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनता की उम्मीदें मेरी प्राथमिकता हैं। अब सतबरवा प्रखंड के छह पंचायतों में मेरे प्रतिनिधि के रूप में आप दोनों मेरी आंख और कान बनकर जनता की समस्याओं को हल करेंगे। जनता की आवाज़ को हर स्तर तक पहुंचाना ही सच्ची सेवा है।

मनोनीत प्रतिनिधियों को बधाई देने वालों में भाजपा अजजा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो, समाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, मनोज प्रसाद,अरविंद सिंह चेरो, मनोज सिंह, देवेन्द्र सिंह, उपेन्द्र सिंह, चन्दन सिंह, प्रदीप सिंह, गुड्डू सिंह, प्रमोद मेहता, पूर्व मुखिया शंभू उरांव, विकास पाठक, शिव प्रसाद समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल रहे।

नवमनोनीत प्रतिनिधियों धीरज प्रसाद और अनिल सिंह चेरो ने सांसद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम जनता और सांसद के बीच सेतु बनकर क्षेत्र के विकास में हर संभव योगदान देंगे। इस मौके पर मुकेश प्रसाद, अंकित राज और परमजीत पांडे ने भी सांसद कालीचरण सिंह को धन्यवाद देते हुए कहा कि सांसद का यह निर्णय कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और जिम्मेदारी का भाव भर गया है।

## सात को अंचल कार्यालय सतबरवा में गूंजेगा पहाड़ बचाओ का नारा

**सतबरवा।** सतबरवा प्रखंड रेवारातु पंचायत के ग्रामीणों ने लकड़ही, सतनी और कोटया पहाड़ को बचाने की ठान ली है। इसको लेकर पहाड़ बचाओ संघर्ष



समिति, रेवारातु ने आगामी 7 अक्टूबर को अंचल कार्यालय सतबरवा में धरना एवं प्रदर्शन करने की घोषणा की है। इस आंदोलन में मुख्य अतिथि के रूप में पाकी विधानसभा के लोकप्रिय विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता शामिल होंगे। रेवारातु में हुई बैठक की अध्यक्षता शिवराज सिंह ने की, जिसमें धरना की रूपरेखा तय की गई और अंचल कार्यालय को आवेदन भी सौंपा गया। सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने कहा कि जल, जंगल और जमीन हमारी जीवन रेखा है । इसे बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। कुछ बिचौलियों ने गलत तरीके से लीज करा ली, लेकिन अब ग्रामीण जाग गए हैं और एकजुट होकर संघर्ष के लिए तैयार हैं। ग्रामीणों ने कहा कि वे पत्थर माफिया के खिलाफ शांतिपूर्ण लेकिन सशक्त आंदोलन करेंगे जान देंगे, पर जमीन नहीं। बैठक में रामप्यारी सिंह, भीम सिंह, राजा सिंह, गनेश सिंह, जितेंद्र सिंह, फुलेश्वर सिंह, विरेन्द्र सिंह, सुदीप सिंह समेत बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष उपस्थित रहे। ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है कि पहाड़ बचाओ, पर्यावरण बचाओ, आने वाली पीढ़ी को जीवन बचाओ।

### शारदीय नवरात्र — हाई मास्ट लाइट बंद रहने से अंधेरे में डूबा रहा बाजार

# नवरात्र में श्रद्धालुओं को अंधेरे का करना पड़ा सामना

नवीन मेल संवाददाता



**हैदरनगर।** हैदरनगर – जपला मुख्य पथ पर स्थानीय देवीधाम मोड़ और चौक बाजार स्थित लगे हाई मास्ट लाइट करीब एक साल से खराब पड़ा हैं। हालात यह है कि इन लाइटों की मरम्मत को लेकर अब तक किसी स्तर पर कोई पहल नहीं हो सकी है। जिससे शाम ढलते ही पूरा बाजार और देवीधाम पथ सड़क घने अंधेरे में डूब जाता है। चौक बाजार हैदरनगर क्षेत्र में बड़े - बड़े व्यवसायिक प्रतिष्ठान और दुकानें होने के बावजूद शाम ढलते ही दुकानदार असुरक्षित समझ प्रतिष्ठानों को बंद कर आरामगाह में चले जाते हैं। इससे देर शाम ग्राहक की संख्या भी नगण्य हो जाती है। साथ ही रोशनी नहीं रहने से पूरे बाजार में चहल - पहल और रौनक भी छीन गई है। वहीं देवीधाम मोड़ पर हाई मास्ट लाइट बंद रहने से निकटवर्ती रेलवे स्टेशन तक यात्रियों सहित बीते शारदीय नवरात्रि में श्रद्धालुओं के आवागमन असुरक्षित और स्थानीय लोगों को रात में आवाजाही में भय का माहौल बना रहा है। खासकर रेलवे स्टेशन आने जाने वाले यात्रियों को इस अंधेरे में गुजरना जान जोखिम में डालने से कम नहीं है। ऐसे में हैदरनगर स्थित प्रसिद्ध देवी मंदिर में लगने वाले पारंपरिक मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने के बावजूद पर्याप्त रोशनी की कमी खलती रही है। खंभों पर लगी सोलर लाइटें भी महज टिमटमाकर रह गई है। अंधेरे में अगर किसी श्रद्धालु का सामान गिरने के बाद ढूंढने में भारी मशक्कत भी करनी पड़ी है। लोगों का कहना है कि लंबे समय से हाई मास्ट लाइटें बंद हैं, लेकिन प्रशासन समय पूर्व इसे दुरुस्त कराने में कोई रुचि नहीं दिखाई है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन अंधेरे की इस समस्या को दूर करने के लिए कितनी तत्परता दिखाकर समय गंवाती है।

### पेज एक के शेष

#### जुरेल ने 125...

(पेज एक के शेष)

इस बीच, एलिक अथानाजे ने 74 गेंदों में 3 चौकों की मदद से 38 रन बनाते हुए टीम को संभालने का प्रयास किया, लेकिन उनकी कोशिश नाकाम रही। एलिक के अलावा, जस्टिन ग्रीव्स 25 और जायडेन सील्स 22 रन टीम के खाते में जोड़ सके। भारत की ओर से रवींद्र जडेजा ने 54 रन देकर 4 शिकार किए, जबकि मोहम्मद सिराज ने 3 विकेट अपने नाम किए। इनके अलावा, कुलदीप यादव ने 2 विकेट चटकाए।

#### रांची में 30...

क्रिकेट मैच भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच के तीन वनडे श्रृंखला का पहला मैच होगा। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा वनडे 3 दिसंबर 2025 को रायपुर और तीसरा वनडे 6 दिसंबर 2025 को विशाखापट्टनम में खेला जाएगा। जेएससीए के एक अधिकारी के अनुसार, जनवरी 2026 में न्यूजीलैंड टीम भारत दौरे पर आएगी। ऐसे में संभावना है कि रांची को उस सीरीज में भी एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मुकाबले की मेजबानी का मौका मिले।

#### धार्मिक आयोजनों में...

चाहे मरांग बुरु की आराधना हो या मां दुर्गा की, या फिर ईद हो या क्रिसमस, सभी में मुख्यमंत्री समर्पण और उत्साह के साथ शामिल होते हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बाहा पर्व के अवसर पर पूजा-अर्चना कर राज्य की समृद्धि और कल्याण की कामना करते हैं। शारदीय नवरात्र पर मुख्यमंत्री सोरेन रांची के विभिन्न पूजा पंडाल के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी लोगों को नवरात्र की बधाई और शुभकामनाएं दीं।



# पाकिस्तान का प्रस्ताव : अमेरिका बलूचिस्तान के पसनी में पोर्ट बनाए

## इससे खनिजों तक पहुंच आसान होगी, चीन के ग्वादर पोर्ट से सिर्फ 112 किमी दूर

**एजेंसी । इस्लामाबाद**

पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर के सलाहकारों ने अमेरिका से बलूचिस्तान में एक पोर्ट डेवलप करने का प्रस्ताव शेयर किया है। रॉयटर्स न्यूज एजेंसी के मुताबिक, पाकिस्तान चाहता है कि अमेरिकी निवेशक बलूचिस्तान के पसनी शहर में अरब सागर के किनारे एक नया पोर्ट डेवलप करके चलाएं। प्रस्ताव में साफ कहा गया है कि यह बंदरगाह सिर्फ व्यापार और खनिजों के लिए है। अमेरिका को यहां सैन्य बेस बनाने की इजाजत नहीं होगी। पासनी, ग्वादर पोर्ट (चीन का बंदरगाह) से सिर्फ 112 किमी दूर है। यह बंदरगाह अमेरिका को पाकिस्तान के महत्वपूर्ण खनिजों जैसे तांबा और एंटीमनी तक आसान पहुंच देगा।

**11 हजार करोड़ की लागत से रेल लाइन बिछेगी :** इस प्रस्ताव के तहत एक नई रेल लाइन भी बनेगी जो इस बंदरगाह को पश्चिमी प्रांतों से जोड़ेगी। इसकी लागत करीब 1.2 अरब डॉलर (11 हजार करोड़ रुपए) हो सकती है। अमेरिकी विदेश विभाग, व्हाइट हाउस या पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने अभी तक इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।



बलूचिस्तान के पसनी शहर की तस्वीर। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान ने यहीं अमेरिका को पोर्ट बनाने का प्रस्ताव दिया है।

### मुनीर ने ट्रंप को रेल मिनरल्स का ब्रीफकेस दिखाया था

यह प्रस्ताव सितंबर में पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ, आसिम मुनीर और ट्रंप की बैठक के बाद दिया गया है। व्हाइट हाउस में हुई इस बैठक में शरीफ ने ट्रंप से पाकिस्तान के एग्रीकल्चर, तकनीक, माइनिंग और एनर्जी प्रोजेक्ट में इन्वेस्ट करने की अपील की थी। मुलाकात के दौरान सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने ट्रंप से पाकिस्तान के रेयर अर्थ मिनरल्स से भरा एक ब्रीफकेस भी दिखाया था।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद मजबूत हुए पाकिस्तान-अमेरिकी रिश्ते

इसी साल मई में भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान और अमेरिका के रिश्तों में काफी मजबूत हुए हैं। ट्रंप ने 10 मई को दोनों देशों के बीच सीजफायर कराने का दावा किया था, पाकिस्तान ने इस दावे का सपोर्ट किया और ट्रंप को नोबेल के लिए नॉमिनेट भी किया। वहीं, जून में पाकिस्तान सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने ट्रंप से सीक्रेट मुलाकात की थी। इसके बाद सितंबर में शहबाज शरीफ और मुनीर ने व्हाइट हाउस में ट्रंप के साथ बैठक की थी।

### जो जांच करते हैं, उनकी भी जांच हो...

# दिल्ली पुलिस कमिश्नर रहे नीरज कुमार पर होगी एफआईआर, एससी ने दिया आदेश

**एजेंसी । नई दिल्ली**



## न्यायालय ने कहा, सालों तक जांच न होना न्याय का उपहास

- दिल्ली उच्च न्यायालय के 2006 के आदेशों को चुनौती दी गई थी
- सुप्रीम कोर्ट ने इसे गंभीर आरोपों की लंबी अनदेखी कर न्याय का उपहास बताया

दिल्ली के पूर्व पुलिस आयुक्त नीरज कुमार और पूर्व सहायक पुलिस आयुक्त विनोद पांडे पर 20 साल से भी ज़्यादा पुराने एक मामले में मामला दर्ज किया गया है, जिसमें दस्तावेज़ों से छेड़छाड़ और आपराधिक धमकी के आरोप शामिल हैं। यह मामला 2001 की एक घटना से जुड़ा है, जब कुमार सीबीआई में संयुक्त निदेशक और पांडे केंद्रीय एजेंसी में निरीक्षक के रूप में कार्यरत थे। यह मामला उन दावों के इर्द-गिर्द घूमता है कि जाँच के दौरान दस्तावेज़ों से छेड़छाड़ की गई थी। यह मामला सुप्रीम कोर्ट द्वारा 10 सितंबर को दिल्ली पुलिस के पूर्व अधिकारियों के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखने के बाद आया है। सुप्रीम कोर्ट का यह हस्तक्षेप आरोपियों द्वारा दायर चार अपीलों को खारिज करने के बाद आया, जिनमें दिल्ली उच्च न्यायालय के 2006 के आदेशों को चुनौती दी गई थी, जिनमें प्राथमिकी दर्ज करने और आपराधिक अवमानना कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया था। न्यायालय ने इसे न्याय का उपहास बताया कि गंभीर आरोपों की दो दशकों से भी अधिक समय तक जाँच नहीं हुई। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद दिल्ली अपराध शाखा ने नीरज कुमार और पांडे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। इन आरोपों में व्यवसायी विजय कुमार अग्रवाल और उनके सहयोगियों पर की गई सीबीआई जाँच के दौरान कथित तौर पर सबूतों से छेड़छाड़, पद का दुरुपयोग और धमकाने का आरोप शामिल है।

विजय अग्रवाल के एकाउंटेंट शीश राम सैनी का आरोप है कि 1999-2000 में उनके नारायणा कार्यालय पर छापेमारी के दौरान, पांडे और अन्य ने बिना किसी कानूनी दस्तावेज़ के कंपनी के रिकॉर्ड ज़ब्त कर लिए। उनका दावा है कि बाद में अधिकारियों ने ज़ब्ती ज्ञापनों में हेराफेरी की, तारीखें बदल दीं और सरकारी रिकॉर्ड में हेराफेरी की, जिससे सैनी को दबाव में आकर फर्जी कागज़ों पर हस्ताक्षर करने पड़े। आईपीसी की धारा 166, 218, 463, 465, 469 और 120बी के तहत आरोप लगाए गए हैं, जिनमें सरकारी पद का दुरुपयोग, रिकॉर्ड में हेराफेरी, जालसाजी और आपराधिक षडयंत्र शामिल हैं।

### शुरू हुआ 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार' अभियान

# खोई हुई संपत्ति वापस दिलाने की मुहिम, लेकिन रियल एस्टेट के फंसे करोड़ों पर सवाल

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुजरात के गांधीनगर से 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार' नामक राष्ट्रव्यापी अभियान की औपचारिक शुरुआत की। यह तीन महीने (अक्टूबर से दिसंबर 2025) तक चलने वाला जागरूकता अभियान अनक्लेम्ड फाइनेंशियल एसेट्स—जैसे पुराने बैंक खाते, बीमा क्लेम, शेयर डिविडेंड और म्यूचुअल फंड्स—को आम नागरिकों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखता है। वित्त मंत्री के अनुसार, बैंकों, नियामकों और अन्य संस्थानों में कुल 1.84 लाख करोड़ रुपये की संपत्तियां फंसी पड़ी हैं, जो लाखों परिवारों की मेहनत की कमाई का हिस्सा हैं। लेकिन यह अभियान उठाता है कई सवालः इतनी बड़ी रकम पहले क्यों फंसी रही? अब अचानक कार्रवाई क्यों? और सबसे बड़ा प्रश्न—रियल एस्टेट बिल्डरों के पास फंसे 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश को वापस दिलाने के लिए सरकार की ठोस रणनीति कहां है? यह रिपोर्ट इन सवालों का गहन विश्लेषण करती है, अभियान के इतिहास, चुनौतियों और रियल एस्टेट की समानांतर समस्या को जोड़ते हुए एक समग्र चित्र प्रस्तुत करती है। हम देखेंगे कि कैसे वित्तीय समावेशन की यह मुहिम आर्थिक न्याय की दिशा में एक कदम है, लेकिन व्यापक सुधारों की कमी इसे सीमित बनाती है। रिपोर्ट के आंकड़े भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (एसईबीआई), इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी (आईआरडीएआई) और हालिया सरकारी डेटा पर आधारित हैं। हम अनक्लेम्ड एसेट्स के ऐतिहासिक संदर्भ, विलंब के कारणों, वर्तमान कार्रवाई के पीछे की प्रेरणा और रियल एस्टेट के फंसे फंड्स की तुलना पर चर्चा करेंगे। कुल मिलाकर, यह 2500 शब्दों (लगभग) की गहन रिपोर्ट है, जो नीति-निर्माताओं, निवेशकों और आम नागरिकों के लिए उपयोगी साबित होगी।

आरबीआई के अनुसार, 2016 तक अनक्लेम्ड डिपॉजिट्स मात्र 25,000 करोड़ रुपये थे, जो 2025 तक 75,000 करोड़ रुपये से अधिक हो चुके हैं। कुल अनक्लेम्ड एसेट्स 1.84 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गए हैं, जिसमें 67,000 करोड़ बैंक डिपॉजिट्स, 19,000 करोड़ शेयर और डिविडेंड, तथा हजारों करोड़ बीमा क्लेम शामिल हैं। सवाल है कि क्यों पहले नहीं किया गया? विलंब के कई कारण हैं। पहला, नियामक ढांचे की कमीः 2016 से पहले, अनक्लेम्ड फंड्स को इन्वेस्टर एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फंड में ट्रांसफर करने का कोई एकीकृत कानून नहीं था। कंपनियों एक्ट 2013 ने इन्वेस्टर एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फंड की स्थापना की, लेकिन कार्यान्वयन धीमा रहा। दूसरा, डेटा साइलोः आरबीआई, एसईबीआई और आईआरडीएआई अलग-अलग काम करते थे, कोई सेंट्रलाइज्ड डेटाबेस नहीं। तीसरा, जागरूकता की कमीः ग्रामीण और बुजुर्ग नागरिकों तक पहुंच नहीं। चौथा, कोविड-19 महामारीः 2020-2022 के बीच लाखों मौतों से वारिसों को क्लेम करने में कठिनाई हुई। उदाहरणस्वरूप, एसबीआई में 29% अनक्लेम्ड डिपॉजिट्स हैं, लेकिन 10 साल पुराने निष्क्रिय खातों की पहचान में देरी हुई। सरकार ने छोटे-मोटे प्रयास किए, लेकिन वे अपर्याप्त थे। 2016 में इन्वेस्टर एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फंड अथारिटी की स्थापना हुई, जिसने शेयर डिविडेंड ट्रांसफर को विनियमित किया। 2023 में आरबीआई ने उद्‌गम पोर्टल लॉन्च किया, जो अनक्लेम्ड डिपॉजिट्स ट्रेस करने में मदद करता है।



कैसे मिलेगा फायदा? अभियान वित्त मंत्रालय के फाइनेंशियल सर्विसेज डिपार्टमेंट द्वारा संचालित है, जिसमें आरबीआई, आईआरडीएआई, एसईबीआई और इन्वेस्टर एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फंड अथारिटी साझेदार हैं। प्रमुख कदमःट्रेसिंग टूल्सः उद्‌गम पोर्टल (से बैंक डिपॉजिट चेक करें। SIIP (IRDAI) से बीमा, SCORES (SEBI) से शेयर, IEPFA से फंड ट्रांसफर। एक नया सेंट्रलाइज्ड पोर्टल लॉन्च होगा।अब सवाल है कि रियल एस्टेट बिल्डरों के पास फंसे 10 लाख करोड़ रूपए, 2025 के आंकड़ों के अनुसार, 44 शहरों में 5 लाख से अधिक घर स्टॉल्ड हैं, जिनमें 4.32 लाख यूनिट्स में 10.8 लाख करोड़ रुपये फंसे हैं। औसत टिकट साइज 2.5 करोड़ प्रति यूनिट मानें, तो 'कैरी कॉस्ट' (ब्याज और अवसर लागत) इसे दोगुना कर देता है। मुंबई-एनसीआर में अकेले 3.6 लाख करोड़ रुपये फंसे हैं। कारणः बिल्डरों की मिसमैनेजमेंट, फंड डायवर्शन, पर्यावरण मंजूरी में देरी (2 साल तक)।सरकार की प्रतिक्रियाः ठोस, लेकिन अपर्याप्त? रियल एस्टेट रेगुलेशन एक्ट 2016 से बिल्डरों पर सख्ती हैः प्रोजेक्ट रजिस्ट्रेशन अनिवार्य, देरी पर MCLR+2% ब्याज कंपेंसेशन। 2025 अपडेट्स में पेनल्टी बढ़ी—ब्लैकलिस्टिंग, जेल। लेकिन कार्यान्वयन कमजोरः मात्र 20% शिकायतें सुलझीं। SWAMIH फंड (2019) ने 1 लाख घर पूरे किए, लेकिन 2025 बजट में SWAMIH 2.0 (15,000 करोड़) लॉन्च हुआ, जो अतिरिक्त 1 लाख यूनिट्स पूरे करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने सितंबर 2025 में आदेश दियाः सरकार स्टॉल्ड प्रोजेक्ट्स में फंड इन्फ्यूज करे, बायर्स को प्रोटेक्ट करे। एक रिवाइवल फंड की सिफारिश की गई, जो 1 लाख करोड़ का RDI फंड हो सकता है।फिर भी, अंतर क्यों? अनक्लेम्ड एसेट्स सरकारी संस्थानों में हैं, जहां ट्रेसिंग आसान। रियल एस्टेट निजी क्षेत्र है, कानूनी जटिलताएं अधिक। लेकिन सवाल वैधः क्यों अलग-अलग अभियान? एकीकृत 'आपकी पूंजी' फ्रेमवर्क में RERA को शामिल क्यों नहीं? विशेषज्ञों का मानना है कि राजनीतिक दबाव (बायर्स वोट बैंक) और CREDAI लॉबी के कारण देरी।चुनौतियाँ और सुझावः अभियान की सफलता के लिएः ग्रामीण पहुंच बढ़ाएं, AI-बेस्ड ट्रेसिंग। रियल एस्टेट के लिएः SC के रिवाइवल फंड को तुरंत लागू करें, बायर्स को प्राथमिकता। कुल मिलाकर, यह अभियान सकारात्मक है, लेकिन व्यापक 'संपत्ति पुनर्प्राप्ति कानून' की जरूरत। 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार' अच्छी पहल है , पर विलंब के बाद आया। लेकिन रियल एस्टेट के फंसे करोड़ों को अनदेखा करना अन्याय है। सरकार को एकीकृत दृष्टिकोण अपनाना चाहिए, ताकि हर नागरिक की पूंजी सुरक्षित हो। यदि इसमें रियल एस्टेट के बी मामले जोड़ लिये जाएं तो यह मुहिम न केवल धन लौटाएगी, बल्कि विश्वास भी।

## नीरव मोदी बोला- भारतीय जांच एजेंसियां टॉर्चर करेंगी

**नई दिल्ली ।** पंजाब नेशनल बैंक से धोखाधड़ी का आरोपी भगोड़ा हीरा कारोबारी नीरव मोदी ने कहा है कि अगर उसे भारत भेजा गया तो जांच एजेंसियां पूछताछ के दौरान टॉर्चर करेंगी। इसको लेकर उसने लंदन की वेस्टमिंस्टर कोर्ट में प्रत्यर्पण केस पर फिर से सुनवाई की मांग की है, जो 23 नवंबर को हो सकती है। हालांकि, मामले से जुड़े एक अधिकारी ने कहा, 'हमने इस मामले में चार्जशीट दाखिल कर दी है। अभी उससे पूछताछ की जरूरत नहीं है। हमारी जांच लगभग पूरी हो चुकी है। उसे सिर्फ मुकदमे का सामना करना है। अगर यूके की अदालत पूछेगी तो हम फिर से भरोसा दे सकते हैं कि भारत लाने पर उससे कोई पूछताछ नहीं होगी। हम पहले भी ऐसा भरोसा दे चुके हैं। नीरव पर पंजाब नेशनल बैंक से फर्जी तरीके से 6,498 करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम हड़पने का आरोप है।



- प्रत्यर्पण केस को फिर से ओपन करने के लिए लंदन की कोर्ट में याचिका लगाई

## पाकिस्तान सरकार ने प्रदर्शनकारियों की 21 मांगें मानी, हिंसा में 10 मौतें, 100 घायल

**एजेंसी । इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 5 दिनों से चल रहे हिंसक प्रदर्शन शनिवार को खत्म हो गए। पाकिस्तान सरकार और जम्मू कश्मीर जॉइंट आवामी एक्शन कमेटी के बीच समझौता हो गया। सरकार ने प्रदर्शनकारियों की 38 में से 21 मांगे मान ली हैं, जिसके बाद सभी विरोध-प्रदर्शन बंद करने का ऐलान किया गया। इन प्रदर्शनों में 10 लोग मारे गए, जबकि 100 से ज्यादा घायल हुए। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हालात बिगड़ने पर बुधवार को PoK की राजधानी मुजफ्फराबाद में एक प्रतिनिधिमंडल भेजा था। इसमें पूर्व प्रधानमंत्री रजा परवेज अशरफ भी शामिल थे।

### समझौते की मुख्य बातें

- **कैबिनेट छोटी होगी :** पीओके की सरकार में अब 20 से ज्यादा मंत्री नहीं होंगे।
- **विभागों का विलय :** कुछ सरकारी विभागों को मिलाकर कम किया जाएगा।
- **नीलम वैली में सुरंगें :** दो नई सुरंगों के लिए अध्ययन शुरू होगा।
- **मीरपुर में हवाई अड्डा :** इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाने की योजना।
- **शिक्षा बोर्ड बढ़ाएंगे :** स्कूल बोर्ड बनाए जाएंगे ताकि शिक्षा बेहतर हो।
- **एमआरई-सीटी मशीनें :** हर जिले के अस्पताल में एमआरई और सीटी स्कैन मशीनें लगेंगी।
- **हेल्थ कार्ड :** 15 दिनों में सभी को हेल्थ कार्ड मिलेगा।
- **बिजली के लिए पैसा :** बिजली सिस्टम सुधारने के लिए 10 अरब पाकिस्तानी रुपए दिए जाएंगे।

# ट्विंकल खन्ना ने साझा किया ऋषि कपूर से जुड़ा मजेदार किस्सा..

## सुनकर हैरान रह गईं आलिया भट्ट

कहानी फिल्म जगत की

ट्विंकल खन्ना ने हाल ही में अपने टॉक शो 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' के एक एपिसोड में दिवंगत दिग्गज अभिनेता ऋषि कपूर से जुड़ा एक अजीबोगरीब लेकिन हल्का-फुल्का किस्सा साझा किया है, जिसने इंटरनेट पर सुर्खियां बटोरी हैं। इस एपिसोड में आलिया भट्ट और वरुण धवन विशेष अतिथि थे। ट्विंकल ने खुलासा किया कि सालों पहले ऋषि कपूर के एक मासूम से जन्मदिन के ट्वीट के कारण सोशल मीडिया यूजर्स ने यह मान लिया था कि वह उनकी नाजायज बेटी हैं। यह गलतफहमी कपूर के एक अजीबोगरीब मैसेज से पैदा हुई, जिसमें उन्होंने ट्विंकल की मां डिंपल कपाड़िया के साथ उनकी गर्भावस्था के दौरान फिल्मांकन की यादें ताजा की थीं। ट्विंकल ने मजाकिया लहजे में याद करते हुए कहा, 'मैं आलिया के ससुर (ऋषि कपूर) की वजह से लगभग कपूर बन ही गई थी। मेरे जन्मदिन पर, उन्होंने बड़ी उदारता से ट्वीट किया, 'ओह, तुम्हें पता है... जब तुम अपनी मां के पेट में थीं, तो मैंने उनके लिए गीत गाए थे।' और इसलिए, सभी को लगा कि मैं उनकी नाजायज बेटी हूं। इस मजाकिया गलतफहमी ने इंटरनेट पर तेजी से तूल पकड़ा, जिसके बाद ऋषि कपूर को खुद आगे आकर सफाई देनी पड़ी। बाद में उन्होंने माफी मांगते हुए ट्वीट किया और पूरा मामला समझायाः 'जन्मदिन मुबारक हो।

